आत्मा धर्माश्चोपचर्यन्त इति आत्मधर्मोपचार। आत्मा जीवो जन्तु, स्कन्धा धातव आयतनानि धर्मा। परिणामो नाम अन्यथात्वम्। कारणक्षणनिरोधसमकाल कारणक्षणविलक्षण कार्यस्यात्मलाभ परिणाम। तत्रात्मादिविकल्पवासनापरिपोषाद् रूपादिविकल्पवासनापरिपोषात् चालयविज्ञानात् आत्मादिनिर्भासो विकल्पो रूपादिनिर्भासश्चोत्पद्यते। तमात्मादिनिर्भास रूपादिनिर्भास च तस्माद् विकल्पाद् बहिर्भूतमिवोपादाय आत्माद्युपचारो रूपादिधर्मोपचारश्च अनादिकालिक प्रवर्तते विनापि बाह्येनात्मना धर्मैश्च। यच्च यत्र नास्ति तत् तत्रोपचर्यते। यथा वाहीके गौ। एव विज्ञानस्वरूपे बहिश्चात्मधर्माभावात् परिकल्पित एवात्मा धर्माश्च न तु परमार्थत सन्तीति विज्ञानवद् विज्ञेयमपि द्रव्यत एवेति अयमेकान्तवादो नाभ्युपेय। उपचारस्य च निराधारस्याऽसभवात् अवश्य विज्ञानपरिणामोऽस्तीत्युपगन्तव्यो यत्रात्मधर्मोपचार प्रवर्तते। अतश्चायमुपगमो न युक्तिक्षमो विज्ञानमपि विज्ञेयवद् सवृतित एव न परमार्थत इति। संवृतितोऽप्यमानप्रसङ्गात्। न हि सवृतिर्निरुपादाना युज्यते। तस्मादयमेकान्तवादो द्विप्रकारोऽपि निर्युक्तिकत्वात् त्याज्य इत्याचार्यवचनम्।

विनैव बाह्येनार्थेन विज्ञान सञ्चिताकारमुत्पद्यते। परमाणवो नैवालम्बनम्। यदि च परमाणव एव परस्परापेक्षया विज्ञानस्य विषयीभवन्ति, एवं च सति योय घटकुड्याद्याकारभेदो विज्ञाने स न स्यात् परमाणूनां अतदाकारत्वात्। न च अन्यनिर्भासस्य विज्ञानस्यान्याकारो विषयो युज्यते अतिप्रसगात्। न च परमाणव परमार्थत सन्ति, अर्वाङ्मध्यपरभागसद्भावात्। एव बाह्यार्थाभावात् विज्ञानमेवार्थाकारमुत्पद्यते स्वप्नविज्ञानवदित्यभ्युपेयम्।

सर्वसाक्लेशिककर्मबीजस्थानत्वात् आलय। आलय स्थानम्। अथवाऽऽलीयन्ते उपनिबध्यन्तेऽस्मिन् सर्वधर्मा कार्यभावेन। यद्वाऽऽलीयते उपनिबध्यते कारणभावेन सर्वधर्मेष्वित्यालय। विजानातीति विज्ञानम्। सर्वधातुगतियोनिजातिषु कुशलाकुशलकर्मविपाकत्वात् विपा-

कः । सर्वधर्मबीजाश्रयत्वात् सर्वबीजकम् । सदा स्पर्श-मनस्कार-वेदना-संज्ञा-चेतनाख्यैः पञ्चभिः सर्वत्रगैर्धर्मैरन्वितम् । न हि तदेक-मभिन्नमासंसारमनुवर्तते, क्षणिकत्वात् । किं तर्हि ? तच्च वर्तते स्रोतसौघवत् । स्रोतो हेतुफलयोर्नैरन्तर्येण प्रवृत्तिः । उदकसमूहस्य पूर्वापरभागाविच्छेदेन प्रवाह ओघ इत्युच्यते । यथा ह्योघ उदकतृणगोमयादीनाक-र्षयन् गच्छति एवमालयविज्ञानमपि पुण्यापुण्यकर्मवासनानुगतं स्पर्शमन-स्कारादीनाकर्षयत् स्रोतसा संसारमनुपरतं प्रवर्तत इति । तस्य व्यावृत्तिरर्हत्वे । तत्क्षयज्ञानानुत्पादज्ञानलाभात् अर्हन् इत्युच्यते । तस्यां अव-स्थायां आलयविज्ञानाश्रितदौष्ठुल्यनिरवशेषप्रहाणात् आलयविज्ञानं व्यावृत्तं भवति । सैव चार्हदवस्था ।

संसारनिवृत्तिरप्यालयविज्ञानेऽसति न युज्यते । संसारस्य हि कर्म-क्लेशाश्च कारणम् । अतस्तेषु क्षीणेषु संसारो विनिवर्तते नान्यथा । न चालयविज्ञानमन्तरेण तत्क्षयो युज्यते ।

येन येन विकल्पेन यद् यद् वस्तु विकल्प्यते आध्यात्मिकं बाह्यं अन्ततो यावद् बुद्धधर्मा अपि परिकल्पित एवासौ स्वभावः । न स विद्यते सत्त्वाभावात् । तस्मात् सर्वमिदं विकल्पमात्रमेव तद्वस्तु परिकल्पितत्व-स्वात् । परिकल्प इत्याद्याध्यात्मिकबाह्यत्वभेदभिन्नास्वेवानुपलब्धिवचैत्त इति ।

परैर्हेतुप्रत्ययैस्तन्त्र्यते इति परतन्त्रः उत्पद्यते इत्यर्थः । तस्योऽन्यो

शुभस्यप्रतिपक्षास्रवाम ।

अविकारपरिनिष्पत्त्या परिनिष्पन्नः । तस्येति परतन्त्रस्य पूर्वेणेति । परिकल्पितेन ग्राह्यग्राहकरूपेण सर्वकालं अत्यन्तरहितता या स परिनिष्प-न्नस्वभावः । यदि हि परिनिष्पन्नः परतन्त्रात् अन्यः स्यात् एवं च परि-कल्पितेन परतन्त्रः शून्यः स्यात् । अथाऽनन्य एवमपि परिनिष्पन्नो न विशुद्ध्यालम्बनं स्यात् परतन्त्रवत् संक्लेशात्मकत्वात् । एवं परतन्त्रश्च न संक्लेशात्मकः स्यात् परिनिष्पन्नवत् । परिनिष्पन्ने अदृष्टे तदाश्रय-पृष्ठलब्धज्ञानगम्यत्वात् परतन्त्रो न दृश्यते । परिनिष्पन्नस्याधिगमात्पश्चात् लब्धं ज्ञानम् । निर्विकल्पेन ज्ञानेनाकाशसमतायां सर्वधर्मान् पश्यतीति परतन्त्रधर्माणां तथतायामवस्थानात् ।

प्रथमः परिकल्पितः स्वभावो लक्षणेनैव निःस्वभावः । स्वरूपाभावात्

खपुष्पवत् । अपर परतन्त्रस्वभाव न स्वय भाव । एतस्य मायावत् परप्रत्ययेनोत्पत्ते । अतोऽस्य उत्पत्तिनि स्वभावता । परम हि लोकोत्तर ज्ञान निरुत्तरत्वात् तस्यार्थ परमार्थ । अथ वा आकाशवत् सर्वत्रैक-रसार्थेन वैमल्याविकारार्थेन च परिनिष्पन्न स्वभाव परमार्थ उच्यते। स सर्वधर्माणा परतन्त्रात्मकाना परमार्थ तद्धर्मतेति कृत्वा । तस्मात् परिनिष्पन्न एव स्वभाव परमार्थनि स्वभावता । सर्वकाल तथैव भवति नान्यथेति तथतेत्युच्यते । सैव विज्ञप्तिमात्रता ।

यावदद्वयलक्षणे विज्ञप्तिमात्रे योगिनश्चित्त न प्रतिष्ठित भवेति तावद् ग्राह्यग्राहकानुशयो न प्रहीयते । य पुनराभिमानिक श्रुतमात्रकेण जानी यादह विज्ञप्तिमात्रताया शुद्धाया स्थित इति तद्ग्रहव्युदासार्थमाह— 'विज्ञप्तिमात्रमेवेदमित्यपि ह्युपलभत' इति । ग्राह्याभावे ग्राहकाभावमपि प्रतिपद्यते, न केवल ग्राह्याभावम् । एव हि निर्विकल्प लोकोत्तर ज्ञान-मुत्पद्यते ग्राह्यग्राहकाभिनिवेशानुशया प्रहीयन्ते स्वचित्तधर्मतायां च चित्तमेव स्थित भवति । यथोक्तम्—

'नोपलंभ यदा धातु स्पृशते भावनान्वयात् ।
सर्वावरणनिर्मोक्ष विभुत्व लभते तदा ॥' इति ।

(अय च विज्ञप्तिमात्रधातु) ग्राह्यार्थानुपलभात् ग्राहकचित्ता-भावात् अचित्त । लोके समुदाचाराभावात् अनुपलभ । निर्वि-कल्पत्वात् लोकोत्तर ज्ञानम् । आश्रयोऽत्र सर्वबीजकमालयविज्ञानम् । तस्याश्रयस्य परावृत्ति क्लेशज्ञेयावरणदौष्ठुल्यहानित । द्विधा आवरण-भेदेन सोत्तरा निरुत्तरा च । निर्दौष्ठुल्यत्वात् स तु आस्रवविगत इत्य-नास्रव । आर्यधर्महेतुत्वात् धातु । अचिन्त्यस्तर्काऽगोचरत्वात् प्रत्यात्म-वेद्यत्वात् । कुशलो विशुद्धालम्बनत्वात् क्षेमत्वात् अनास्रवधर्ममयत्वात् च । ध्रुवो नित्यत्वात् अक्षयतया । सुखो नित्यत्वादेव यदनित्य तद् दुःख अय च नित्य इत्यस्मात् सुख । क्लेशावरणप्रहाणात् विमुक्तिकाय । स एव आश्रयपरावृत्तिलक्षणो धर्माख्योऽप्युच्यते क्लेशज्ञेयावरणप्रहाणात् । महामुनेर्धर्मकाय इत्युच्यते । ससारपरित्यागात् यत् अनुपसक्लेशत्वात सर्वधर्मविभुत्वलाभतश्च धर्मकाय । परममौनेययोगाद् बुद्धो भगवान् महामुनि ।

धर्मकीर्तिः

(१)

न्यायबिन्दुः

सम्यग् ज्ञानपूर्विका सर्वपुरुषार्थसिद्धिरिति तद् व्युत्पाद्यते। द्विविध सम्यग्ज्ञानम्। प्रत्यक्षमनुमान च। तत्र प्रत्यक्ष कल्पनापोढमभ्रान्तम्। अभिलापसमर्गयोग्यप्रतिभासप्रतीति कल्पना।

(प्रत्यक्षस्य) विषय स्वलक्षणम्। यस्यार्थस्य सनिधानासनिधानाभ्या ज्ञानप्रतिभासभेदस्तत स्वलक्षणम्। तदेव परमार्थसत्। अर्थक्रियासामर्थ्यलक्षणत्वाद् वस्तुन। अन्यत् सामान्यलक्षणम्। तदनुमानस्य विषय।

अनुमान द्विधा। स्वार्थं परार्थं च। तत्र स्वार्थं त्रिरूपात् लिंगात् यदनुमेये ज्ञान तदनुमानम्। त्रैरूप्य पुनर्लिङ्गस्यानुमेये सत्वमेव, सपक्षे सत्व, विपक्षे चासत्यम्। त्रिरूपलिंगाख्यान परार्थानुमानम्।

(२)

प्रमाणवार्तिकम्

विधूतकल्पनाजालगम्भीरोदारमूर्तये।
नम समन्तभद्राय समन्तस्फुरणत्विषे ॥ १, १
संसृज्यन्ते न भिद्यन्ते स्वतोऽर्था पारमार्थिका'।
रूपमेकमनेक च तेषु बुद्धेरुपप्लवः ॥ १, ८८
शब्दा सकेतित प्राहु र्व्यवहाराय स स्मृत।
तदा स्वलक्षण नास्ति सकेतस्तेन तत्र न ॥ १, ९२
शब्दाश्च बुद्धयश्चैव वस्तुन्येषामसभवात्।
एकत्वाद् वस्तुरूपस्य भिन्नरूपा मति कुत ॥ १, १३६
स पारमार्थिको भावो य एवार्थक्रियाक्षम ॥ १, १६७
सर्वासा दोषजातीना जाति' सत्कायदर्शनात्।
साऽविद्या तत्र तत्स्नेहस्तस्माद् द्वेषादिसम्भव' ॥ १, २२४
अपौरुषेयतापीष्टा कर्तॄणामस्मृते किल।

सम्यक्स्वाप्यनुपश्यन्न इति चिन्ता व्यापकं तमः ॥ १ १४१
यस्य प्रमाणसंवादि वचनं तत्कृतं वचः ।
स आगम इति प्राप्तं निरर्थाऽपौरुषेयता ॥ १, २१०
हेयोपादेयतत्त्वस्य साभ्युपायस्य वेदकः ।
यः प्रमाणमसाविष्टो न तु सर्वस्य वेदकः ॥ २, ३२
दूरं पश्यतु वा मा वा तत्त्वमिष्टं तु पश्यतु ।
प्रमाणं दूरदर्शी चेदेहि गृध्रानुपास्महे ॥ २, ३३
अनित्यत्वेन योऽवाच्यः स हेतुर्न हि कस्यचित् ।
नित्यं तमाहुर्विद्वांसो यः स्वभावो न नश्यति ॥ २ २०४
अर्थक्रियासमर्थं यत् तदत्र परमार्थसत् ।
अन्यत् संवृतिसत् प्रोक्तं ते स्वसामान्यलक्षणे ॥ ३, ३
इदं वस्तुबलायातं यद् वदन्ति विपश्चितः ।
यथा यथार्थाश्चिन्त्यन्ते विशीर्यन्ते तथा तथा ॥ ३ २०९
हेतुभावादृते नान्या ग्राह्यता नाम काचन ।
तत्र बुद्धिर्यदाकारा तस्यास्तद् ग्राह्यमुच्यते ॥ ३, २२४
न ग्राह्यग्राहकाकारबाह्यमस्ति च लक्षणम् ।
अतो लक्षणशून्यत्वान् निःस्वभावाः प्रकाशिताः ॥ ३ २१५
तत्रैकस्याप्यभावेन द्वयमप्यवहीयते ।
तस्मात् तदेव तस्यापि तत्त्वं या द्वयशून्यता ॥ ३ २१३
तदुपेक्षिततत्त्वार्थैः कृत्वा गजनिमीलनम् ।
केवलं लोकबुद्ध्यैव बाह्यचिन्ता प्रतन्यते ॥ ३ २१९
प्रागुक्तं योगिनां ज्ञानं तेषां तद्भावनामयम् ।
विधूतकल्पनाजालं स्पष्टमेवावभासते ॥ ३ २८१
अविभागोऽपि बुद्ध्यात्मा विपर्यासितदर्शनैः ।
ग्राह्यग्राहकसंवित्तिभेदवानिव लक्ष्यते ॥ ३ ३५४
मन्त्राद्युपप्लुताक्षाणां यथा मृच्छकलादयः ।
अन्यथैवावभासन्ते तद्रूपरहिता अपि ॥ ३, ३५५
येनेयं सर्वचिन्तासु शब्दं प्रामाण्यमिति स्थितिः ।
कृतेदानीमसिद्धान्तैर्मतो मूलेन गम्यताम् ॥ ४ ५२

अनध्यवसितावगाहनमनल्पधीशक्तिना-
प्यदृष्टपरमार्थसारमधिकाभियोगैरपि ।
मत मम जगत्यलब्धसदृशप्रतिग्राहक'
प्रयास्यति पयोनिधेः पय इव स्वदेहे जराम् ॥ ४, २८६

शान्तरक्षितः

तत्त्वसङ्ग्रहः

प्रकृतीशोभयात्मादिव्यापाररहितं चलम् ।
कर्म तत्फलसम्बन्धव्यवस्थादिसमाश्रयम् ॥ १
गुणद्रव्यक्रियाजातिसमवायाद्युपाधिभि' ।
शून्यमारोपिताकारशब्दप्रत्ययगोचरम् ॥ २
स्पष्टलक्षणसयुक्तप्रमाद्वितयनिश्चितम् ।
अणीयसापि नाशेन मिश्रीभूतापरात्मकम् ॥ ३
असक्रान्तिमनाद्यन्त प्रतिबिम्बादिसन्निभम् ।
सर्वप्रपञ्चसन्दोहनिर्मुक्तमगत परै ॥ ४
स्वतन्त्र श्रुतिनि सगो जगद्धितविधित्सया ।
अनल्पकल्पासखेयसात्मीभूतमहादय ॥ ५
य प्रतीत्यसमुत्पाद जगाद गदता वर ।
त सर्वज्ञ प्रणम्याय क्रियते तत्त्वसग्रह' ॥ ६
प्रकृतिपरीक्षा अशेषशक्तिप्रचितात् प्रधानादेव केवलात् ।
कार्यभेदा प्रवर्तन्ते तद्रूपा एव भावत' ॥ ७
यदि दध्यादय' सन्ति दुग्धाद्यात्मसु सर्वथा ।
तेषा सता किमुत्पाद्य हेत्वादिसदृशात्मनाम् ॥ १७
अथास्त्यतिशय कश्चिदभिव्यक्त्यादिलक्षण ।
य हेतव प्रकुर्वाणा न यान्ति वचनीयताम् ॥ १८
प्रागासीद्यद्यसावेव न किंचिद् दत्तमुत्तरम् ।
नो चेत् सोऽसत् कथ तेभ्य प्रादुर्भाव समश्नुते ॥ २०
अव्यक्तो व्यक्तिभाक् तेभ्य इति चेद् व्यक्तिरस्य का ।
न रूपातिशयोत्पत्तिरविभागादसगते' ॥ २६

उत्पादो वस्तुभावस्तु सोऽसता न सता तथा ।
सम्बध्यते कल्पितस्य कथं त्वसता धिया ॥ ३२
सिद्धेऽपि त्रिगुणे व्यक्ते न प्रधानं प्रसिध्यति ।
एकं तत्कारणं नित्यं नैकजात्यन्वितं हि तत् ॥ ४१
प्रधानहेत्वभावेऽपि तत सर्वं प्रकल्प्यते ।
शक्ते भेदेन वैचित्र्यं कार्यकारणतादिकम् ॥ ४२

ईश्वरपरीक्षा सर्वोत्पत्तिमतामीशमन्ये हेतुं प्रचक्षते ।
नाचेतनं स्वकार्याणि किल प्रारभते स्वयम् ॥ ४६
किन्तु नित्यैकसर्वज्ञनित्यबुद्धिसमाश्रयः ।
साध्यवैकल्यतोऽव्याप्ते र्न सिद्धिमुपगच्छति ॥ ७२
बुद्धिमत्पूर्वकत्वं च सामान्येन यदीष्यते ।
तत्र नैव विवादो नो वैचित्र्यं हि कर्मजम् ॥ ८०
नेश्वरो जन्मिनां हेतुरुत्पत्तिविकलत्वतः ।
गगनाम्भोजवत् सर्वमन्यथा युगपद् भवेत् ॥ ८७

ब्रह्मपरीक्षा अथाविभागमेवेदं ब्रह्मतत्त्वं सदा स्थितम् ।
अविद्योपप्लवाल्लोको विचित्रं त्वभिमन्यते ॥ १४१
न तत् प्रत्यक्षतः सिद्धमविभागमभासनात् ।
नित्यस्योत्पत्त्ययोगेन कार्यसिद्धिश्च तत्र न ॥ १४७
ज्ञानं ज्ञेयक्रमात् सिद्धं क्रमवत् सर्वमन्यथा ।
यौगपद्येन तत् जन्म विज्ञानमुपपद्यते ॥ १४९
ज्ञानमात्रेऽपि नैवास्य शब्दरूपं तथा परम् ।
भवतीति प्रसक्तोऽस्य कल्पनासमुपागता ॥ १५

पुरुषपरीक्षा अन्ये त्वीश्वरधर्माणं पुरुषं लोककारणम् ।
कल्पयन्ति दुराम्नातसिद्धान्तानुगबुद्धयः ॥ १५३
समस्तवस्तुपर्यायेऽप्यस्तु प्रज्ञानशक्तिमान् ।
कर्मणाम् इयत्तो स हेतुः किल जन्मिनाम् ॥ १५४
अत्रापीश्वरवत् सर्वं वचनीयं निषेधनम् ।
किमर्थं च करोत्येष व्यापारमिममीदृशम् ॥ १५५

विक्रियायाश्च सद्भावे नित्यत्वमवहीयते ।
अन्यथात्व विकारो हि तादवस्थ्ये च तत् कथम् ॥ २९५
प्रतिबिम्बोदयद्वारा चैयमस्योपभोक्तृता ।
न जहाति स्वरूप तु पुरुषोऽय कदाचन ॥ २९७
उच्यते प्रतिबिम्बस्य तादात्म्येन समुद्भवे ।
तदेवोदययोगित्व विभेदे तु न भोक्तृता ॥ २९८
चैतन्ये चात्मशब्दस्य निवेशोऽपि न न क्षति ।
नित्यत्वं तस्य तु साध्यमद्यादे सफलत्वत ॥ ३०५
कर्तु नाम प्रजानाति प्रधान व्यञ्जनादिकम् ।
भोक्तु च न विजानाति किमयुक्तमत परम् ॥ ३००

(घ) जैनमतनिरास जैमिनीया इव प्राहुर्जनाश्चिल्लक्षणं नरम् ।
द्रव्यपर्यायरूपेण व्यावृत्त्यनुगमात्मकम् ॥ ३११
अगीणे चैवमेकत्वे द्रव्यपर्याययो स्थिते ।
व्यावृत्तिमद् भवेद् द्रव्य पर्यायाणा स्वरूपवत् ॥ ३१७
यदि वा तेऽपि पर्याया सर्वेऽप्यनुगमात्मका ।
द्रव्यवत् प्राप्नुवन्त्येषा द्रव्येणैकात्मता स्थिते ॥ ३१८
ततो निरन्वयो ध्वस स्थिर वा सर्वमिष्यताम् ।
एकात्मनि तु नैव स्तो व्यावृत्त्यनुगमाविमौ ॥ ३२१

(ङ) औपनिषदमतनिरास नित्यज्ञानविवर्तोऽय क्षितितेजोजलादिक ।
आत्मा तदात्मकश्चेति सगिरन्तेऽपरे पुन ॥ ३२८
ग्राह्यलक्षणसयुक्त न किंचिदिह विद्यते ।
विज्ञानपरिणामोऽय तस्मात् सर्व समीक्ष्यते ॥ ३२९
तेषामल्पापराध तु दर्शन नित्यतोक्तित ।
रूपशब्दादिविज्ञाने व्यक्त भेदोपलक्षणात् ॥ ३३०
विपर्यस्ताविपर्यस्तज्ञानभेदो न विद्यते ।
एकज्ञानात्मके पुंसि बन्धमोक्षौ तत कथम् ॥ ३३२
तत्त्वज्ञान न चोत्पाद्य तादात्म्यात् सर्वदा स्थिते ।
योगाभ्यासोऽपि तेनायमफल सर्व एव च ॥ ३३५

अनुत्पादात् स एवैवं हेतुत्वेन व्यवस्थित ॥ ४००
अथापि तेन सम्बन्धात् तस्याप्यस्त्येव हेतुता ।
क' सम्बन्धस्तयोरिष्टस्तादात्म्य न विभेदतः ॥ ४०१

न च तस्य तदुत्पत्तिर्यौगपद्यप्रसङ्गत ।
ततश्च यौगपद्येन कार्याणामुदयो भवेत् ॥ ४०२
तत्राप्यन्यव्यपेक्षायामनवस्था प्रसज्यते ।
एकदापि तत' कार्यं नासम्बन्धात् प्रकल्प्यते ॥ ४०३

कर्मफलसम्बन्धपरीक्षा कर्म तत्फलयोरेवमेककर्त्रऽपरिग्रहात् ।
कृतनाशाऽकृतप्राप्तिरासक्ताऽतिविरोधिनी ॥ ४७६

यथा हि नियता शक्तिर्बीजादेरङ्कुरादिषु ।
अन्वयात्मवियोगेऽपि तथैवाध्यात्मिके स्थिति' ॥ ५०२
पारम्पर्येण साक्षाद् वा क्वचित् किंचिद्धि शक्तिमत् ।
तत कर्मफलादीना सम्बन्ध उपपद्यते ॥ ५०३

कर्तृत्वादि व्यवस्था तु सन्तानैक्यविवक्षया ।
कल्पनारोपितैर्वेष्टा नाङ्ग सा तत्त्वसस्थिते ॥ ५०४

तस्मादनष्टात् तद्धेतो प्रथमक्षणभाविन' ।
कार्यमुत्पद्यते शक्ताद् द्वितीयक्षण एव तु ॥ ५१२

विनष्टात् तु भवेत् कार्यं तृतीयादिक्षणे यदि ।
यौगपद्यप्रसङ्गोऽपि प्रथमे यदि तद् भवेत् ॥ ५१४
य आनन्तर्यनियम सैवापेक्षाभिधीयते ।
सत्त्वैव व्यापृतिस्तस्या सत्या कार्योदयो यत ॥ ५२०-५२१

अहीनसत्त्वदृष्टीना क्षणभेदविकल्पना ।

सन्तानैक्याभिमानेन न कथंचित् प्रवर्तते ॥ ५४१
अभिसम्बुद्धतत्त्वास्तु प्रतिक्षणविनाशिनाम् ।
हेतूना नियम बुद्ध्वा आरभन्ते शुभा क्रिया ॥ ५४२
कार्यकारणभूताश्च तत्राऽविद्यादयो मता ।
बन्धस्तद्विगमादिष्टा मुक्तिर्निर्मलता धिय ॥ ५४४

तत्राद्य प्रथमं शब्दैरपोहः प्रतिपाद्यते ।
बाह्यार्थाध्यवसायिन्या बुद्धेः शब्दात् समुद्भवात् ॥ १०११
तद्रूपप्रतिबिम्बस्य धियः शब्दाच्च जन्मनि ।
वाच्यवाचकभावोऽयं जातो हेतुफलात्मकः ॥ १०१२
साक्षादाकार एतस्मिन्नेव च प्रतिपादिते ।
प्रसज्यप्रतिषेधोऽपि सामर्थ्येन प्रतीयते ॥ १०१३
तासां हि बाह्यरूपत्वं कल्पितं तन्न वास्तवम् ।
भेदाभेदौ च तत्त्वेन वस्तुन्येव व्यवस्थितौ ॥ १०४७
नैकात्मतां प्रपद्यन्ते न भिद्यन्ते च खण्डशः ।
स्वलक्षणात्मका अर्था विकल्पः प्लवते त्वसौ ॥ १०४८

अवेद्यबाह्यतत्त्वाऽपि प्रकृष्टोपप्लवादियम् ।
स्वोल्लेखं बाह्यरूपेण शब्दधीरध्यवस्यति ॥ १०६६
एतावत् क्रियते शब्दैर्नार्थं शब्दाः स्पृशन्त्यपि ।
नापोहेन विशिष्टश्च कश्चिदर्थोऽभिधीयते ॥ १०६७
वस्तुत्वाध्यवसायत्वान् नावस्तुत्वमपोह्ययोः ।
प्रसिद्धं सांवृते मार्गे तात्त्विके त्विष्टसाधनम् ॥ १०८९

प्रत्यक्षलक्षणपरीक्षा प्रत्यक्षं कल्पनापोढमभ्रान्तमभिलापिनी ।
प्रतीतिः कल्पना, क्लृप्तिहेतुत्वाद्यात्मिका न तु ॥ १२१४
जात्यादियोजनायोग्यामप्यन्ये कल्पनां विदुः ।
सा जात्यादेरपास्तत्वाददृष्टेश्च न संगता ॥ १२१८
तस्मात् स्वलक्षणे ज्ञानं यत् किंचित् संप्रवर्तते ।
वाक्पथातीतविषयं सर्वं तन्निर्विकल्पकम् ॥ १२८५
केशोण्डूकादिविज्ञाननिवृत्त्यर्थमिदं कृतम् ।
अभ्रान्तग्रहणं तद्धि भ्रान्तत्वान् नेष्यते प्रमा ॥ १३१२

अनुमानलक्षणपरीक्षा स्वपरार्थविभागेन त्वनुमानं द्विधेष्यते ।
स्वार्थं त्रिरूपतो लिङ्गादनुमेयार्थदर्शनम् ॥ १३६२
त्रिरूपलिङ्गवचनं परार्थं पुनरुच्यते । १३६३
आचार्यैरपि निर्दिष्टमीदृक् संक्षेपलक्षणम् ।

पञ्चमस्तत्परमस्त्येनि व्याप्तो हेतुरितीदृशम् ॥ १९८८
न प्रमाणमिति प्राहुरनुमानं तु केचन ।
विपक्षामपक्षतोऽपि चाम्मिरर्थाः कुतश्च ॥ १४२५
मत्पक्षम परोक्षम द्विधैवार्थो व्यवस्थित । १५०१
धीरर्थपरीक्षा अनिर्भासे सनिर्भासमन्यनिर्भाससमेव च ।
विज्ञानाति न च ज्ञानं बाह्यमर्थं कथंचन ॥ १९९१
विज्ञानं जडरूपेभ्यो व्यावृत्तमुपजायते ।
इयमेवात्मसंवित्तिरस्य याऽजडरूपता ॥ २०००
तदस्य बोधरूपत्वाद् युक्तं तावत् स्ववेदनम् ।
परस्य त्वर्थरूपस्य तेन संवेदनं कथम् ॥ २००२
विज्ञानस्वं प्रकाशत्वं तत्र भासो निराश्रयम् ।
अनिर्भासादिपक्षेण व्याप्तिस्तेनास्य निश्चिता ॥ २०८२
शब्दाज्ञानान्तरे ज्ञाने माध्यांशो विषयस्थिति ।
तात्त्विकी नेष्यतेऽस्माभिस्तेन मानं समर्थ्यते ॥ २०८३
विज्ञप्तिमात्रतासिद्धिर्धीमद्भिर्विमलीकृता ।
अस्माभिस्तद् दिशायातं परमार्थविनिश्चये ॥ २०८४
श्रुतिपरीक्षा वेदो नरं निराशंसो मृतेऽर्थे न सदा स्वतः ।
अभ्यासपक्षिणुत्यां तु पुंस्यर्थं समपेक्षते ॥ २३०४
किं च वेदप्रमाणत्वे निर्बन्धो यदि वो भृशम् ।
निर्दोषकत्वादौ तदा यत्नो विधीयताम् ॥ २६००
प्रज्ञाकृपादिपुरुषार्थं तथा हि श्रुतिनिश्चिताः ।
पौरुषेयोऽपि सद्वाक्यो यथार्थज्ञानहेतवः ॥ २४ २
तस्य वस्तुनिबद्धाया को वार्था मंस्यते बुधः ।
-शब्दमात्रेण तुच्छेन व्याविष्याऽथवा विना ॥ २४१९
मिथ्यानुरागसंजातमेवाम्यसबलीकृतं ।
मिथ्यात्वहेतुरकाव इति चित्रं न किंचन ॥ २८४६
अतीन्द्रियार्थदृक् तस्माद् विमूलास्तत्वसमाश्रयः ।
वेदार्थप्रविभागज्ञः कर्ता चाभ्युपगम्यताम् ॥ ३१२३

अतीन्द्रियदर्शिपुरुषपरीक्षा क्व च बुद्धादयो मर्त्याः क्व च देवोत्तमत्रयम् ।
येन तत्स्पर्द्धया तेऽपि सर्वज्ञा इति मोहदृक् ॥ ३२०६
यतस्तु मूर्खशूद्रेभ्य कृतं तैरुपदेशनम् ।
ज्ञायते तेन दुष्टं तत् सावृतं कूटकर्मवत् ॥ ३२२७
सर्वार्थविषयं ज्ञानं यस्य द्रश्य स ते कथम् ।
सर्वार्थविषयं ज्ञानं तथापि यदि नो भवेत् ॥ ३२७६
स्वयमेवाऽऽत्मनाऽऽत्मानमात्मज्योतिः स पश्यति ॥ ३२६०
अद्वितीयं शिवद्वारं कुदृष्टीनां भयङ्करम् ।
विनयेभ्यो हितायोक्तं नैरात्म्यं तेन तु स्फुटम् ॥ ३३२२
प्रभास्वरमिदं चित्तं तत्त्वदर्शनसात्मकम् ।
प्रकृत्यैव स्थितं यस्मात् मलास्त्वागन्तवो मताः ॥ ३४३५
तस्मात् स्वसंवेदनात्मत्वं चेतसोऽपि प्रकाशनात् ।
अनारोपितरूपा च स्वसंवित्तिरियं स्थिता ॥ ३४३७
अतो निर्मलनिष्कम्पगुणसन्दोहभूषणः ।
दोषव्राताऽविकम्प्यात्मा सर्वज्ञो गम्यते जिनः ॥ ३४४०
यतोऽभ्युदयनिष्पत्तिर्यतो निःश्रेयसस्य च ।
स धर्म उच्यते तादृक् सर्वैरेव विचक्षणैः ॥ ३४८६
आत्मात्मीयदृगाकारसत्त्वदृष्टिः प्रवर्तते ।
अहं ममेति माने च क्लेशोऽशेषः प्रवर्तते ॥ ३४८६
तदत्यन्तविनिर्मुक्तेरपवर्गश्च कीर्त्यते ।
अद्वितीयशिवद्वारमतो नैरात्म्यदर्शनम् ॥ ३४९२
एतदेव हि तज्ज्ञानं यद्विशुद्धात्मदर्शनम् ।
आगन्तुकमलापेतचित्तमात्रत्ववेदनात् ॥ ३५३५
अवेद्यवेदकाकारा बुद्धिः पूर्वं प्रसाधिता ।
द्वयोपप्लवशून्या च सा सम्बुद्धैः प्रकाशिता ॥ ३५३६
प्रकृत्या भास्वरे चित्ते द्वयाकारकलङ्किते ।
द्वयाकाराविमूढात्मा कः कुर्यादन्यथा मतिम् ॥ ३५३८
इदं तत् परमं तत्त्वं तत्त्ववादी जगाद यत् ।
सर्वसम्पत्प्रदं चैव केशवादेरगोचरः ॥ ३५४०

तस्माज्जगद्धिताधानदीक्षितस्य कृपात्मनः ।
अभिव्यक्तजनाभ्युपायात् सर्वेषु तत्त्वतम् ॥ ३५६९

मैत्र्यादिविषयसम्बन्धो नान्यवृत्तो हि ते ।
तपश्चरस्तु कर्तव्यः, साधु गीतमिदं तव ॥ ३५७०

"विद्याविनयसम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि ।
शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः ॥" ३५७४

अतीतश्च महान् कालो योषितां चातिचापलम् ।
यत्स्था प्रतिपित्तायां जाती जातिमदश्च किम् ॥ ३५७५

येषामीदृशमप्यस्ति न परीक्षाक्षमा इति ।
विभेम्य एव येषां हि कृतं तैरुपदेशनम् ॥ ३५८२

ये पुनः स्वोक्तिषु स्पष्टं युक्त्यभावं विनिश्चितम् ।
तत्सत्त्वयत्नसामर्थ्यप्रसनश्च महारमपि ॥ ३५८६

कुतीर्थ्यमत्तमातङ्गमदग्लानिविधायिनम् ।
एवमत्यादिसम्प्राप्ता सिद्धार्थं भवन्ति ते ॥ ३५८७

'तापाच्छेदाच्च निकषात् सुवर्णमिव पण्डितैः ।
परीक्ष्य भिक्षवो ग्राह्यं मद्वचो न तु गौरवात् ॥" ३५८८

॥ श्री ॥

सौगत-सिद्धान्त-सार-संग्रह

विनयपिटक

महावग्ग (महावर्ग)

उन भगवान् अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध को नमस्कार।

१, १, १ उस समय बुद्ध भगवान् **उरुवेला** (बुद्ध गया) में विहार करते हुये **नेरञ्जरा** (फल्गु) नदी के तट पर बोधिवृक्ष के नीचे प्रथम बार अभिसम्बुद्ध हुये। तब भगवान् ने प्रतीत्यसमुत्पाद पर अनुलोम और प्रतिलोम रीति से विचार किया। अविद्या के होने पर सस्कार, सस्कार के होने पर विज्ञान, विज्ञान के होने पर नाम-रूप, नामरूप के होने पर षडायतन, षडायतन के होने पर स्पर्श, स्पर्श के होने पर वेदना, वेदना के होने पर तृष्णा, तृष्णा के होने पर उपादान, उपादान के होने पर भव, भव के होने पर जाति और जाति के होने पर जरामरण—शोक, रोना पीटना, व्याधि, आधि और व्याकुलता आदि—उत्पन्न होते हैं। इस प्रकार इस केवल दु:ख-स्कन्ध का समुदय होता है।

१, १, २ अविद्याजन्य समस्त रागद्वेष के नष्ट होने पर सस्कार, सस्कार के नष्ट होने पर विज्ञान, विज्ञान के नष्ट होने पर नामरूप, नामरूप के नष्ट होने पर षडायतन, षडायतन के नष्ट होने पर स्पर्श, स्पर्श के नष्ट होने पर वेदना, वेदना के नष्ट होने पर तृष्णा, तृष्णा के नष्ट होने पर उपादान, उपादान के नष्ट होने पर भव, भव के नष्ट होने पर जाति और जाति के नष्ट होने पर जरामरण—शोक, रोना पीटना, व्याधि, आधि और व्याकुलता आदि—नष्ट होते हैं। इस प्रकार इस केवल दु:खस्कन्ध का निरोध होता है।

१, १, ५ मैंने (बुद्ध ने) इस धर्म का साक्षात्कार किया—यह धर्म गभीर है, कठिनता से देखने और जानने योग्य है, शान्त है, अत्युत्तम है, तर्क से अगम्य है, निपुण (अतिसूक्ष्म) है और पण्डितों द्वारा ही साक्षात् किया जा सकता है। लोग तृष्णासक्ति में लिप्त हैं, उसी में लगे हैं, उसी में प्रसन्न हैं। इन तृष्णासक्त, तृष्णारत और तृष्णाप्रमुदित लोगों के लिये कार्य-कारण-शृङ्खला-रूप प्रतीत्य

भिक्षुओ ! दुःख-निरोध-मार्ग (चतुर्थ) आर्यसत्य है। यही आर्य अष्टांगिक मार्ग है—(१) सम्यक् दृष्टि, (२) सम्यक् संकल्प, (३) सम्यक् वाक्, (४) सम्यक् कर्मान्त, (५) सम्यक् आजीव, (६) सम्यक् व्यायाम, (७) सम्यक् स्मृति और (८) सम्यक् समाधि। यह मध्यमा प्रतिपत् तथागत ने साक्षात् की है।

भिक्षुओ ! जब मुझे इन चार आर्यसत्यों का तेहरा करके द्वादशाङ्ग यथार्थ-ज्ञान स्पष्ट हो गया तब मैंने कहा कि मैंने देव और मार तथा ब्रह्मा सहित लोक में और श्रमण-ब्राह्मण एवं देव-मनुष्य वाली प्रजा में अद्वितीय सर्वोत्तम सम्यक् सम्बोधि को पा लिया।

१, १, ८ इस प्रकार भगवान् बुद्ध ने वाराणसी के ऋषिपत्तन मृगदाव में सर्वप्रथम यह अद्वितीय धर्मचक्र चलाया, जिस धर्मचक्र को पहले कभी किसी श्रमण ने या ब्राह्मण ने या देवता ने या मार ने या ब्रह्मा ने या किसी और ने इस लोक में नहीं चलाया था।

१, २, ५ भिक्षुओ ! तुम, बहुत लोगों के हित के लिये, सुख के लिये, लोकानुकम्पा के लिये, देव-मनुष्यों के अर्थ, हित और सुख के लिये भिक्षु-चर्या करो। भिक्षुओ ! तुम इस आदि-कल्याण, मध्य-कल्याण, अन्त-कल्याण, सार्थक, सुन्दर शब्दों से युक्त, केवल, परिपूर्ण, परिशुद्ध ब्रह्म-चर्या का प्रकाश फैलाओ।

१, ४, २ जो धर्म हेतुप्रभव (हेतु-प्रत्यय-समुत्पन्न) हैं उनके हेतु को तथागत ने बताया है और उस महाश्रमण ने उनके निरोध को भी बताया है। इसे जान लेने पर यह विरज, विमल धर्मचक्षु उत्पन्न होती है कि जिन-जिन धर्मों का उदय है उनका निरोध भी है।

सुत्तपिटक (सूत्रपिटक)

दीघनिकायो (दीर्घनिकाय)

१ भिक्षुओ ! कुछ श्रमण और ब्राह्मण शाश्वतवाद को मानते हैं और वे आत्मा तथा लोक को शाश्वत बतलाते हैं। कुछ श्रमण और ब्राह्मण उच्छेदवाद को मानते हैं और वे सत्व का उच्छेद तथा विनाश बतलाते हैं। कितने ही श्रमण और ब्राह्मण ऐसे हैं जो अंशतः शाश्वतवाद और अंशतः उच्छेदवाद मानते हैं और वे आत्मा तथा लोक को अंशतः नित्य और अंशतः अनित्य बतलाते हैं।

भिक्षुओ ! ये श्रमण और ब्राह्मण या तो पूर्वान्तकल्पिक हैं या अपरान्तकल्पिक और या पूर्वान्तापरान्तकल्पिक । ये लोग बासठ कारणों से इन मतों को मानते हैं और इनके आधार पर अनेक प्रकार के व्यावहारिक शब्दों का प्रयोग करते हैं। इनके अतिरिक्त अन्य कारण नहीं मानते ।

भिक्षुओ ! तथागत इन सब धारणा को जानते हैं और इससे भी अधिक जानते हैं, किन्तु तथागत सब कुछ जानते हुये भी, जानने का अभिमान नहीं करते । इन दृष्टि-कोटियों में न फँसने के कारण तथागत निर्वाण का साक्षात् करते हैं। वेदनाओं की उत्पत्ति विनाश आस्वाद, दोष और निवृत्ति को यथार्थतया जान कर तथागत इनमें अनासक्त हैं और इसीलिये विमुक्त हैं।

भिक्षुओ ! ये धर्म गम्भीर, दुर्दर्श दुरवबोध शान्त अत्युत्तम तर्क से अगम्य निपुण और पण्डितों के जानने योग्य हैं जिन्हें तथागत स्वयं जान कर तथा साक्षात् कर बतलाते हैं। जो तथागत के यथार्थ वर्णों को ठीक ठीक जानते हैं वे ऐसा कहते हैं। (ब्रह्मजाल सुत्त)

(मगधराज अजातशत्रु भगवान् बुद्ध से कहते हैं—)

१ भन्ते ! एक बार पूरण कस्सप (पूर्ण काश्यप) से श्रामण्यफल (भिक्षु होने का फल) के बारे में पूछने पर उन्होंने अपना अक्रियवाद का प्रतिपादन किया—यदि कोई तेज छुरों वाले चक्र द्वारा इस सारी पृथ्वी के प्राणियों को एक माँस का खलियान बना दे एक मांस का पुञ्ज बना दे तो भी उसे कोई पाप नहीं लगेगा । इसी प्रकार दान से दम से संयम से या सत्य बोलने से कोई पुण्य नहीं होगा ।

भन्ते ! एक बार मक्खलि गोसाल से श्रामण्यफल के बारे में पूछने पर उन्होंने अपने अहेतुवाद का प्रतिपादन करते हुये संसार की शुद्धि का उपाय बतलाया—सत्त्वों के क्लेश का कोई हेतु नहीं है कोई प्रत्यय नहीं है और न सत्त्वों की विशुद्धि का ही कोई हेतु या प्रत्यय है ।

भन्ते ! एक बार अजित केसकम्बली (अजित केशकम्बली) से श्रामण्यफल के बारे में पूछने पर उन्होंने अपने उच्छेदवाद या जड़वाद का प्रतिपादन किया—न दान है, न यज्ञ-याग है, न सुकृत है, न दुष्कृत है, न कर्मफल का विपाक है, न यह लोक है न परलोक है। चार महाभूतों से बना हुआ यह मनुष्य जब मर,

जाता है तो पृथ्वी महापृथ्वी में, जल महाजल में, तेज महातेज में और वायु महावायु में मिल जाते हैं और इन्द्रियाँ आकाश में लीन हो जाती हैं।

भन्ते ! एक वार पकुध कच्चायन (प्रकुद्ध कात्यायन) से श्रामण्यफल के वारे में पूछने पर उन्होंने पूछा क्या और उत्तर क्या देते हुये अपने अकृततावाद का प्रतिपादन किया—पृथ्वी, जल, तेज, वायु, सुख, दु ख और जीव—ये सात काय अकृत, अनिर्मित, कूटस्थ हैं। ये चल नहीं होते, ये विकृत नहीं होते और न ये एक दूसरे को हानि पहुँचाते हैं। न कोई मारने वाला है, न कोई मृत्यु कराने वाला है, न कोई सुनने वाला है, न कोई सुनाने वाला है, न कोई जानने वाला है, न कोई ज्ञान कराने वाला है।

भन्ते ! एक वार निगण्ठ नातपुत्त (निर्ग्रन्थ ज्ञातृपुत्र = महावीर वर्धमान) से श्रामण्यफल के वारे में पूछने पर उन्होंने अपने चातुर्याम सवरवाद का प्रतिपादन किया—निर्ग्रन्थ जल के उन सव व्यवहारों का वारण करता है जिनमें जल-कीटाणुओं के मरने का भय हो (अहिंसा), निर्ग्रन्थ सव गुणों से (सत्य आदि से) युक्त होता है, निर्ग्रन्थ सव पापा से रहित होता है तथा निर्ग्रन्थ सव पापा के वारण करने में रहता है । इस प्रकार निर्ग्रन्थ चार सवरों से सवृत रहता है।

भन्ते ! एक वार सजय वेलट्ठिपुत्त से श्रामण्यफल के वारे में पूछने पर उन्होने अनिश्चिततावाद का प्रतिपादन किया—मैं ऐसा भी नहीं कहता, मैं वैसा भी नहा कहता, मैं 'नहीं' भी नहीं कहता, मैं 'नहीं' नहीं है' यह भी नहीं कहता, मैं 'है' भी नहीं कहता मैं 'नहीं है' भी नहीं कहता, मैं 'है और नहीं है' यह भी नहीं कहता, मैं "है' भी नहीं है और 'नहीं' भी नहीं है' यह भी नहीं कहता।

भन्ते ! अव मैं आपसे भी पूछता हूँ कि श्रामण्यफल क्या है ?

भगवान् ने उत्तर दिया—महाराज ! असली श्रामण्यफल तो यह है कि भिक्षु वुद्धि की समस्त दृष्टियों का अतिक्रमण करके शील, समाधि और प्रज्ञासम्पन्न होता है। वह (पाँचों नीवरणों को—काम, व्यापाद, स्त्यानमृद्ध, औद्धत्य और विचिकित्सा को नष्ट करके)सवितर्क, सविचार और विवेक से उत्पन्न प्रीतिसुख वाले प्रथम ध्यान को पाकर विहार करता है। फिर वह वितर्क और विचार के शान्त हो जाने से मन प्रसाद के कारण चित्तैकाग्रता से युक्त समाधि से उत्पन्न प्रीतिसुख वाले द्वितीय ध्यान को पाकर विहार करता है। फिर वह प्रीति और विराग को भी उपेक्षा

करके स्मृतिमान् होकर सुखविहार वाले तृतीय ध्यान को प्राप्त होकर विहार करता है। और फिर वह सुख और दुःख दोनों को छोड़ कर, पहले ही सौमनस्य तथा दौर्मनस्य के अस्त हो जाने से, दुःख-सुख रहित तथा स्मृति और उपेक्षा से शुद्ध चतुर्थ ध्यान को प्राप्त होकर विहार करता है। वह दुःख समुदय निरोध और मार्ग को यथार्थ जानता है। इस ज्ञान से वह कामतृष्णा, भवतृष्णा और अविद्या-तृष्णा से विमुक्त हो जाता है। उसके लिये जन्म-मरण-चक्र क्षीण हो जाता है। वह ब्रह्म-धाम पा लेता है। उसके लिये कोई कर्तव्य शेष नहीं रहता। फिर वह यहाँ लौट कर नहीं आता। (भयभेरवसुत्त)

९ हे पोट्ठपाद! 'लोक शाश्वत है' 'लोक अशाश्वत है' 'लोक शाश्वताशाश्वत है' 'लोक न शाश्वत है न अशाश्वत' 'लोक सान्त है' 'लोक अनन्त है' 'लोक सान्त और अनन्त दोनों है' 'लोक न सान्त है न अनन्त है' 'तथागत मरने के बाद भी रहते हैं' 'तथागत मरने के बाद नहीं रहते' 'तथागत मरने के बाद रहते भी हैं और नहीं भी रहते' 'तथागत मरने के बाद न तो रहते हैं और न नहीं रहते' 'जीव और शरीर एक ही हैं' 'जीव और शरीर भिन्न हैं'—इन चौदह प्रश्नों को जिनमें प्रत्येक प्रश्न 'यही सत्य है और अन्य सब मिथ्या' इस दृष्टि से देखा जाता है, मैंने अव्याकृत (अनिर्वचनीय) बतलाया है। ये प्रश्न न तो अर्थयुक्त हैं, न धर्मयुक्त, न आदि-ब्रह्मचर्य के लिये उपयुक्त, ये न निर्वेद के लिये हैं, न विराग के लिये न दुःख निरोध के लिये न शान्ति के लिये न अभिज्ञा के लिये, न परमार्थ संबोधि के लिये और न निर्वाण के लिये। इसीलिये मैंने इन्हें अव्याकृत कहा है। 'यह दुःख है' 'यह दुःख-समुदय है' 'यह दुःखनिरोध है' और 'यह दुःखनिरोध मार्ग है'—इन चार आर्यसत्यों को मैंने व्याकृत किया है। ये सार्थक हैं, धर्म के लिये उपयोगी हैं, आदि ब्रह्मचर्य के लिये उपयुक्त हैं, ये निर्वेद के लिये हैं, विराग के लिये हैं निरोध के लिये हैं उपशम के लिये हैं अभिज्ञा के लिये हैं परमार्थ-संबोधि के लिये हैं और निर्वाण के लिये हैं। इसीलिये मैंने इन्हें व्याकृत किया है।

हे पोट्ठपाद! यदि कोई पुरुष यह कहे—'इस देश में जो सर्वाधिक सुन्दरी है, मैं उसको चाहता हूँ, उसकी कामना करता हूँ। यदि लोग उससे पूछें—हे पुरुष जिस सर्वाधिक सुन्दरी को तू चाहता है, जिस की तू कामना करता है क्या तू जानता है कि वह क्षत्रिया है, ब्राह्मणी है, वैश्य-की है या शूद्री है।

क्या तू उस का नाम और गोत्र जानता है ? क्या तू जानता है कि वह लम्बी है या छोटी है या मझले कद की है, काली है या श्यामा है या मद्गुर-वर्ण है, किस गांव में या कस्बे में या नगर में रहती है ? ऐसा पूछने पर वह पुरुष उत्तर दे कि वह यह कुछ नहीं जानता। तो क्या उस पुरुष का भाषण अप्रामाणिक नहीं हो जाता ? इसी प्रकार हे पोट्ठपाद ! जो श्रमण या ब्राह्मण यह कहते हैं, यह दृष्टि रखते हैं कि मरने के बाद आत्मा कष्टरहित और अत्यन्त सुखी होता है, उनसे मैं पूछता हूँ—आयुष्मान ! क्या सचमुच आप लोग यह कहते हैं, यह दृष्टि रखते हैं कि मरने के बाद आत्मा कष्टरहित और अत्यन्त सुखी होता है ? मेरे ऐसा पूछने पर वे उत्तर देते हैं—'हाँ' । मैं फिर उनसे यह पूछता हूँ—आयुष्मान् ! क्या सचमुच आप लोग उस एकान्त सुख वाले लोक को जानते हो, देखते हो, वहाँ विहार करते हो ? ऐसा पूछने पर वे कहते हैं—'नहीं तो' । मैं फिर उनसे यह पूछता हूँ—आयुष्मान् ! क्या आप सब लोग एक रात या एक दिन उस एकान्त सुखी आत्मा को जानते हो ? ऐसा पूछने पर वे कहते हैं—'नहीं' । तो क्या तुम मानते हो पोट्ठपाद ! कि ऐसा होनेपर उन श्रमणों या ब्राह्मणों का भाषण अप्रामाणिक नहीं हो जाता ?

भिक्षुओ ! जो प्रतीत्यसमुत्पाद को जानता है, वही धर्म को जानता है, जो धर्म को जानता है, वही प्रतीत्यसमुत्पाद को जानता है । जैसे गाय से दूध, दूध से दही, दही से मक्खन, मक्खन से घी और घी से माँडा होता है, जिस समय दूध होता है, उस समय न दही होता है, न मक्खन, न घी, न माँडा, दूध ही उस समय उसका नाम होता है । जिस समय दही होता है, दही ही उस समय उसका नाम होता है । इसी प्रकार हे भिक्षुओ ! अतीत जन्म के समय वही सत्य होता है, प्रत्युत्पन्न और अनागत मिथ्या होते हैं, अनागत के समय वही सत्य होता है, अतीत और प्रत्युत्पन्न मिथ्या होते हैं, प्रत्युत्पन्न के समय वही सत्य होता है, अतीत और अनागत मिथ्या होते हैं ।

भिक्षुओ ! ये सब लौकिक सज्ञायें हैं, लौकिक निरुक्तियाँ हैं, लौकिक व्यवहार हैं, लौकिक प्रज्ञप्तियाँ हैं । तथागत इनका व्यवहार करते हैं, किन्तु बिना इनमें लिप्त हुये। (पोट्ठपाद सूत्र)

१५ हे आनन्द ! आत्मा को जतलाने वाले लोग इस प्रकार उस को जताते

हैं—रूप आत्मा है, वेदना आत्मा है, संज्ञा आत्मा है, संस्कार आत्मा है, विज्ञान आत्मा है। किन्तु आनन्द ! ये सब धर्म अनित्य हैं, संस्कृत हैं, प्रतीत्यसमुत्पन्न हैं, क्षयधर्म हैं, व्ययधर्म हैं, विरागधर्म हैं, निरोधधर्म हैं। जब सभी धर्म अनित्य दुःखस्वभाव उत्पत्ति-विनाशयुक्त हैं जब सभी धर्मों का पूर्ण निरोध होता है, तो यह कैसे कहा जा सकता है कि 'यह मैं हूँ' 'यह मेरा आत्मा रूप है या वेदना है या संज्ञा है या संस्कार है या विज्ञान है'। (महानिदान सूत्र)

११ भिक्षुओ ! जब तक भिक्षु बार-बार मिल-जुल कर बैठक करने वाले रहेंगे जब तक वे सब एक होकर साथ साथ बैठेंगे और साथ-साथ उठेंगे तथा एक होकर संघ के कामों को करेंगे जब तक वे अविहित का स्थापन नहीं करेंगे और विहित का उच्छेद नहीं करेंगे और विहित भिक्षु नियमों के अनुसार चलेंगे; जब तक वे संघ के पिता, संघ के नायक, स्थविर भिक्षुओं का सत्कार करेंगे गौरव करेंगे मानेंगे पूजेंगे और उनकी बातों को सुनने योग्य समझेंगे; जब तक वे पुनः पुनः उत्पन्न होनेवाली तृष्णा के वश में नहीं पड़ेंगे जब तक वे वन की कुटियों में सोने की इच्छा रखेंगे जब तक प्रत्येक भिक्षु यह स्मरण रखेगा कि भविष्य में अच्छे ब्रह्मचारी आवें और आये हुये योग्य ब्रह्मचारी सुख से विहार करें, तब तक भिक्षुओं की निश्चय ही वृद्धि समझना हानि नहीं। भिक्षुओ ! जब तक वे सात अपरिहाणीय धर्म भिक्षुओं में रहेंगे तब तक भिक्षुओं की निश्चय ही वृद्धि समझना, हानि नहीं।

अन्तिम समय आने पर भगवान् ने भिक्षुओं को आमन्त्रित किया—भिक्षुओ ! यदि बुद्ध, धर्म या संघ मार्ग या प्रतिपद् के विषय में किसी भी भिक्षु को कुछ भी शंका या विमति हो तो पूछ लो फिर पीछे पश्चात्ताप मत करना। ऐसा कहने पर वे सब भिक्षु चुप रहे। एक भी भिक्षु ऐसा नहीं था जिसे शंका या विमति रही। तब भगवान् ने भिक्षुओं को आमन्त्रित किया—भिक्षुओ ! आत्मदीप बनकर अपने आत्मा की ही शरण लो, अन्य की नहीं; धर्म ही तुम्हारा दीपक है, धर्म ही तुम्हारा शरण-स्थान है, अन्य की शरण मत लो। हन्त ! भिक्षुओ ! अब तुम्हें कहता हूँ—सब संस्कार धर्म नाशमान हैं; अप्रमाद के साथ जीवन के लक्ष्य का सम्पादन करो—यह तथागत का अन्तिम वचन है।

(महापरिनिर्वाण सूत्र)

मज्झिमनिकायो (मध्यमनिकाय)

२८ भिक्षुओ ! रूप-उपादान-स्कन्ध किसे कहते हैं ? चारों महाभूतों को, पृथ्वीधातु, जलधातु, अग्निधातु और वायुधातु को, तथा इन चारों महाभूतों से उत्पन्न रूप को रूप-उपादान-स्कन्ध कहते हैं।

भिक्षुओ ! जब चक्षुरिन्द्रिय ठीक काम करती हो, बाह्य पदार्थ सामने हों और इन्द्रिय तथा अर्थ का सन्निकर्ष हो, तभी उससे उत्पन्न होने वाले चक्षुर्विज्ञान का प्रादुर्भाव होता है (इसी प्रकार अन्य विज्ञानों का भी)। अत विज्ञान प्रतीत्य-समुत्पन्न है—हेतु-प्रत्यय-जन्य है, बिना हेतु-प्रत्यय के विज्ञान की उत्पत्ति सभव नहीं है।

आँख और रूप से उत्पन्न विज्ञान को चक्षुर्विज्ञान, कान और शब्द से उत्पन्न विज्ञान को श्रोत्र-विज्ञान, नाक और गन्ध से उत्पन्न विज्ञान को घ्राण-विज्ञान, काय और स्पर्श से उत्पन्न विज्ञान को काय-विज्ञान, जिह्वा और रस से उत्पन्न विज्ञान को जिह्वा-विज्ञान, तथा मन और धर्म (विषय) से उत्पन्न विज्ञान को मनोविज्ञान कहते हैं।

उस विज्ञान में जो रूप है, वह रूप-उपादान-स्कन्ध के अन्तर्गत है, उस विज्ञान में जो वेदना है, वह वेदना-उपादान-स्कन्ध के अन्तर्गत है, उस विज्ञान में जो सज्ञा है, वह सज्ञा-उपादान-स्कन्ध के अन्तर्गत है, उस विज्ञान में जो सस्कार हैं, वे सस्कार-उपादान-स्कन्ध के अन्तर्गत हैं, उस विज्ञान में जो (प्रवृत्ति-) विज्ञान है, वह विज्ञान-उपादान-स्कन्ध के अन्तर्गत है।

अत भिक्षुओ ! इसे यथार्थ रूप से यों जान लेना चाहिये कि जो कुछ रूप है, जो कुछ वेदना है, जो कुछ सज्ञा है, जो कोई सस्कार हैं और जो कुछ विज्ञान है—चाहे वह भूतकाल का हो, चाहे वर्तमान का, चाहे भविष्यत् का, चाहे वह आन्तर हो, चाहे बाह्य, चाहे सूक्ष्म हो, चाहे स्थूल—वह 'न मेरा है, न वह मैं हूँ, न वह मेरा आत्मा है।'

६२ भिक्षुओ ! जो कोई यह कहे कि—मैं तब तक भगवान् के पास ब्रह्मचर्य-वास नहीं करूँगा, जब तक भगवान् मुझे यह नहीं बतला दें कि लोक शाश्वत है या अशाश्वत, सान्त है या अनन्त, जीव और शरीर एक ही हैं या भिन्न, तथागत मरण के बाद भी विद्यमान रहते हैं या नहीं, तो भिक्षुओ ! तथागत ने इन प्रश्नों

न अव्याकृत बताया है और इसलिये वह पुरुष बिना ब्रह्मचर्यवास किये ही मर जायगा। जैसे कोई पुरुष गाढ़े लेप वाले विष से बुझे शल्य से बिंध गया हो और जब उसके मित्र वैद्य को ले आवें, तब वह पुरुष यह कहे—मैं तब तक इस शल्य को नहीं निकलवाने दूँगा जब तक मुझे यह पता नहीं लग जाये कि किस पुरुष ने मुझे बेधा है, वह क्षत्रिय है या ब्राह्मण या वैश्य या शूद्र, उसका नाम और गोत्र क्या है, वह लम्बा है या नाटा या मझला' तो भिक्षुओ! ये बातें तो अज्ञात ही रह जायेंगी और वह पुरुष मर जायगा।

१४ भिक्षुओ! आर्यों के दर्शन से अनभिज्ञ और अनाड़ी साधारण पुरुष को आर्य-धर्म का नहीं पता, उसका चित्त सत्काय दृष्टि (पुद्गल दृष्टि अर्थात् आत्मवाद-अमरवाद-ध्रुव आत्मवाद) से व्याप्त रहता है। जो धर्म अव्याकृत हैं उनको वह जानने का प्रयत्न करता है, किन्तु जो धर्म व्याकृत और जानने योग्य हैं, उनको जानने का प्रयत्न नहीं करता।

२ अयुक्तियुक्त ढंग से विचार करने वाले उस अनभिज्ञ पुरुष के मन में इन छः दृष्टियों में कोई न कोई दृष्टि अवश्य हावी रहती है—(१) मेरा आत्मा है, (२) मेरा आत्मा नहीं है, (३) मैं आत्मा से आत्मा को जानता हूँ, (४) मैं अनात्मा से आत्मा को जानता हूँ, (५) या वह इस दृष्टि को सच मानता है कि जो मेरा 'आत्मा' कहलाता है वही शुभाशुभ कर्मों का फल भोगने वाला है, या (६) यह मेरा आत्मा नित्य है, ध्रुव है, शाश्वत है, अपरिवर्तनशील है, सदैव एक-सा रहने वाला है। भिक्षुओ! यह सब केवल मूर्खता ही मूर्खता है। भिक्षुओ! इसको दृष्टि (मतों) में गिर पड़ना, दृष्टियों की गहनता, दृष्टियों का काँटा, दृष्टि का [illegible] दृष्टियों का कम्पना, दृष्टियों का बन्धन कहते हैं। भिक्षुओ! मैं कहता हूँ कि इस दृष्टियों के बन्धन में पड़ा हुआ व्यक्ति जरा-मरण शोक, रोना-पीटना दुःख, व्याधि और व्याकुलता के फंदे से नहीं छूटता वह दुःख से मुक्त नहीं हो सकता।

१५. भिक्षुओ! जिस विद्वान् व्यक्ति ने आर्य-धर्म को सुना है, आर्य-दर्शन को देखा है, आर्य धर्म को जाना है, वह दुःख, दुःखसमुदय, दुःखनिरोध और दुःखनिरोध मार्ग पर विचार करता है। उसके तीनों बन्धन—(१) सत्काय-दृष्टि, (२) विचिकित्सा और (३) शीलव्रतपरामर्श कट जाते हैं। वह स्रोतापन्न

(सद्धर्म के अनुशीलन से मोक्ष-प्रवाह में पड़ने वाला) हो जाता है, उसका पतन असम्भव है, उसकी बोधि-प्राप्ति निश्चित है।

भिक्षुओ! तथागत सब दृष्टियों के ऊपर उठ गये हैं। तथागत सभी मान्यताओं के, सभी अस्तित्वों के, सभी अहङ्कारों के, सभी ममकारों के, सभी अभिमानों के नाश से, क्षय से, विराग से, निरोध से, त्याग से, छूटने से, उपादान न रहने से विमुक्त हो गये हैं।

२६ भिक्षुओ! कान लगा कर सुनो। अमृत पद प्राप्त हो गया है। मैं अनुशासन करता हूँ। मैं धर्मोपदेश देता हूँ।

संयुक्तनिकायो (संयुक्तनिकाय)

२१, २ सभी संस्कार अनित्य हैं, सभी संस्कार दुःखरूप हैं, सभी संस्कार अनात्म (स्वतन्त्र सत्तारहित) हैं, जो अनित्य है, वह दुःखरूप है, जो दुःखरूप है, वह अनात्म है, जो अनात्म है, वह मेरा नहीं है मैं वह नहीं हूँ, वह मेरा आत्मा नहीं है।

१४, १ भिक्षुओ! संसार अनादि है, इसके 'अग्र' या 'आदि' का पता नहीं है, इसकी 'पूर्वा कोटि' का ज्ञान नहीं होता। इसकी 'अपरा कोटि' अर्थात् 'अन्त' का भी ज्ञान नहीं होता। (आदि-अन्त रहित होने से संसार 'मध्य' में अर्थात् वर्तमान में भी प्रतीति मात्र है)

१४, २ भिक्षुओ! क्या तुम जानते हो कि इस संसार के सुदीर्घ मार्ग में दौड़ने वाले, इस जन्म-मरण-चक्र में पिसने वाले प्राणियों ने बार-बार जन्म लेकर प्रिय-वियोग और अप्रिय-संयोग के कारण विलाप करके रो-रोकर जो आसू बहाये हैं, वे अधिक हैं या इन चारों महासमुद्रों का जल ?

भिक्षुओ! क्या तुम जानते हो कि इस संसार के सुदीर्घ मार्ग में दौड़ने वाले, इस जन्म-मरण-चक्र में पिसने वाले, बार-बार जन्म लेकर सीस कटाने वाले प्राणियों का जो रक्त बहा है, वह अधिक है या इन चारों महासमुद्रों का जल ?

१६, १० भिक्षुओ! रूप नित्य, ध्रुव, शाश्वत, अपरिवर्तनशील नहीं है—यह बात इस लोक में पण्डितों को मान्य है। मैं भी यही कहता हूँ। वेदना, संज्ञा, संस्कार और विज्ञान भी नित्य, ध्रुव, शाश्वत, अपरिवर्तनशील नहीं हैं—यह बात इस लोक में पण्डितों को मान्य है। मैं भी यही कहता हूँ।

भिक्षुओ ! मैं लोक से विवाद नहीं करता, लोक ही मुझसे विवाद करता है। भिक्षुओ ! धर्म को ठीक समझने वाला इस लोक में किसी से नहीं झगड़ता। भिक्षुओ ! पण्डित लोग जिसे मानते हैं, मैं भी उसे मानता हूँ; पण्डित लोग जिसे नहीं मानते, मैं भी उसे नहीं मानता।

अङ्गुत्तरनिकायो (अङ्गोत्तरनिकाय)

१, ११ यही शान्ति है, यही सर्वोत्तम है, यह जो सभी संस्कारों का शमन है, सभी उपाधियों का त्याग है, सारी तृष्णा का क्षय है, विराग है, निरोध है, वही निर्वाण है।

८, ११ जो लोग कहते हैं कि श्रमण गौतम उच्छेदवादी हैं' यदि उनका तात्पर्य यह है कि मैं अविद्या के उच्छेद की शिक्षा देता हूँ, तो ठीक है। भिक्षुओ ! मैं राग द्वेष मोह तथा अनेक प्रकार के पाप कर्मों के, अकुशल धर्मों के उच्छेद की शिक्षा देता हूँ।

७ १ शास्ता को शिष्यों के हित के लिये जो कुछ करना चाहिये वह मैंने कर दिया। भिक्षुओ ! ये शीतल छाया वाले वृक्ष हैं, ये एकान्त कुटियाँ हैं; भिक्षुओ ! ध्यान लगाओ प्रमाद मत करो पीछे मत पछताना। यही हमारा उपदेश है।

खुद्दकनिकायो (क्षुद्रकनिकाय)

(१) खुद्दकपाठो

१ पुराने कर्म क्षीण हो चुके, नये कर्म उत्पन्न नहीं होते; विरक्तचित्त धीरपुरुष इस प्रदीप के समान निर्वाण प्राप्त करते हैं।

८. सभी प्राणी सुखी हों, उनका कल्याण हो; सबको उत्तरोत्तर आनन्द मिले।

(२) धम्मपद

१ सब सांसारिक पदार्थ विज्ञान की अपेक्षा रखते हैं—सब विषय विज्ञान को आगे-रखकर चलते हैं; विज्ञान ही सब धर्मों में श्रेष्ठ है, सब धर्म विज्ञान के परिणाम हैं। जो व्यक्ति यदि दुष्ट मन से बोलता है या कर्म करता है, उसके पीछे-पीछे दुःख उसी प्रकार चला करता है जैसे गाड़ी खींचने वाले पशु के पैर के पीछे-पीछे गाड़ी का पहिया।

१२८ न अन्तरिक्ष में, न समुद्र के वीच में, न पर्वत की कन्दराओं में, कहीं भी ऐसा सुरक्षित स्थान नहीं है जहां मृत्यु न धर दवावे।

६० जागने वाले के लिये रात लम्बी हो जाती है, थके हुये व्यक्ति को एक योजन भी वहुत दूर प्रतीत होता है, सद्धर्म को न जानने वाले मूर्खों के लिये यह ससार अत्यन्त दीर्घ वन जाता है।

८१ जैसे एकघन पर्वत वायु से विचलित नहीं होता, वैसे ही एकरस पण्डित निन्दा या प्रशसा से विचलित नहीं होते।

१४६ जव घर चारों ओर से प्रतिक्षण जल रहा हो, तो उसके निवासियों के लिये क्या हँसी और क्या आनन्द! लोग घने अन्धकार से घिरे हुये हैं, आश्चर्य है कि वे दीपक नहीं खोजते!

१५४ इस ससार रूपी घर का निर्माण करने वाले अविद्याजन्य अहङ्कार! मैंने तुझे अच्छी तरह पहचान लिया है, अव तू मेरे लिये इस घर का फिर निर्माण नहीं कर सकता क्योंकि घर वनाने के तेरे सारे सामान, डण्डे, सींखचे आदि, भग्न हो गये हैं और इस घर की दीवारें भी टूट चुकी हैं। यह चित्त सस्कारों से रहित होकर तृष्णाक्षय को प्राप्त हो चुका है।

१६० आत्मा ही आत्मा का स्वामी है, इसका स्वामी अन्य कौन हो सकता है?

१८३ सारे पाप-कर्मों से निवृत्ति और सारे कुशल-कर्मों में प्रवृत्ति तथा चित्त-नैर्मल्य—यह वुद्धों का उपदेश है।

१९१-१९२ दुःख, दुःखसमुदय, दुःखनिरोध, और दुःखनिरोधगामी आर्य अष्टाङ्गिक मार्ग जो उत्तम और कल्याणकारी शरण-स्थल है।

२०३ इसको यथार्थ जान लेने पर परमानन्दरूप निर्वाण प्राप्त होता है।

२०५ प्रविवेक-रस को और उपशम-रस को पीकर—धर्मप्रीति-रस को पीकर—भिक्षु निर्भय और निष्पाप हो जाता है।

२१५, तृष्णा से ही शोक और भय होते हैं, तृष्णा-मुक्त के लिये कैसा शोक और कैसा भय!

२४३ अविद्या रूपी परम मल सव मलों से वढ़ कर है। भिक्षुओ! इस मल को धोकर विमल हो जाओ!

२५१ राग के वरावर आग नहीं है, दोष के वरावर ग्रह नहीं है, मोह के वरावर जाल नहीं है, तृष्णा के वरावर नदी नहीं है।

(४) इतिवुत्तक

११२ तर्क की सब दृष्टियों के पार जाने वाला, सारी ग्रन्थियों से छूट जाने वाला तथा अकुतोभय निर्वाण का स्पर्श करने वाला ही परम शान्ति पाता है। इन अद्वितीय सिद्ध, भगवान् बुद्ध ने देव-मनुष्य सहित लोक में धर्मचक्र का प्रवर्तन किया।

(५) सुत्तनिपात

१, १३ जो न इधर लिप्त है, न उधर जिसने वीतमोह होकर इस सारे जगत् को मिथ्या जान लिया है, वही भिक्षु आवागमन के पंसे को छोड़ देता है, जैसे साँप पुरानी केंचुल को छोड़ देता है।

३, १६ काम-सुखों में दोष देख कर भिक्षु को, गेंडे के एक सींग की तरह, अकेला ही विचरना चाहिये।

७, २७ न कोई जाति से शूद्र होता है और न ब्राह्मण; कर्मों से शूद्र होता है और कर्मों से ब्राह्मण।

११, १२ काम और तृष्णा से विरक्त होकर जो भिक्षु सम्बोधि प्राप्त कर लेता है, वही अमृत, शान्त और अच्युत निर्वाणपद पाता है।

३२, ३८ जैसे सुन्दर कमल जल में लिप्त नहीं होता, वैसे ही तुम पुण्य और पाप दोनों से निर्लिप्त हो।

३५, ४३ जो पुण्य और पाप—इन दोनों द्वन्द्वों से विमुक्त हो गया है, जो अशोक, विमल और शुद्ध है, उसी को मैं ब्राह्मण कहता हूँ।

५०, ९ तर्क द्वारा विविध दृष्टियों की (मत-मतान्तरों की) कल्पना करके सत्य और मृषा, इन दोनों धर्मों का व्यवहार होता है। (विशुद्ध सम्बोधि में तर्क की दृष्टियों का अतिक्रमण हो जाता है)

६५, ३ जरामृत्यु का परिक्षय निर्वाण कहलाता है।

अभिधर्मपिटक

कथावत्थु

स्थविरवादी—क्या सचमुच पुद्गल (जीवात्मा) परमार्थ रूपसे उपलब्ध होता है?

पुद्गलवादी—हाँ।

स्व०—जैसे स्कन्ध सत्य और यथार्थ रूप में उपलब्ध होते हैं, क्या पुद्गल भी उसी तरह सचमुच परमार्थ रूप में उपलब्ध होता है?

पु०—यह तो नहीं कहा जा सकता।

स्व०—तो अपनी पराजय स्वीकार करो—

(१) यदि पुद्गल सचमुच परमार्थ रूप में उपलब्ध होता है, तो आपको यह भी कहना चाहिये कि जैसे स्कन्ध सत्य और यथार्थ रूप में उपलब्ध होते हैं वैसे ही पुद्गल भी सचमुच परमार्थ रूप में उपलब्ध होता है।

(२) आप यह तो कहते हैं कि पुद्गल सचमुच परमार्थ रूप में उपलब्ध होता है' किन्तु यह नहीं कहते कि जैसे स्कन्ध सत्य और यथार्थ रूप में उपलब्ध होते हैं उसी तरह पुद्गल भी सचमुच परमार्थ रूप में उपलब्ध होता है' इसलिये आपका कथन मिथ्या है।

(३) यदि आप यह नहीं कह सकते कि जैसे स्कन्ध सत्य और यथार्थ रूप में उपलब्ध होते हैं उसी तरह पुद्गल भी सचमुच परमार्थ रूप में उपलब्ध होता है' तो आपको यह भी नहीं कहना चाहिये कि 'पुद्गल सचमुच परमार्थ रूप में उपलब्ध होता है।'

(४) आप यह तो कहते हैं कि 'पुद्गल सचमुच परमार्थ रूप में उपलब्ध होता है।'

(५) किन्तु यह नहीं कहते कि जैसे स्कन्ध सत्य और यथार्थ रूप में उपलब्ध होते हैं, उसी तरह पुद्गल भी सचमुच परमार्थ रूप में उपलब्ध होता है।'

अतः आपका कथन मिथ्या है।

तब पुद्गलवादी इसको उलटता है—

पु०—क्या सचमुच पुद्गल परमार्थ रूप में उपलब्ध नहीं होता?

स्व०—हाँ नहीं होता।

पु०—जैसे स्कन्ध सत्य और यथार्थ रूप में उपलब्ध होते हैं, क्या वैसे पुद्गल सचमुच और परमार्थ रूप में उपलब्ध नहीं होता?

स्व०—यह तो नहीं कहा जा सकता।

पु०—तो अपनी पराजय स्वीकार करो—

(१) यदि पुद्गल सचमुच परमार्थ रूप में उपलब्ध नहीं होता, तो आपको यह भी कहना चाहिये कि जैसे स्कन्ध सत्य और यथार्थ रूप में उपलब्ध होते हैं, वैसे पुद्गल सचमुच और परमार्थ रूप में उपलब्ध नहीं होता।

(२) आप यह तो कहते हैं कि 'पुद्गल सचमुच परमार्थ रूप में उपलब्ध नहीं होता', किन्तु यह नहीं कहते कि 'जैसे स्कन्ध सत्य और यथार्थ रूप में उपलब्ध होते हैं, वैसे पुद्गल सचमुच और परमार्थ रूप में उपलब्ध नहीं होता', इस लिये आपका कथन मिथ्या है।

(३) यदि आप यह नहीं कह सकते कि 'जैसे स्कन्ध सत्य और यथार्थ रूप में उपलब्ध होते हैं, वैसे पुद्गल सचमुच और परमार्थ रूप में उपलब्ध नहीं होता', तो आपको यह भी नहीं कहना चाहिये कि 'पुद्गल सचमुच परमार्थ रूप में उपलब्ध नहीं होता।'

(४) आप यह तो कहते हैं कि 'पुद्गल सचमुच परमार्थ रूप में उपलब्ध नहीं होता', किन्तु यह नहीं कहते कि 'जैसे स्कन्ध सत्य और यथार्थ रूप में उपलब्ध होते हैं, वैसे पुद्गल सचमुच और परमार्थ रूप में उपलब्ध नहीं होता।'

अत आपका कथन मिथ्या है।

पुनर्जन्म के विषय में प्रश्न

स्थ०—क्या पुद्गल इस लोक से परलोक में और परलोक से इस लोक में ससरण करता है ?

पु०—हाँ।

स्थ०—क्या वही पुद्गल ससरण करता है ?

पु०—यह तो नहीं कहना चाहिये।

स्थ०—क्या अन्य पुद्गल ससरण करता है ?

पु०—यह भी नहीं कहना चाहिये।

स्थ०—क्या अशत वही और अशत अन्य पुद्गल ससरण करता है ?

पु०—यह भी नहीं कहना चाहिये।

स्थ०—क्या न तो वही और न अन्य पुद्गल ससरण करता है ?

पु०—यह भी नहीं कहना चाहिये।

स्थ०—तो अपनी पराजय स्वीकार करो।

तब पुद्गलवादी इसको उलटता है—

पु०—क्या पुद्गल इस लोक से परलोक में और परलोक से इस लोक में संसरण नहीं करता ?

स्थ०—हाँ नहीं करता।

पु०—भगवान् ने कहा है कि—'स्रोतापन्न पुद्गल अधिक से अधिक सात बार [illegible] हो सकता है; जो स्रोतापन्न हो चुका है, उसके दसों संयोजन (सत्काय दृष्टि, [illegible] विचिकित्सा, शीलव्रत परामर्श, कामराग, व्यापाद, रूपराग, अरूपराग, मान, औद्धत्य और अविद्या) क्षीण होकर ही रहेंगे, उसके लिये दुःख का अन्त होना निश्चित [illegible]।

स्थ०—हाँ कहा तो है।

पु०—तो इससे सिद्ध होता है कि पुद्गल संसरण करता है।

[illegible] स्थविरवादी उत्तर देता है—

स्थ०—यदि वही पुद्गल अन्य नहीं इस लोक से परलोक में संसरण करता है तो [illegible] मरणु या मानवविपाक असंभव है। क्या कर्म को मानते हो ? कर्मविपाक को मानते हो ? किये हुये कर्मों के फलों को मानते हो ?

पु०—हाँ, मानते हैं।

स्थ०—तो फिर कुशल और अकुशल कर्मों को मानते पर यह कहना कि वही पुद्गल संसरण करता है, मिथ्या है। क्या आप भी मानते हो कि वही पुद्गल संसरण करता है ?

पु०—हाँ।

स्थ०—वेदना, संज्ञा, संस्कार और विज्ञान से पृथक् पुद्गल संसरण करता है ?

पु०—हाँ।

स्थ०—क्या जीव और शरीर एक ही हैं ?

पु०—यह नहीं कहा जा सकता।

स्थ०—तो फिर अपनी पराजय स्वीकार करो—

यदि स्कन्धों के नाश होने पर पुद्गल भी नाश हो जावे, तो वह उच्छेदवाद की दृष्टि है जिसे भगवान् ने मना किया है; और यदि स्कन्धों के नाश होने पर भी पुद्गल नाश न हो तो पुद्गल शाश्वत हो जायगा और शाश्वत होने पर उसे निर्वाण के समान मानना पड़ेगा।

बुद्धघोष

अट्ठकथा (अर्थकथा)

संवृति सत्य और परमार्थ सत्य—ये दो सत्य हैं। जो लोग इसे न मानकर सत्य सामान्य को मानते हैं और संवृति ज्ञान को भी परमार्थ ज्ञान कहते हैं, वे परमार्थ को नहीं जानते।

यह दुःख रूप संसार प्रतीत्यसमुत्पन्न है, अनित्य है, चल है, परिवर्तनशील है, अध्रुव है। धर्मों की कार्य-कारण-शृङ्खला चलती रहती है। यहाँ न आत्मा है, न अन्य है। हेतु-प्रत्यय की अपेक्षा रख कर धर्म अन्य धर्मों को उत्पन्न करते रहते हैं। इन धर्मों के निरोध के लिये भगवान् बुद्ध ने धर्मोपदेश दिया है। कारण का निरोध हो जाने पर कार्यरूप संसार भग्न हो जाता है। फिर यह मार्ग नहीं रहता। इस प्रकार दुःख का अन्त करने के लिये ब्रह्मचर्यवास किया जाता है। जब कोई सत्व ही उपलब्ध नहीं होते, तो उच्छेद और शाश्वत की कल्पना व्यर्थ है।

मिलिन्द-पन्हो (मिलिन्द-प्रश्न)

१, ४० यवनों के राजा मिलिन्द ने कहा—अरे, यह जम्बूद्वीप तुच्छ है, बिलकुल व्यर्थ है। यहाँ कोई श्रमण या ब्राह्मण ऐसा नहीं है जो मुझसे शास्त्रार्थ करके मेरी शंकाओं को दूर कर सके।

१, ४४ महाराज! नागसेन नामक स्थविर बड़े भारी पण्डित और मेधावी हैं। वे आप के साथ शास्त्रार्थ करके आप की शंकाओं को दूर कर सकते हैं।

२, १-२ तब मिलिन्द ने आयुष्मान् नागसेन के पास जाकर पूछा—भन्ते! आपका शुभ नाम क्या है?

महाराज! सब्रह्मचारी मुझे 'नागसेन' के नाम से पुकारते हैं, वास्तव में इस नाम का कोई पुद्गल (जीवात्मा) नहीं है।

भन्ते नागसेन! यदि नागसेन नामक कोई पुद्गल नहीं है, तो शील की रक्षा कौन करता है? ध्यान-भावना का अभ्यास कौन करता है? आर्य मार्ग के फलरूप निर्वाण का साक्षात्कार कौन करता है? फिर तो कुशल और अकुशल कर्म भी नहीं होने चाहियें। भन्ते! तब तो आपके कोई आचार्य भी नहीं हैं,

कोई उपादान भी नहीं है, फिर तो आपको उपसम्पदा भी नहीं हुई। तो फिर 'नागसेन' कौन है? भन्ते! क्या ये केश नागसेन हैं?

नहीं महाराज!

क्या ये रोयें नागसेन हैं?

नहीं महाराज!

क्या ये नख, दाँत, चमड़ा, माँस, स्नायु, हड्डी, मज्जा, रक्त, मेद, चर्बी नागसेन हैं?

नहीं महाराज!

क्या रूप या वेदना या संज्ञा या संस्कार या विज्ञान नागसेन है?

नहीं महाराज!

क्या रूप-वेदना-संज्ञा-संस्कार-विज्ञान सब मिल कर नागसेन हैं?

नहीं महाराज!

क्या रूप-वेदना-संज्ञा-संस्कार-विज्ञान से भिन्न कोई नागसेन है?

नहीं महाराज!

भन्ते! तब मैं पूछते-पूछते थक गया, किन्तु नागसेन का पता नहीं चला।

१ १ तब आयुष्मान् नागसेन ने राजा मिलिन्द से पूछा—

महाराज! क्या आप यहाँ पैदल आये हैं या किसी सवारी पर?

भन्ते! मैं रथ पर आया हूँ।

महाराज! यदि आप रथ पर आये हैं, तो मुझे बतावें कि—

आपका 'रथ' कौन सा है? क्या रथ-दंड रथ है?

नहीं भन्ते!

क्या अक्ष रथ है?

नहीं भन्ते!

क्या पहिये रथ हैं?

नहीं भन्ते!

क्या रथ का ढाँचा रथ है?

नहीं भन्ते!

क्या जुआ रथ है?

नहीं भन्ते!

क्या रस्सियाँ रथ हैं ?

नहीं भन्ते !

क्या दण्ड-अक्ष-चक्र-रथपञ्जर-युग-रश्मि सब मिलाकर रथ हैं ?

नहीं भन्ते !

क्या इन सब से भिन्न कोई रथ है ?

नहीं भन्ते !

महाराज ! मैं पूछते-पूछते थक गया, किन्तु 'रथ' का पता नहीं लगा।

महाराज ! आप झूठ बोलते हैं कि रथ नहीं है।

२, ४ भन्ते नागसेन ! मैं झूठ नहीं बोलता। रथदण्ड, अक्ष, चक्र, पञ्जर आदि अवयवों की अपेक्षा रख कर 'रथ' यह नाम, संज्ञा, प्रज्ञप्ति, व्यवहार किया जाता है।

महाराज ! बहुत ठीक, अब आपने जान लिया कि रथ क्या है। महाराज ! इसी प्रकार मेरे केश, लोम, रूप, वेदना, सञ्ज्ञा, संस्कार, विज्ञान की अपेक्षा रख कर 'नागसेन' यह नाम, सञ्ज्ञा, प्रज्ञप्ति, व्यवहार किया जाता है। वास्तव में कोई नागसेन नामक पुद्गल नहीं है।

२, १२ राजा बोला—भन्ते नागसेन ! आपकी प्रव्रज्या किसलिये हुई है ? आपका परमार्थ क्या है ?

स्थविर ने उत्तर दिया—महाराज ! यह दुःख रुक जाय और नया दुःख उत्पन्न न हो इसलिये हमारी प्रव्रज्या हुई है। उपादानों के क्षय से होने वाला निर्वाण ही हमारा परमार्थ है।

२, १३ भन्ते ! क्या कोई ऐसा भी है जो मरने के बाद जन्म नहीं लेता ? महाराज ! जिनमें क्लेश (अविद्या-मल) लगा रहता है, वे जन्म लेते हैं और जो क्लेशरहित हो गये हैं, वे जन्म नहीं लेते।

२, १५ भन्ते ! 'बुद्धि' का क्या लक्षण है और 'प्रज्ञा' का क्या लक्षण है ? महाराज ! ऊहापोह की पकड़ बुद्धि का लक्षण है और अविद्या-कृन्तन प्रज्ञा का। जैसे जौ काटने वाले बायें हाथ से जौ की बालों को पकड़ कर और दाहिने हाथ से हँसिया पकड़कर काटते हैं, वैसे ही योगी बुद्धि से मन को पकड़ कर प्रज्ञा से क्लेशों को काट देता है।

२, २३ और महाराज ! स्वप्रकाशता भी प्रज्ञा का लक्षण है। प्रज्ञा होते ही अविद्यारूपी अन्धकार नष्ट हो जाता है और विद्यारूपी प्रकाश फैल जाता है।

तब चारों आर्यसत्य साफ दिखाई देते हैं। वह अपने अस्तित्व के दुःख को और अनात्म को भलीभाँति देख लेता है।

२, २२. महाराज ! वह प्रज्ञा समाधि लगने पर प्राप्त होती है। जितने भी पुण्य धर्म हैं सब समाधि की ओर खिंचते हैं। भगवान् ने कहा है—भिक्षुओ ! समाधि की भावना करो, समाधि लगने पर ही सच्ची प्रज्ञा प्राप्त होती है।

२, २५. भन्ते ! जो उत्पन्न होता है वह वही रहता है या बदल जाता है ?

महाराज ! न वही रहता है, न बदल जाता है। जैसे मैं ही उत्पन्न हुआ बच्चा हुआ खाट पर चित लेटा, बढ़कर हुआ कुछ बड़ा और अब इतना बड़ा हुआ किन्तु ये सब विभिन्न अवस्थायें इस शरीर पर ही चढ़ने से एक ही मान ली जाती हैं। जैसे कोई व्यक्ति दीपक जलावे तो क्या वही दीपक रात भर जलता रहेगा ? रात के पहले पहर में जो दीपक की लौ थी क्या वही दूसरे पहर में भी रहेगी ? और जो लौ दूसरे पहर में थी क्या वही तीसरे पहर में भी बनी रहेगी ?

नहीं भन्ते !

महाराज ! क्या वह दीपक पहले पहर में और, दूसरे पहर में और, तथा तीसरे पहर में और हो जाता है ?

नहीं भन्ते !

महाराज ! ठीक इसी तरह वस्तु के अस्तित्व का प्रवाह चलता रहता है—धर्म-अवस्था के उत्पन्न होने पर कारण-अवस्था निरुद्ध हो जाती है। एक अवस्था उत्पन्न होती है, दूसरी लय होती है—इस प्रकार यह सन्तान चलता रहता है। अतः चित्त न वही रहता है और न अन्य हो जाता है। या जैसे दूध से दही, दही से मक्खन और मक्खन से घी होता है।

२, २६. महाराज ! अर्हत् को न कोई इच्छा रहती है न अनिच्छा, अर्हत् अपने को तुरन्त पकाना नहीं चाहता, वह पकने की राह देखता है। धर्म-सेनापति सारिपुत्र ने कहा है—'न मुझे मरने की चाह है और न जीने की। मैं ज्ञान-पूर्वक सावधानी से अपने समय की प्रतीक्षा कर रहा हूँ।'

महाराज ! नाम-रूप जन्म लेता है। वही नाम-रूप जन्म नहीं लेता, किन्तु इस नाम-रूप द्वारा कृत कर्मों के कारण अन्य नाम-रूप उत्पन्न होता है। जैसे कोई किसी के आम चुरा ले और पूछने पर कहे कि मैंने इसके आम नहीं चुराये। जो इसने आम लगाये थे वे और थे और जो मैंने आम लिये हैं वे और ही हैं।'

फिर भी वह पुरुष चोरी का दण्ड पाने के योग्य है। इसी प्रकार मनुष्य इस नाम-रूप से शुभाशुभ कर्म करता है और उन कर्मों से अन्य नाम-रूप जन्म लेता है, फिर भी वह पुरुष अपने कर्मों से मुक्त नहीं होता।

२, ३३, ३६ महाराज! स्थूल पदार्थ 'रूप' हैं और सूक्ष्म मानसिक धर्म 'नाम' हैं। दोनों अन्योन्याश्रित हैं—जैसे मुर्गी से अण्डा और अण्डे से मुर्गी अथवा जैसे बीज से अङ्कुर और अङ्कुर से बीज होता है, वैसे ही नाम से रूप और रूप से नाम की सत्ता है।

२, ३५ महाराज! भूत, भविष्यत् और वर्तमान मार्ग का मूल कारण अविद्या है। इस अविद्या के आदि का पता नहीं लगता।

४, ६३ भन्ते नागसेन! क्या निर्वाण आत्यन्तिक सुख है, अथवा दुःख से मिश्रित है?

४, ६७ महाराज! निर्वाण आत्यन्तिक सुख है, वह दुःख से सर्वथा अमिश्रित है। जैसे विद्यमान महासमुद्र के जल का परिमाण नहीं किया जा सकता, उसी प्रकार निर्वाण के विद्यमान होने पर भी उसका रूप, स्थान, अवस्था या परिमाण किसी प्रकार नहीं समझाये जा सकते—न उपमा द्वारा, न कारण द्वारा, न हेतु द्वारा, और न तर्क द्वारा।

४, ६९ यद्यपि स्वरूपत निर्वाण का वर्णन नहीं हो सकता, तथापि गुणत उसका वर्णन किया जाता है, यद्यपि परमार्थत निर्वाण अनिर्वचनीय है, तथापि व्यवहार दशा में उसका उपदेश दिया जाता है।

४, ७१ महाराज! जिस प्रकार कमल जल से लिप्त नहीं होता, उसी प्रकार निर्वाण समस्त क्लेशों से अलिप्त है।

४, ७२ महाराज! जैसे शीतल पानी गर्मी दूर करता है और प्यास बुझाता है, वैसे ही निर्वाण भी शीतल होने के कारण समस्त सासारिक क्लेशों की गर्मी दूर करता है और कामतृष्णा, भवतृष्णा तथा विभवतृष्णा की प्यास बुझाता है।

४, ७४ महाराज! निर्वाण, महासमुद्र के समान, महान् और अपरम्पार है, और जैसे महासमुद्र में बडे-बडे जीव रहते हैं, वैसे ही निर्वाण में बडे-बडे क्षीणास्रव, विशुद्ध अर्हत् रहते हैं।

४, ८० महाराज! गिरिशिखर के समान निर्वाण अत्युन्नत, अचल और कठिनता से चढ़ने योग्य है।

४ ८९—९१. महाराज! निर्वाण न अतीत है न अनागत, न प्रत्युत्पन्न न उत्पन्न, न अनुत्पन्न और न उत्पादनीय। वह निर्वाणधातु परमा शान्ति है परमानन्द है, अनुत्तम है, अद्वितीय है। महाराज! निरत हो, सद्धर्म मार्ग पर चल कर भगवान् बुद्ध के उपदेशानुसार संसार के समस्त संस्कारों को अनित्य दुःख और अनात्म जानते हुये निर्मल प्रज्ञा से निर्वाण का साक्षात्कार कर पाता है। निरवहित होने से, उपद्रवरहित होने से, अनाश्रित होने से कृतार्थ होने से, शान्त होने से सुखी होने से, प्रसन्न होने से, अद्वितीय होने से विशुद्ध होने से शीतल होने से निर्वाण का दर्शन हो सकता है।

द्वितीय परिच्छेद

महायानवैपुल्यसूत्र

(१)

ललितविस्तरसूत्र

ज्ञान-समुद्र बुद्ध महात्मा धर्मेश्वर, सर्वज्ञ, मुनि-श्रेष्ठ महानन्द शरीर, देवों और मानवों के पूज्य शाक्य सिंह भगवान् बुद्ध के चरणों का अभिवादन करो।

जन्म के प्रभाव से पूर्व अनुत्तम धर्म के उपदेशक, अविद्या के अन्धकार को नष्ट करने वाले धन्य ऋषि के समान शान्त मूर्ति अपरिमित बुद्धि वाले भगवान् बुद्ध की शरण में समस्त प्राणी भक्तिपूर्वक जावो।

वे अमृत औषध देकर भव रोग को हरने वाले वैद्यराज हैं। वे कुवादियों को परास्त करने वाले तार्किक-शिरोमणि हैं। वे परमार्थ को जानने वाले धर्म-बन्धु हैं। वे उत्कृष्ट नाम-दर्शन लोक-नायक हैं।

वे सद्धर्म का उपदेश देते हैं। वे आदि, मध्य और अन्त तीनों अवस्थाओं में कल्याणकारी, सुन्दर शब्दों और अर्थों से युक्त, पूर्ण शुद्ध, शुभ उपदेश से मोक्ष-मार्ग को प्रकाशित करते हैं।

तथागत यह घोषित करते हैं—हे आनन्द! श्रद्धा उत्पन्न करो। जो मुझमें श्रद्धा रखते हैं उनको मैं अपनाता हूँ; मित्रों के समान वे मेरे शरणागत हैं।

मैं देवताओं का भी देवता हूँ। मैं समस्त देवों में उत्तम हूँ। कोई देवता मेरे समान नहीं है; मुझसे बढ़कर होने का तो बात ही क्या।

तीनों लोक जरा, व्याधि और आधि से जल रहे हैं, मृत्युरूपी अग्नि से प्रदग्ध हैं, अनाथ और असहाय हैं। ससार में आयु, पहाड़ में बरसाती नदी के समान और आकाश में बिजली के समान, वेग से प्रकट होकर शीघ्र नष्ट हो जाती है।

आर्यजन ससार के कामसुखों को भयकर, स्वप्नवत्, सदा वैर कराने वाले, अनेक प्रकार के शोक और उपद्रवों को उत्पन्न करने वाले, तलवार की धार के समान तीक्ष्ण, विषैले तीर की तरह चुभने वाले, क्षणिक और मिथ्या बतलाते हैं।

उस यौवन को धिक्कार है जिसके पीछे बुढ़ापा लगा हुआ है। उस आरोग्यता को धिक्कार है जिसके भीतर विविध रोग छिपे बैठे हैं। उस जीवन को धिक्कार है जो इतना क्षणिक है! उस पण्डित को धिक्कार है जो काम-सुखों के पीछे दौड़ रहा है!

तथागत बोधि का साक्षात्कार करके अजर और अमर पद पाकर सद्धर्म की वृष्टि से भवताप-तप्त लोगों को शान्ति देंगे। वे स्वय इस अनादि और अनन्त भव-सागर को पार करके लोगों को भी अजर, अमर और कल्याणमय स्थल में ले जावेंगे। वे लोगों को ससार-सागर के पार उतार कर अद्वितीय, कल्याणमय, भयरहित, शोकरहित, उपद्रवरहित, मल-रहित, शिव और अमृतमय धर्मधातु में प्रतिष्ठित करेंगे।

भगवान् बोधिवृक्ष के नीचे प्रथम बार अभिसम्बुद्ध हुये। उन्हें प्रतीत्यसमुत्पाद चक्र का साक्षात्कार हुआ। अविद्या से सस्कार, सस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति और जाति से जरामरण उत्पन्न होते हैं। इस प्रकार इस महान दुःखस्कन्ध का समुदय होता है। अविद्या के मिटने पर सस्कार, सस्कार के मिटने पर विज्ञान, विज्ञान के मिटने पर नामरूप, नामरूप के मिटने पर षडायतन, षडायतन के मिटने पर स्पर्श, स्पर्श के मिटने पर वेदना, वेदना के मिटने पर तृष्णा, तृष्णा के मिटने पर उपादान, उपादान के मिटने पर भव, भव के मिटने पर जाति और जाति के मिटने पर जरामरण मिट जाते हैं। इस प्रकार इस महान् दुःखस्कन्ध का निरोध होता है। इस दुःखस्कन्ध के निरोध करने का मार्ग भी तथागत ने जाना है, वह आर्य अष्टागिक मार्ग यह है-सम्यक् दृष्टि, सकल्प, वाक्, कर्मान्त, आजीव, व्यायाम, स्मृति और समाधि। चार आर्य सत्य ये ही हैं—दुःख, दुःख-समुदय, दुःखनिरोध और दुःखनिरोध मार्ग।

तथागत ने इस गभीर, प्रशान्त, सूक्ष्म, निपुण, कठिनाई से ज्ञात होनेवाले,

सर्वदर्शी रागद्वेषरहित पण्डित द्वारा सभी दुर्दम्य सम्पूर्ण संस्कारों का शमन करने वाले परमार्थ और अनिर्वचनीय निर्वाण का साक्षात्कार किया।

(१)

अष्टसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता सूत्र

प्रज्ञापारमिता आकाश के समान निर्लेप अप्रपञ्च्य और अनिर्वचनीय है। जो प्रज्ञापारमिता को पाता है वह तथागत को पा लेता है।

प्रज्ञापारमिता का साक्षात्कार होने पर तार्किक के वाद और तर्क विलीन हो जाते हैं। प्रज्ञापारमिता के अतिरिक्त मोक्ष का अन्य कोई मार्ग नहीं है, यह निश्चित है।

वास्तव में पारमार्थिक दृष्टि से प्रज्ञापारमिता अनिर्वचनीय है, फिर भी व्यावहारिक दृष्टि से लोगों को बोध कराने के लिये भगवान् कृपा करके प्रज्ञापारमिता का उपदेश देते हैं।

बोधिसत्त्व रूप वेदना, संज्ञा संस्कार और विज्ञान रूपी पाँचों स्कन्धों से निर्लिप्त रहता है। वह न इनकी उत्पत्ति मानता है, न विनाश; न इनके कारण मानता है, न कार्य। समस्त धर्म (दृष्टिगम्य पदार्थ) उत्पत्ति और विनाश से रहित हैं।

समस्त धर्म माया और स्वप्न के समान हैं। सम्यक् सम्बुद्ध भी और निर्वाण भी माया और स्वप्न के समान हैं, अन्य धर्मों की तो बात ही क्या। यदि निर्वाण से भी बढ़ कर कोई अन्य धर्म हो तो उसे भी माया और स्वप्न के समान समझना चाहिये।

यदि स्वयं तथागत अर्हत् सम्यक् सम्बुद्ध भी गंगा नदी के बालू के कणों के समान असंख्य कल्पों तक गंभीर स्वर से 'जीव है' 'जीव है' इस प्रकार कहते रहें, तो भी वास्तव में न तो किसी जीव की उत्पत्ति हुई, न हो रही है और न होगी और न किसी जीव का विनाश हुआ, न हो रहा है और न होगा ही, क्योंकि आत्मा आदि-शुद्ध होने के कारण उत्पत्ति और विनाश से लिप्त नहीं है।

न किसी जीव ने निर्वाण प्राप्त किया न किसी ने उसे निर्वाण प्राप्त कराया। धर्मों की धर्मता ही माया के कारण निर्भर है।

तर्क वितर्क, विचार, विरोध—ये सब प्रज्ञापारमिता के बल से शान्त हो जाते

हैं। जितने निमित्त हैं, उतने ही सग हैं, निमित्त से सग होता है। जो सब धर्मों की स्वभाव शान्तता है वही प्रज्ञापारमिता है। तथागत ने सब धर्मों को अकृत जाना है। इस प्रकार का ज्ञान होने पर सब सग कोटियाँ नष्ट हो जाती हैं।

जितने उत्पन्न धर्म हैं वे सब विनाशशील होने के कारण अनित्य हैं, सब दु:खमय हैं। तीनों लोक स्वभावशून्य हैं। समस्त बुद्धिगम्य पदार्थ स्वतन्त्र सत्ता से रहित हैं। पण्डित लोगों को इस प्रकार सब वस्तुओं को अनित्य, क्षणिक और दु:खरूप जान कर क्रमश स्रोतापन्न, सकृदागामी, अनागामी और अर्हत् बनने के लिये यहाँ ही प्रयत्न करना चाहिये।

हे सुभूति! जिस प्रकार महासमुद्र में नौका टूट जाने पर जो लोग पतवार का या लकड़ी के तख्ते का या किसी शव का सहारा नहीं लेते हैं, वे जल में ही डूब जाते हैं, और जो लोग सहारा ले लेते हैं वे पार जाकर स्थल पर स्थित हो जाते हैं, इसी प्रकार जो लोग प्रज्ञापारमिता का सहारा नहीं लेते, वे सर्वज्ञता को न पाकर श्रावक या प्रत्येकबुद्ध ही बने रहते हैं, किन्तु जो लोग प्रज्ञापारमिता को प्राप्त कर लेते हैं वे सर्वज्ञ बन कर अद्वितीय सम्यक् सम्बोधि का साक्षात्कार करते हैं। जिस प्रकार कच्चे घडे में पानी नहीं लाया जा सकता क्योंकि ऐसा करने पर घड़ा गल कर मिट्टी बन जाता है और पानी गन्दा होकर बह जाता है, किन्तु अच्छी तरह पकाये गये घडे में पानी लाया जा सकता है, उसी प्रकार परिपक्व प्रज्ञा का आश्रय लेने पर ही बोधिसत्त्व कृतकृत्य हो सकता है।

सब धर्मों की धर्मता अनिर्वचनीय है, सब धर्म भी अनिर्वचनीय हैं। शून्यता अनिर्वचनीय है। जो प्रज्ञापारमिता में विचरता है वह परमार्थ में विचरता है, निमित्त में नहीं। यह प्रतीत्यसमुत्पाद गम्भीर है। समस्त धर्म नाम-रूप मात्र हैं और उनका निर्वचन केवल व्यवहार-दृष्टि से ही सभव है। समस्त धर्म न आते हैं न जाते हैं, न उनके प्रति राग है न द्वेष, वे सग और असग से रहित हैं, वे ब्रह्मरूप हैं। तथागत प्रपञ्चशून्य हैं। तथागत न आते हैं न जाते हैं। समस्त धर्म बन्धन और मोक्ष से रहित हैं, स्वभाव-शून्य हैं, उनकी अपनी कोई सत्ता नहीं है—यह ज्ञान ही प्रज्ञापारमिता है।

समस्त धर्म कारण-कार्य-शृङ्खला मात्र हैं—प्रतीत्यसमुत्पन्न हैं। उनका उदय और निरोध कैसे होता है, यह महाश्रमणबुद्ध ने बताया है।

(१)

शतसाहस्रिका प्रज्ञापारमिता सूत्र

जो शान्ति के इच्छुक श्रावकों को सर्वज्ञ बना कर परम शान्ति प्रदान करती है, जो मार्ग दिखा कर संसार का हित करने वाली है। जो लोक में परमार्थ को प्राप्त कराने वाली है अथवा जो ज्योतिर्मय परम तत्त्व का साक्षात्कार कराने वाली है, जिसके कारण समस्त विश्व व्याप्त हो जाता है उस श्रावकों बोधिसत्त्वों और बुद्धों की जननी भगवती प्रज्ञापारमिता को हम नमस्कार करते हैं।

रत्न तीन हैं—बुद्ध, धर्म और संघ। आर्यसत्य चार हैं—दुःख समुदय निरोध और मार्ग। स्कन्ध पाँच हैं—रूप वेदना संज्ञा संस्कार और विज्ञान। पारमिता छः हैं—दान शील शान्ति वीर्य ध्यान और प्रज्ञा।

ब्रह्मविहार चार हैं—मैत्री, करुणा मुदिता और उपेक्षा।

ध्यान चार हैं। प्रथम ध्यान के पाँच अंग हैं—वितर्क, विचार, प्रीति, सुख और चित्त की एकाग्रता। द्वितीय ध्यान के चार अंग हैं—आध्यात्मसंप्रसाद, प्रीति सुख और चित्त की एकाग्रता। तृतीय ध्यान के पाँच अंग हैं—उपेक्षा, स्मृति संप्रजन्य सुख और चित्त की एकाग्रता। चतुर्थ ध्यान के चार अंग हैं—उपेक्षा परिशुद्धि, स्मृति और सुख-दुःख से रहित चित्त की एकाग्रता।

प्रथम ध्यान में विहार करने वाला, काम पाप और अकुशल धर्मों से रहित होकर वितर्क, विचार और विवेक से उत्पन्न प्रीतिसुख का अनुभव करता है। द्वितीय ध्यान में विहार करने वाला वितर्क और विचार के शम के कारण उत्पन्न आध्यात्मसंप्रसाद का और चित्तैकाग्र्य के कारण उत्पन्न समाधि के प्रीतिसुख का अनुभव करता है। तृतीय ध्यान में विहार करने वाला प्रीति के उपशम के कारण उत्पन्न उपेक्षा का, परमार्थ स्मृति का और प्रीतिरहित सुख का अनुभव करता है। चतुर्थ ध्यान में विहार करने वाला मन की भली और बुरी अवस्था के शम के कारण सुख और दुःख दोनों के उपशम से उत्पन्न तथा उपेक्षा और स्मृति से परिशुद्ध चित्तैकाग्रता का अनुभव करता है।

समाधि तीन हैं—शून्यता अनिमित्त और अप्रणिहित। शून्यता समाधि में सब धर्मों की स्वभावशून्यता के ज्ञान के कारण उत्पन्न आनन्द का अनुभव होता है। अनिमित्त समाधि में सब धर्मों की प्रतीत्यसमुत्पन्नता के कारण उत्पन्न

आनन्द का अनुभव होता है। अप्रणिहित समाधि में सुख-दुःख आदि समस्त द्वंद रहित चित्तैकाग्रता के कारण उत्पन्न आनन्द का अनुभव होता है।

समस्त बुद्धिग्राह्य पदार्थ मायानिर्मित हैं। न उनकी उत्पत्ति है और न विनाश, न हानि है न वृद्धि; न बन्धन है न मोक्ष, न भाव है न अभाव, न नित्य है न अनित्य, न सुख है न दुःख, न आना है न जाना, न शून्य है न अशून्य।

समस्त पदार्थ केवल व्यवहार दृष्टि से हैं, न उनकी उत्पत्ति है न विनाश। उनकी सत्ता केवल नाम के लिये, संकेत के लिये है। नाम रूप ही शून्यता है, शून्यता ही नाम रूप है। नामरूप ही माया है, माया ही नामरूप है। माया की कोई स्वतन्त्र सत्ता नहीं है। सब कुछ अद्वय है, अद्वैत है।

(४)

दशभूमिक सूत्र

जिसमें उत्तम गुण वाली दस पारमिता का और लोक-कल्याण के लिये सर्वज्ञ बुद्ध द्वारा उपदिष्ट दस भूमि का तथा जन्म-मरणरहित मध्यम मार्ग का वर्णन है उस दशभूमिक सूत्र को बोधि प्राप्त करने के इच्छुक सुनें।

दस भूमि ये हैं—प्रमुदिता, विमला, प्रभाकरी, अर्चिष्मती, सुदुर्जया, अभिमुखी, दूरङ्गमा, अचला, साधुमती और धर्ममेघा।

प्रमुदिता भूमि में बोधिसत्त्व को अधिक प्रमोद, प्रसाद, अहिंसा, प्रीति, अक्रोध और उत्साह होता है। जगत् के विषयों से दूर हट जाने के कारण और बुद्धिभूमि के समीप आने के कारण वह प्रमुदित होता है।

विमला भूमि में बोधिसत्त्व स्वभाव से ही दस कुशल कर्मों से युक्त होता है। वह सम्यग्दृष्टि भी प्राप्त कर लेता है।

प्रभाकरी भूमि में वह उत्पन्न पदार्थों की अनित्यता, दुःखता, अशुभता और प्रतीत्यसमुत्पन्नता का अनुभव करता है और अपने चित्त को विषयों से हटा कर बुद्ध-ज्ञान की ओर प्रेरित करता है। चित्त में मैत्री, करुणा, मुदिता और उपेक्षा की भावना उत्पन्न करता है। उसके दृष्टिकृत बन्धन तो पहले ही क्षीण हो जाते हैं।

अर्चिष्मती भूमि में सत्काय दृष्टि (आत्मदृष्टि) के कारण उत्पन्न होने वाले

तथा क्लेश स्कन्ध धातु और आयतन के प्रति आसक्ति के कारण उत्पन्न सब वितर्क क्षीण हो जाते हैं।

सुदुर्जया भूमि में वह चारों आर्यसत्यों को यथावत् जान लेता है और संवृति सत्य तथा परमार्थ सत्य में कुशल हो जाता है। वह जान लेता है कि सब पदार्थ प्रतीत्यसमुत्पन्न सापेक्ष सान्त, तुच्छ और मिथ्या हैं।

अभिमुखी भूमि में वह यह जान लेता है कि सारा लोकव्यवहार अहंकार तथा आत्मा में आसक्ति के कारण होता है। वह प्रतीत्यसमुत्पाद को यथावत् जान लेता है। उसे ज्ञात हो जाता है कि तीनों लोक चित्तमात्र हैं। उसमें प्रबल महाकरुणा जाग्रत होती है। वह प्रज्ञापारमिता को पा लेता है।

दूरंगमा भूमि में उसे सर्वधर्मशून्यता और पुद्गलशून्यता का ज्ञान होता है। किसी पदार्थ में उसकी आसक्ति नहीं होती। उसको दस पारमिता, चार संग्रह-वस्तु और सारे बोध्यंग धर्म क्षण-क्षण में परिपूर्ण होते हैं। उसके कर्म निष्काम होते हैं।

अचला भूमि में वह जान जाता है कि सारे पदार्थ प्रतीत्यसमुत्पन्न होने के कारण वास्तव में उत्पत्ति, स्थिति और विनाश से रहित होते हैं। उसे समता प्राप्त हो जाती है। वह धर्मधातु में विचरण करता है।

साधुमती भूमि में वह कुशल अकुशल और अव्याकृत धर्मों को यथावत् जान लेता है। बोधिसत्त्व की वाणी में धर्मोपदेश करता है। तथागत के धर्मकोष की रक्षा करता है। सावधान होकर तथागत दर्शन को कभी नहीं छोड़ता। रात-दिन प्रचुर मात्रा में गंभीर बोधिसत्त्व विमोक्ष प्राप्त करता है।

धर्ममेघा भूमि में बोधिसत्त्व सम्यक् और सम्यक् सम्बुद्ध हो जाता है तथा सब समाधियों को पा लेता है। जिस प्रकार चक्रवर्ती राजा अपने ज्येष्ठ राजकुमार को दिव्य सिंहासन पर बैठा कर पुष्प धूप गन्ध, दीप माला, विलेपन चामर, ध्वज, छत्र और गीत के साथ चारों समुद्रों से लाये गये जल को स्वर्णकलश में भर कर उस जल से राजकुमार के मस्तक पर अभिषेक करता है, उसी प्रकार धर्ममेघा भूमि में स्थित बोधिसत्त्व का भगवान् बुद्ध बुद्ध-ज्ञान से अभिषेक करते हैं, तब वह बोधिसत्त्व धर्ममेघा भूमि में प्रतिष्ठित हो जाता है।

(५)

लङ्कावतार सूत्र

जिसमें भगवान् बुद्ध ने धर्मों के नैरात्म्य का उपदेश दिया, वह लङ्कावतार सूत्र यहाँ यत्नपूर्वक लिखा जाता है।

लोक उत्पत्ति और विनाश से रहित है। आकाशकुसुम की तरह मिथ्या है। सदसद् विलक्षण है क्योंकि इसकी उपलब्धि न 'सत्' रूप में हो सकती है और न 'असत्' रूप में। यह ज्ञान प्रज्ञा द्वारा और भगवान् बुद्ध की कृपा द्वारा ही हो सकता है।

विज्ञान के अतिरिक्त (क्योंकि विज्ञान बुद्धिग्राह्य नहीं है, अपितु स्वतः सिद्ध और स्वप्रकाश है) सारे पदार्थ जो बुद्धिग्राह्य हैं मायाजन्य हैं। वे न 'सत्' कहे जा सकते और न 'असत्'। यह ज्ञान प्रज्ञा द्वारा और भगवान् बुद्ध की कृपा द्वारा ही हो सकता है।

धर्मनैरात्म्य और पुद्गलनैरात्म्य तथा ज्ञेयावरण और क्लेशावरण आनिमित्त समाधि में विशुद्ध हो जाते हैं। यह ज्ञान प्रज्ञा द्वारा और भगवान् बुद्ध की कृपा द्वारा ही हो सकता है।

हे महामति ! जिस प्रकार मृत्पिण्ड मृत्परमाणुओं से न तो भिन्न कहा जा सकता है और न अभिन्न, या जिस प्रकार सुवर्ण से बना हुआ आभूषण न तो सुवर्ण से भिन्न कहा जा सकता है और न अभिन्न, उसी प्रकार प्रवृत्तिविज्ञान आलयविज्ञान से न तो भिन्न कहे जा सकते हैं और न अभिन्न, क्योंकि यदि वे भिन्न हैं तो आलयविज्ञान उनका कारण नहीं हो सकता और यदि वे अभिन्न हैं तो उनके निरुद्ध होने पर आलयविज्ञान का भी निरोध होना चाहिये (जो नहीं होता)।

जिस प्रकार समुद्र में वायु की उपाधि के कारण तरङ्गें नाचा करती हैं, उसी प्रकार नित्य आलयविज्ञानरूपी समुद्र में विषयरूपी वायु से प्रेरित होकर प्रवृत्ति-विज्ञानरूपी विविध तरङ्गें नाचा करती हैं और उनके कारण आलयविज्ञान भी नाचता हुआ प्रतीत होता है। जिस प्रकार तरङ्गें समुद्र से न तो भिन्न हैं और न अभिन्न, उसी प्रकार सातों प्रवृत्तिविज्ञान आलयविज्ञान से न तो भिन्न हैं और न अभिन्न। पाँच इन्द्रियविज्ञानों (चक्षु, घ्राण, श्रोत्र, जिह्वा और काय) से विषय की कल्पना अर्थात् वेदना या वासना होती है, मनोविज्ञान द्वारा उसकी उपलब्धि होती है,

विशिष्टमनोविज्ञान द्वारा उसका ज्ञान होता है और इन सबके पीछे इनके आधारभूत एकीकरणशील चित्त या आलयविज्ञान की सत्ता है। वास्तव में ये सभी ही अभिन्न हैं। न ये सत्य हैं न असत्य।

महामति भगवान् बुद्ध से पूछते हैं—हे भगवन्! आप तथागतगर्भ को सर्व-ज्योति आदि विशुद्ध, सर्वजीवान्तर्यामी मलिन वस्तु में छिपे हुए बहुमूल्य रत्न के समान स्कन्ध धातु और आयतन में छिपा हुआ तथा राग द्वेष एवं मोहादि के मैल से मलिन या प्रकट होने वाला नित्य ध्रुव, शिव और शाश्वत बतलाते हैं। तब हे भगवन्! आपका यह तथागतगर्भवाद तीर्थिकों के आत्मवाद से कैसे भिन्न कहा जा सकता है? तीर्थिक भी आत्मा को नित्य निर्गुण विभु और अव्यय मानते हैं। भगवान् बुद्ध उत्तर देते हैं—हे महामति! मेरा तथागतगर्भ तीर्थिकों के आत्मा से भिन्न है। तथागत अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध साधारण लोगों को जो नैरात्म्यवाद से भयभीत हो जाते हैं सुगमतापूर्वक उपदेश देने के लिये निर्विकल्प निराभास प्रज्ञागोचर, तथागतगर्भ का इस प्रकार उपदेश देते हैं। बोधिसत्त्वों को चाहिये कि तथागतगर्भ में आत्मा की भ्रान्ति न करें, इसे आत्मा मान कर इसमें आसक्त न हों। परमार्थ का शुद्धज्ञान द्वारा साक्षात्कार होता है। परमार्थ तर्क और बुद्धि द्वारा प्राप्य नहीं है क्योंकि वहाँ तक वाणी बुद्धि और विकल्प की पहुँच नहीं है। तथागतों का धर्म-उपदेश चतुष्कोटि विनिर्मुक्त होता है। बुद्धि की चारों कोटियाँ (अस्ति, नास्ति, उभय और अनुभय) केवल लोकव्यवहार में चलती हैं। जो इस प्रपञ्च से परे है वही तथागत है। जितने भी बुद्धिग्राह्य पदार्थ हैं उनका अपना कोई स्वभाव (स्वतन्त्र सत्ता) नहीं है, इसीलिये उनको निःस्वभाव (परतन्त्र और सापेक्ष) और अनिर्वचनीय (सदसद्-विलक्षण) कहा गया है। ज्ञान (प्रवृत्तिविज्ञान) चित्त (आलयविज्ञान) पर आश्रित होकर विषयों से सम्बन्धित होता है (विषय-विज्ञप्ति बनाता है) और इस प्रकार केवल तर्क या बुद्धि के व्यावहारिक क्षेत्र तक ही सीमित है (क्योंकि यह ज्ञाता, ज्ञेय और ज्ञान की त्रिपुटी के प्रपञ्च पर निर्भर है)। अनिरोध (अक्षय) और निरास्रव (निर्विकल्प) परमार्थ के क्षेत्र में केवल प्रज्ञा (अपरोक्ष शुद्ध-ज्ञान) की ही पहुँच है।

क्लेशावरण के नष्ट होने पर धर्मनैरात्म्य और ज्ञेयावरण के नष्ट होने पर पुद्गल-नैरात्म्य की उपलब्धि होती है तथा ज्ञेय और उपादान के क्षीण होने पर बुद्धत्व प्राप्त होता है।

निर्विकल्प अपरोक्ष बोधि द्वारा ही तत्त्वसाक्षात्कार होता है। बुद्धि और वाग्विकल्प की पहुँच तत्त्व तक नहीं है, अतः तत्त्व अनिर्वचनीय और अपरोक्षानुभूति-गम्य है। जिस रात तथागत को बोधि का साक्षात्कार हुआ उस रात से लेकर जिस रात तथागत का निर्वाण हुआ उस रात तक तथागत ने तत्त्व के विषय में एक भी अक्षर नहीं कहा क्योंकि बुद्ध-वचन अनिर्वचनीय है। परमार्थ शब्दमात्र नहीं है, अतः जो अक्षरों और शब्दों द्वारा तत्त्वोपदेश देते हैं वे केवल प्रलाप करते हैं। सम्पूर्ण प्रपञ्च का उपशम होने पर ही तत्त्व-साक्षात्कार होता है। शब्द केवल व्यावहारिक सकेत का कार्य करते हैं। उन्हीं को मुख्य नहीं समझना चाहिये। जिस प्रकार यदि कोई व्यक्ति किसी को उँगली से कोई वस्तु दिखलावे। और वह मूर्ख यदि उँगली को ही देखता रहे तो उसे उस वस्तु के दर्शन नहीं हो सकते, जिस प्रकार यदि कोई व्यक्ति किसी को उगली से चन्द्रमा दिखलावे और वह मूर्ख केवल उँगली को ही देखता रहे तो उसे चन्द्रदर्शन नहीं हो सकता, इसी प्रकार शब्दों द्वारा अनिर्वचनीय तत्त्व की ओर सकेत मात्र किया जाता है, किन्तु यदि कोई मूर्ख शब्दों के जाल में ही फसा रहे तो तत्त्वदर्शन नहीं हो सकता।

शून्यता का अर्थ नास्तिक्य नहीं है। 'अस्ति' और 'नास्ति दोनों के पार जाने का नाम 'शून्यता' है। शून्यता को 'अभाव' रूप में समझने की अपेक्षा यह कहीं अधिक अच्छा है कि सुमेरु पर्वत के बराबर विशाल 'भावदृष्टि' रक्खी जाय। जो शून्यता को 'अभाव' मानता है वह 'वैनाशिक' है अर्थात् उसे ही जगत् का, पुण्य-पाप का, धर्म-अधर्म का, भाव-अभाव आदि का विनाश अभीष्ट है, शून्यवादी को नहीं। यह ससार वास्तव में न तो 'सत्' है, न 'असत्' और न 'सदसत्'। यह सापेक्ष और अनिर्वचनीय है, केवल व्यावहारिक है, पारमार्थिक नहीं। जब यह ज्ञान हो जाता है तब चित्त विषयों से हट जाता है और अहङ्कार, ममकार के क्षीण हो जाने से सच्चा नैरात्म्य ज्ञान होता है। तीनों लोक विकल्पमात्र लगते हैं। फिर पुद्गलनैरात्म्य के साथ-साथ धर्मनैरात्म्य की उपलब्धि होने लगती है और समस्त बाह्य पदार्थ भी, जीवात्मा की तरह, विकल्पमात्र प्रतीत होते हैं। विषय और जीव के पार जाने पर विशुद्ध चैतन्यरूप 'चित्तमात्र' या 'विज्ञान-मात्र' की ही उपलब्धि होती है—यही ताथागती प्रज्ञा है। तर्कप्रपञ्च और बुद्धि की कोटियों में फँसे प्राणी अद्वय तत्त्व की ओर प्रवृत्त नहीं हो पाते। सविकल्प बुद्धि ही तीनों लोकों के दुःखों की जननी है और तत्त्वसाक्षात्कार ही दुःखों के विनाश का एक मात्र कारण है।

(६)

सद्धर्मपुण्डरीक सूत्र

हे शारिपुत्र! बुद्धज्ञान अत्यन्त दुर्बोध और गम्भीर है। इसको पाना कठिन है। इसकी ठीक उपलब्धि न होने पर अर्थ का अनर्थ हो जाता है। देवता और मनुष्य भयभीत हो जाते हैं। भिक्षु अभिमानी बन कर पतित हो जाते हैं। सद्धर्म तर्क-गम्य नहीं है। इसका केवल तथागतों द्वारा ही साक्षात्कार हो सकता है।

फिर भी बिना व्यवहार के परमार्थ का उपदेश नहीं दिया जा सकता, अतः तथागत अर्हत् सम्यक्सम्बुद्ध अनेक पुरुषों के हित के लिये, अनेक पुरुषों के सुख के लिये लोक पर अनुकम्पा करके, महान् जनसमूह के लिये, देवों और मनुष्यों के हित और सुख के लिये अनेक प्रकार के उपाय कौशल से सद्धर्म को प्रकाशित करते हैं।

जो समस्त बुद्धिगम्य पदार्थों को स्वतन्त्र सत्तारहित होने के कारण 'अलक्षण और स्वभावशून्य' समझता है वही भगवान् बुद्ध की बोधि को वास्तव में जानता है। जो इसे नहीं जानते वे मन्दभाग्यशाली लोग, जात्यन्धों के समान अविद्या से लेकर 'जरा-मरण' तक के बारह अङ्गों वाले दुःखमय 'प्रतीत्यसमुत्पाद' चक्र भवचक्र में संसरण किया करते हैं। जो सब धर्मों को माया, स्वप्न कदली-स्कन्ध प्रतिध्वनि आदि के समान निःसार समझता है, जो तीनों लोकों को स्वभावशून्य तथा बन्धन मोक्ष रहित और अनन्त 'सम' (समान) जानता है, वही शिवस्वरूप (कल्याणमय) अमृतमय शाश्वत निर्वाण का साक्षात्कार करता है।

(७)

समाधिराज सूत्र

मैं बुद्ध-ज्ञान प्राप्त करने की इच्छा से उस महाज्ञान की स्तुति करता हूँ जिसकी न उत्पत्ति है न विनाश जो परम शुद्ध है जो शब्द-गम्य नहीं है और जो सब प्राणियों को इस घोर संसार-सागर के पार पहुँचा कर उनको शान्त शिव और अविलीन निर्वाण-स्थल पर प्रतिष्ठापित करता है।

मैं ज्ञान हो जाने के कारण पाँचों स्कन्धों को स्वभाव-शून्य मानता हूँ;

उनको स्वभाव-शून्य मानने के कारण मैं क्लेशों और उपक्लेशों से पीड़ित नहीं होता, मैं परिनिर्वृत होकर इस लोक में व्यवहार-मार्ग को निभा रहा हूँ।

नीतार्थ (परमार्थ) दृष्टि से सब धर्मों को भगवान् बुद्ध ने स्वभाव-शून्य बतलाया है, किन्तु नेयार्थ (व्यवहार) दृष्टि से पुद्गल या जीव की और अन्य सब धर्मोंकी सत्ता मान्य है।

किसी शीशे में या तैल-पात्र में अलङ्कृत नारीमुख के प्रतिबिम्ब को देख कर यदि कोई मूर्ख रागवश कामवासना की तृप्ति के लिये उसके पीछे दौड़े तो उसे प्रतिबिम्ब में वास्तविक सुख नहीं मिल सकता, उसी प्रकार सांसारिक पदार्थों के पीछे पागल होकर दौड़ने वाले को कोई वास्तविक सुख नहीं मिल सकता। जिस प्रकार गन्धर्वनगर, मृगमरीचिका, माया, स्वप्न इत्यादि हैं उसी प्रकार समस्त सांसारिक पदार्थ को भी स्वभावशून्य और प्रतीत्यसमुत्पन्न होने के कारण वास्तव में अनुत्पन्न समझना चाहिये। जिस प्रकार कोई कुमारी स्वप्न में पुत्र-जन्म से प्रसन्न और पुत्र-मृत्यु से दुःखी हो, उसी प्रकार सांसारिक पदार्थों की प्राप्ति से साधारण लोगों को हर्ष और अप्राप्ति या विनाश से दुःख होता है। वास्तव में सांसारिक पदार्थ न 'सत्' हैं न 'असत्', न उनकी उत्पत्ति है न विनाश। जो लोग 'अस्ति' और 'नास्ति' की कल्पनाओं में फँसे हुये हैं उनका दुःख शान्त नहीं होता। 'अस्ति' और 'नास्ति', 'शुद्धि' और 'अशुद्धि', दोनों बुद्धि की कोटियाँ हैं; पण्डित जन इन दोनों कोटियों को छोड़ देते हैं और 'मध्य' में भी चिपके नहीं रहते, वे उसके भी पार चले जाते हैं। 'अस्ति', 'नास्ति' आदि, सब तर्क-विवाद हैं। विवाद करने से दुःख-निवृत्ति नहीं होती।

बहुत से लोग 'शून्यता' 'शून्यता' चिल्लाते हैं, किन्तु उसका अर्थ नहीं जानते। शून्यता के वास्तविक अर्थ को बिना समझे ही वे हम पर मिथ्या लाञ्छन लगाते हैं और हमारे शत्रुओं से प्रेरित होकर हमारे विरुद्ध विष वमन करते हैं। किन्तु हम उनसे झगड़ा नहीं करते। अद्वय शून्यवाद में विरोध को स्थान कहाँ? हम उन मूर्खों से लड़ने के बजाय उनका सत्कार करके उनको विदा करते हैं। यदि कोई भगवान् बुद्ध के सदुपदेश को नहीं समझे या अन्यथा समझे तो यह उसी भवातुर प्राणी का दोष है, न भगवान् का और न उनके सदुपदेश का, जिस प्रकार यदि कोई रोगी उसके रोग की रामबाण औषधि को सेवन ही न करे या विष समझ कर फेंक दे तो यह उस रोगी का ही दोष है, न कि औषधि का या वैद्य का।

(८)

सुवर्णप्रभास सूत्र

त्रिगुण-विधान रूप बुद्ध-काय ही बोध और अनुत्तम प्रभव के रूप में प्रतीत होता है। संसार बुद्ध-काय का बिम्ब मात्र है, वास्तविक परिणाम नहीं। जब प्रज्ञा के प्रासाद में पुष्प लगने लगेंगे तब बुद्ध काय का सरसों के बराबर परिणाम होगा। जब शरणार्थों से स्वर्गारोहण के लिये बुद्ध सीढ़ियाँ निर्मित होंगी तब बुद्ध-काय का वास्तविक परिणाम होगा। वास्तव में बुद्ध-काय धर्मकाय है, तथागत धर्मधातु-स्वरूप हैं, त्रिगुणविधानरूप हैं—यही सच्चा धर्मोपदेश है। समस्त पदार्थ स्वभावशून्य हैं। अविपाकत्व और प्रतीत्यसमुत्पन्न हैं। विद्वान् को चाहिये कि ज्ञानरूपी तलवार से इस क्लेशरूपी जाल को काट डाले और उदार निर्विकल्प बोधि का साक्षात्कार करे।

आओ हम सब मिल कर इस श्रेष्ठ धर्म का प्याला पीवें इस श्रेष्ठ धर्म का शंख बजावें, इस श्रेष्ठ धर्म की मशाल जला कर अज्ञानान्धकार को दूर करें, इस श्रेष्ठ धर्म की वर्षा करके संसारतापसन्तप्त प्राणियों को शान्ति दें।

अन्य महायान सूत्र

(१)

वज्रच्छेदिका

हे सुभूति! तथागत की सम्यक् सम्बोधि अनुत्तर है इसलिये भगवान् बुद्ध भी अनुत्तर हैं। यह अनुत्तर ही परमार्थ है। तथागत का अर्थ है जो न कहीं जाता है और न कहीं से आता है।

(२)

नैरात्म्य परिपृच्छा

लोकधर्मों में लिप्त मूर्ख जन इस भव-चक्र में घूमा करते हैं। वे परमार्थ को नहीं जानते जहाँ मन का निरोध हो जाता है। सारे संस्कृत पदार्थ अनित्य अध्रुव और क्षणभंगुर हैं, अतः परमार्थ के ज्ञाता को संवृति का त्याग कर देना चाहिये। स्वर्गलोक में भी जो देव, गन्धर्व अप्सराएँ आदि हैं उन उनका पुण्य क्षीण हो जाने पर पतन हो जाता है—यह सब संवृति का फल है। अतः विद्वान् को चाहिये

कि दिव्य स्वर्ग-सुख को भी छोड़ कर सदा स्वप्रकाश बोधिचित्त की भावना करे। बोधिचित्त निःस्वभाव (भाव, अभाव आदि कोटियों से अस्पृष्ट), निरालम्ब (निरपेक्ष), प्रपञ्चशून्य, आलयातीत और अद्वय है।

(३)

राष्ट्रपाल परिपृच्छा

इस ससार में किसी को न माता, न पिता और न बन्धु-बान्धव दुर्गति से बचा सकते है, अपने ही शुभाशुभ कर्म मृत्यु के बाद भी जीव के साथ जाते हैं।

जो पाप कर्म छोड़ कर पुण्य कर्म करते है वे, शुक्लपक्ष में चन्द्रमा के समान, नित्य बोधिमार्ग में बढते रहते है।

करोड़ों कल्पों के बाद लोक-कल्याण करने वाले महर्षि बुद्ध उत्पन्न होते हैं।

वह उत्तम क्षण सौभाग्य से प्राप्त हो गया है। यदि मोक्ष की इच्छा हो तो प्रमाद छोड़ दो।

इस जगत् को अनाथ तथा जन्म, जरा, मरण, शोक, रोग आदि से पीड़ित देखकर भगवान् बुद्ध कल्याणकारी धर्मनौका द्वारा लोगों को भवसागर के पार ले जाते हैं।

(४)

मञ्जुश्री परिपृच्छा

हे मञ्जुश्री! जिसने सारे पदार्थों को अनुत्पन्न जान लिया उसने दुःख को जान लिया। जिसने सारे पदार्थों की तुच्छता देख ली उसने दुःखसमुदय रोक लिया। जिसने सारे पदार्थ आदि-शान्त समझ लिये उसे दुःख-निरोध का साक्षात्कार हो गया। जिसने सारे पदार्थों का अभाव देख लिया उसे मार्ग की भावना हो गई।

(५)

शालिस्तम्ब सूत्र

जो प्रतीत्यसमुत्पाद को प्रज्ञा द्वारा यथावत् शिव, अभय, अनिराकरणीय, अव्यय और नित्य देखता है वह बुद्धि की आदि, मध्य और अन्त की कोटियों में नहीं फँसता।

(१)

रत्नकूट सूत्र

हे काश्यप ! शून्यता को मिथ्या प्रमाण रूप में समझने की अपेक्षा यह कहीं अधिक अच्छा है कि सुमेरु पर्वत के बराबर आत्मदृष्टि मानी जाय। यह किसलिये ? इसलिये कि सब दृष्टियों से पिण्ड छुड़ाने का नाम ही शून्यता है। जो शून्यता को भी किसी 'दृष्टि' के रूप में ग्रहण करता है वह असाध्य है। मान लो कि किसी रोगग्रस्त के रोगी को वैद्य ने एक तेज रेचक औषध दी, अब यदि वह औषध रोगी के पेट से सब दोषों को बाहर निकाल कर स्वयं कोठे से न निकले तो क्या तुम समझते हो कि वह रोगी रोगमुक्त हो गया ? दोष के साथ औषध को भी निकलना चाहिये अन्यथा वह पेट में और गड़बड़ करेगी, इसी प्रकार सब दृष्टियों के साथ 'शून्यता-दृष्टि' भी दूर होनी चाहिये।

आयुष्मान् भिक्षुओ ! शील समाधि और प्रज्ञा का न तो संसरण होता है न निर्वाण। ये धर्म निर्वाण के सूचक हैं और स्वभाव से ही अत्यन्त विशुद्ध हैं। संज्ञावेदयित निरोधसमापत्ति (सर्वोत्कृष्ट समाधि) प्राप्त करो। इसके बाद कुछ कर्तव्य नहीं रहता।

आयुष्मान् सुभूति ने उन भिक्षुओं से इस प्रकार कहा—

'आयुष्मान् भिक्षुओं ! आप कहाँ गये थे और कहाँ से आये हैं ?' उन्होंने उत्तर दिया— भदन्त सुभूति ! भगवान् का धर्मोपदेश न तो कहीं जाने के लिये है और न कहीं से आने के लिये।

'आपके उपदेशक हैं ?'

'जिनकी न उत्पत्ति है न निर्वाण।'

'आपने धर्म किस प्रकार सुना ?'

'न बन्धन के लिये न मोक्ष के लिये।'

'आपको किसने दीक्षा दी ?'

'जिसका न शरीर है न चित्त।'

'आप किस लिये प्रयत्न हैं ?'

'न अविद्या के विनाश के लिये न विद्या की उत्पत्ति के लिये।'

'आप किसके श्रावक हैं ?'

'जिसे न क्लेश हुआ न अभिसम्बोधि।'
'आपके साथी कौन हैं?'
'जो तीनों लोकों में नहीं विचरते।'
'क्या आप लोग अपना कर्तव्य कर चुके?'
'अहङ्कार और ममकार को जान लिया।'
'क्या आप लोगों के क्लेश क्षीण हो गये?'
'समस्त सासारिक धर्मों के अत्यन्त क्षय के कारण।'
'क्या आप लोगों ने मार (काम) पर विजय पा ली?'
'पञ्चस्कन्ध की अनुपलब्धि से।'
'आप गुरु की सेवा कर चुके?'
'न शरीर से, न वाणी से, न मन से।'
'आप ससार का पार कर चुके?'
'उत्पत्ति और विनाश रहित होने से।'
'आप चरम भूमि पर पहुँच चुके?'
'बुद्धि की समस्त कोटियों को छोड़ देने के कारण।'

अश्वघोष

(१)

सौन्दरनन्द

स्नेह से बढ़ कर पाश नहीं है। तृष्णा से बढ कर मनोहर स्रोत नहीं है। राग से बढ कर आग नहीं है। यदि ये तीनों न हों, तो सुख ही सुख है। ५, २८

स्वप्नवत् असार और साधारण कामसुख से अपने चञ्चल चित्त को हटा लो, पवन से प्रेरित अग्नि जिस प्रकार हव्य पदार्थों से तृप्त नहीं होती, उसी प्रकार लोगों की कामसुख से तृप्ति नहीं होती, प्रत्युत उपभोग से तृष्णा बढ़ती ही जाती है। ५, २३

जगत्-प्रपञ्च और जीव दोनों ही माया के समान हैं, इन्द्रजाल के समान हैं, क्षणिक हैं। यदि दुःखजाल को काट फेंकने की इच्छा हो तो प्रियजनरूपी मोहजाल को छोड़ दो। ५, ४५

आत्माराम अल्पाहारी मुनि एकान्त में घूमता हुआ प्रेम से केवल पानी ही पीकर रह जाय तो भी उसे इन्द्र के सार्वभौमत्व से भी बढ़ कर सुख मिलता है। १४ ५२

तृष्णा आदि को ही जन्म-जन्मान्तर का कारण मानना चाहिये। दुःख का नाश उसके कारण के नाश से ही होता है। अतः तृष्णा आदि को छोड़ कर शान्त, शिव और अक्षय तत्त्व का साक्षात्कार करना चाहिये। १६ २५-२६

जहाँ जन्म, जरा, मृत्यु, व्याधि-आधि तथा भय अप्रियसंयोग और प्रियवियोग आदि नहीं होते वही अक्षय शिव और अच्युत स्थान है। १६ २७.

दीपक जब बुझने लगता है तो न पृथ्वी की ओर जाता है न आकाश की ओर और न किसी दिशा-विदिशा की ओर, केवल तेल के क्षीण होने पर वह बुझ जाता है, इसी प्रकार जब योगी निर्वाण प्राप्त करता है तो न पृथ्वी की ओर जाता है न आकाश की ओर और न किसी दिशा-विदिशा की ओर, केवल क्लेश के क्षीण होने पर वह मुक्ति प्राप्त करता है। १६ २ -२९.

मेरा न तो कोई प्रिय है और न कोई अप्रिय, मुझे न राग है न द्वेष, द्वेष के नाश से मैं खूब सुखी हूँ मानों सर्दी-गर्मी दोनों से छूट गया हूँ। १७ ६७

तुम परम गति पा चुके हो। तुम अपना कर्तव्य कर चुके हो। अब तुम्हारे लिये कुछ करना शेष नहीं रहा है। फिर भी, हे सौम्य! अब तुम लोकानुकम्पा के लिये, दुःखी प्राणियों को दुःख से मुक्त करने के लिये स्वतन्त्र विचरो। १८ ५४

मुझे प्रणाम करना मेरी पूजा नहीं है मेरे धर्म को इस विधान के साथ समझना ही मेरी सच्ची पूजा है। १ २९.

(अश्वघोष कहते हैं कि) मैंने यह 'सौन्दरनन्द' काव्य निर्वाण के लिये लिखा है, रति के लिये नहीं। मैंने अन्यत्र (महाकाव्य-कथोपकथन शास्त्र में) जो बातें मोक्ष के लिये लिखी हैं उन्हीं से कुछ यहाँ काव्य के बहाने लिखी हैं ताकि सांसारिक प्राणी मधुमिश्रित कड़वी दवा के समान इन्हें आसानी से ग्रहण कर सकें। १ ६३.

१. सौम्य

(२)

बुद्धचरित

रूप को हरने वाली, बल को मिटाने वाली, शोक की जननी, रति की मृत्यु, स्मृति को नष्ट करने वाली और इन्द्रियों की शत्रु यह जरा नामक राक्षसी है जिसने इस व्यक्ति को भग्न कर रक्खा है। ३, ३०

निःसन्देह समय पाकर आपको भी यह वृद्धावस्था धर दबावेगी। रूप का विनाश करने वाली इस वृद्धावस्था को सब लोग जानते हैं, सब लोग इससे घबराते हैं, फिर भी सब लोग इसे चाहते हैं। ३, ३३

फूले हुये पेट वाला, खाँसी से शरीर को कँपाने वाला, ढीले कन्धे और हाथ वाला, दुबले और पीले शरीर वाला, करुण स्वर में 'माँ' 'माँ' पुकारने वाला और दूसरे व्यक्ति का सहारा लेकर चलने वाला यह कौन है? ३, ४१

तब सारथी ने उत्तर दिया—सौम्य सिद्धार्थ! इस व्यक्ति का धातुप्रकोप अत्यन्त बढ़ गया है। यह रोग नामक महान् अनर्थ है जिसने इस शक्तिशाली व्यक्ति को भी क्षण भर में परतन्त्र बना दिया है। ३, ४२

बुद्धि, इन्द्रिय और प्राणरहित, दीर्घनिद्रा में सुप्त, सज्ञाहीन, तिनके और लकड़ी के समान जड़ यह उस व्यक्ति का शव है जिसको उसके अभिभावकों ने बड़े यत्न से रक्षा करते हुये पाला पोसा और बड़ा बनाया था और आज वे लोग ही, क्योंकि उनको केवल प्रिय पदार्थ ही प्रिय लगते हैं, मर जाने पर इसको जलाने ले जारहे हैं। (अथवा—अब मर जाने पर इसको मित्र और शत्रु दोनों ही अर्थी में यत्नपूर्वक बाँध कर जलाने ले जारहे हैं।) ३, ५७

तब सारथी ने फिर कहा कि सारे प्राणियों की यही अन्तिम गति है। चाहे हीन हो, चाहे मध्यम, चाहे उत्तम, सब प्राणियों की मृत्यु निश्चित है। ३, ५९

(बुद्ध उपदेश देते हैं—) मैंने जरा-मरण के भय को जान कर मोक्ष की इच्छा से इस धर्मका आश्रय लिया है। मैं अशुभ गति के हेतु कामों को और रोते हुये बन्धुओं को पहले ही छोड़ चुका हूँ। ११, ७

मैं उग्र सर्पों से, आकाश से गिरनेवाले वज्रों से और पवन से प्रवृद्ध अग्नि से उतना नहीं डरता जितना मैं इन विषयों से डरता हूँ। ११, ८

जिस प्रकार पवन से प्रचंड अग्नि की ईंधन से तृप्ति नहीं होती, उसी प्रकार काम से तृष्णातुर पुरुष की तृप्ति नहीं होती। जिस प्रकार समुद्र उसमें मिलने वाले नदियों के पानी से तृप्त नहीं होता उसी प्रकार काम से पुरुष तृप्त नहीं होता। ११ १ ११

मान्धाता की इन्द्र के आधे सिंहासन को पाकर भी विषयों में तृप्ति नहीं हुई। स्वर्गों में प्राप्त नहुष ने अभिमानोन्मत्त होकर महर्षियों से अपनी पालकी उठवाई और फलस्वरूप सर्प हो च्युत हुआ। ११ १३-१४

वल्कल के वस्त्र पहनेवाले फल, मूल, जल खाने पीने वाले बड़े बड़े सर्पों के समान लम्बी जटायें रखने वाले और कृशरूप मुनियों तक को जिन विषयों ने गिरा दिया उन विषयरूपी शत्रुओं को जीतना बड़ा कठिन है। ११ १७

संसार दुःखमय है, यहाँ सुख, दुःख और काम क्रोध आदि आते जाते रहते हैं; इस दुनिया में कोई व्यक्ति न तो अत्यन्त सुखी है और न अत्यन्त दुःखी ही। ११ १

जहाँ जरा, भय, रोग जन्म मृत्यु, व्याधि आदि नहीं हैं वही पद परम उत्तम है—वहाँ कर्म-क्षय के कारण परम शान्ति है। ११ ५१

सत्त्व एवं प्रसाद मन होने पर समाधि लगती है और समाधि लगने पर चित्त-धारा का प्रवाह होता है, ध्यान प्रवाह के कारण से धर्म प्राप्त होते हैं जिनसे मनुष्य शान्त, अजर, अमर, परम और अच्युत पद प्राप्त होता है। १२ १ ५-१ ६

तृतीय परिच्छेद

शून्यवाद

नागार्जुन

(१)

मूलमाध्यमिक कारिका

मङ्गलाचरण—हम उपदेशकुशल परमशास्ता भगवान् बुद्ध की वन्दना करते हैं जिन्होंने कृपया प्रतीत्यसमुत्पाद का उपदेश दिया। लौकिक दृष्टि से ज प्रतीत्यसमुत्पाद दुःखमय भव-चक्र है वही पारमार्थिक दृष्टि से परम मंगलमय एवं परमानन्दरूप अद्वय तत्त्व है जहाँ समस्त प्रपञ्च शान्त हो जाते हैं—जहाँ न निरोध है न उत्पत्ति, न अनित्य है न नित्य, न एक है न अनेक और न आना है न जाना।

प्रत्यय परीक्षा—अजातिवाद ही सत्य है। कोई भी पदार्थ कभी, कहीं और कदापि उत्पन्न नहीं हो सकता। कोई पदार्थ न अपने आप उत्पन्न होता है न दूसरे के कारण, न अपने और दूसरे दोनों के कारण और न विना कारण। १, १

हीनयानी चार प्रत्यय मानते हैं—हेतु अर्थात् उत्पत्तिकारण, आलम्बन अर्थात् विषय, समनन्तर अर्थात् उत्पत्ति के पूर्व का क्षण और अधिपति अर्थात् निर्णायक नियम। कोई पाँचवाँ प्रत्यय नहीं है। १, २

कारण की सिद्धि के लिये आवश्यक है कि उसकी कोई सत्ता हो। किन्तु न तो 'सत्' उत्पन्न होता है और न 'असत्' तो फिर कारण में सत्ता कहाँ आयगी ? और जब स्वयं कारण की ही कोई सत्ता नहीं है तो फिर वह कार्य सत्ता का जनक कैसे होगा ? १, ३

फिर, कारण में कार्योत्पाद की शक्ति भी होनी चाहिये। शक्ति का अर्थ अर्थक्रियासामर्थ्य। किन्तु क्रिया न तो कारण में रहती है और न अकारण में कारण भी न तो सक्रिय है और न अक्रिय। अतः कारण का अर्थक्रियासामर्थ्य असिद्ध हुआ। १, ४

कारण को कारण इसीलिये कहा जाता है कि उसके होने पर कार्य उत्पन्न

होता है। किन्तु जब तक कार्य उत्पन्न नहीं होता तब तक तो कारण को अकारण ही कहना पड़ेगा। १ ५.

न तो सत् पदार्थ का कारण बनना बन सकता और न असत् पदार्थ का, क्योंकि यदि पदार्थ 'असत्' है तो उसका कारण मानने की आवश्यकता ही नहीं, और यदि पदार्थ 'सत्' है तो वह विद्यमान है और इसी अपनी उत्पत्ति के लिये किसी कारण की अपेक्षा नहीं। १ ६

जब न 'सत्' न 'असत्' न 'सदसत्' पदार्थ उत्पन्न हो सकता है तो हेतु अर्थात् उत्पत्ति-कारण स्वयं असिद्ध हुआ। १ ७

आलम्बन प्रत्यय भी असिद्ध है क्योंकि विषय के लिये आवश्यक है कि पूर्व में विज्ञान विद्यमान हो और जब विज्ञान विषय से पूर्व विद्यमान है तो फिर बाद में यह विषय का आलम्बन कैसे हो सकता है? १ ८

उत्पन्न धर्मों का निरोध नहीं हो सकता। जब किसी पदार्थ की उत्पत्ति ही सिद्ध नहीं है तो समनन्तर प्रत्यय अर्थात् उत्पत्ति के पूर्व का क्षण कैसे सिद्ध हो सकेगा? यदि च, क्षणिक होने के कारण उत्पत्ति के पूर्व के क्षण का तुरन्त निरोध होना चाहिये। प्रथम तो उत्पत्तिपूर्वक्षण की ही उत्पत्ति सिद्ध नहीं है और जब उसकी उत्पत्ति ही नहीं तो फिर उसका निरोध कैसे? और यदि मान भी लिया जाय कि उसका निरोध सम्भव है तो क्षणिक होने के कारण स्वयं निरुद्ध कारण-क्षण कार्य-क्षण को कैसे उत्पन्न कर सकेगा? १ ९.

हीनयानी मानते हैं कि कारण-क्षण बिना कार्य-क्षण को जन्म दिये नष्ट नहीं होता। कारण के होते ही तुरन्त कार्य उत्पन्न होता है— 'अस्मिन् सति इदं भवति'- यह अधिपति प्रत्यय का निर्वचन नियम है। किन्तु वस्तुतः ये समस्त असत् पदार्थ सापेक्ष और मिथ्या हैं, उनका कोई स्वभाव (स्वतन्त्र सत्ता) नहीं है, इनकी अपनी कोई सत्ता नहीं है। जब कारण की ही सत्ता नहीं है तो कार्य की सत्ता कैसे होगी? अतः अधिपति प्रत्यय भी असिद्ध हुआ। १ १

अतः चारों प्रत्यय व्यर्थ सिद्ध हुए। यदि कार्य अपने कारण में विद्यमान है तो वह उत्पन्न पदार्थ है और उसकी पुनरुत्पत्ति मानना व्यर्थ है। सत्कार्यवाद के अनुसार दूध को ही दही और तन्तुओं को ही पट मानना पड़ेगा। और यदि कार्य अपने कारण में विद्यमान नहीं है तो उसकी उत्पत्ति ही नहीं हो सकती।

असत्कार्यवाद के अनुसार कार्य शशशृङ्ग और वन्ध्यापुत्र के समान है, अत अजातिवाद की ही शरण लेनी पड़ती है। कार्य और कारण सापेक्ष होने से स्वभाव शून्य और मिथ्या हैं। इनकी कोई वास्तविक सत्ता नहीं। अत पारमार्थिक दृष्टि से न उत्पाद है और न विनाश। १, १४

गतागत परीक्षा—गति भ्रान्ति है। 'गत' मार्ग पर गमन नहीं हो सकता क्योंकि वह पहले ही 'गत' हो चुका है, 'अगत' मार्ग पर भी गमन नहीं हो सकता क्योंकि वह तो 'अगत' है, 'गतागत' मार्ग की कल्पना असङ्गत है, और 'गत' और 'अगत' दोनों से विलक्षण में गति का प्रश्न ही नहीं उठता। २, १

गन्ता में गति नहीं हो सकती, अगन्ता में गति होने ही क्यों लगी, तथा गन्ता और अगन्ता दोनों से भिन्न किसी तृतीय पदार्थ में गति की कल्पना ही नहीं की जा सकती। २, ८

यदि गति और गन्ता एक हों, तो क्रिया और कर्ता का ऐक्य हो जायगा, और यदि गति और गन्ता भिन्न हों, तो विना गति के गन्ता की तथा विना गन्ता के गति की कल्पना करनी पड़ेगी। २, १९–२०

अत गति, गन्ता और गम्य स्थल तीनों सापेक्ष हैं और इसीलिये मिथ्या हैं। ५,२५

इन्द्रिय परीक्षा—इसी प्रकार चाक्षुप आदि इन्द्रिय-प्रत्यक्ष भी मिथ्या हैं। न तो 'दृष्ट' देखा जा सकता है और न 'अदृष्ट' और न दृष्ट तथा अदृष्ट दोनों से विलक्षण 'दृश्यमान'। ३, १

धातु परीक्षा—इसी प्रकार धातु, आयतन आदि भी सापेक्ष और मिथ्या हैं। जो मन्द बुद्धि लोग सदसद्विलक्षण सासारिक पदार्थों के 'अस्तित्व' या 'नास्तित्व' की कल्पना करते हैं, वे प्रपञ्च-जाल में फँसे रहते हैं और प्रपञ्चोपशम शिव तत्व का साक्षात्कार नहीं कर पाते। ५, ८

संस्कृत परीक्षा—समस्त 'सस्कृत' अर्थात् अविद्यासस्कारजन्य सासारिक पदार्थ सापेक्ष, सदसद्विलक्षण और मिथ्या हैं। न उनकी उत्पत्ति है, न स्थिति और न विनाश। उत्पत्ति, स्थिति और विनाश तीनों माया के समान, स्वप्न के समान, गन्धर्व-नगर के समान मिथ्या हैं। ७, ३४

अग्नीन्धन परीक्षा—इसी प्रकार पुद्गल या जीव भी सापेक्ष और मिथ्या है। यह न तो पञ्चस्कन्धरूप है और न उनसे भिन्न। यदि स्कन्धों का और जीव

का ऐक्य माना जाय तो स्कन्धवत् पुद्गल भी जन्मसमुत्पीड़ित हो जायगा और यदि स्कन्धों का और जीव का भेद माना जाय तो पुद्गल का ज्ञान ही न हो सकेगा। अतः जो लोग पुद्गल को पञ्चस्कन्धात्म मानते हैं या पञ्चस्कन्धभिन्न मानते हैं वे सब लोग भगवान् बुद्ध के उपदेश को ठीक ठीक नहीं समझते। १ ११

पूर्वापरकोटि परीक्षा—महामुनि भगवान् बुद्ध का शासन है कि संसार आदि–अन्त–रहित है। इसके पूर्व और पश्चात् का पता नहीं चलता। और जिसका न आदि है न अन्त उसका मध्य कैसे स्वीकार किया जाय? अतः संसार का आदि, मध्य और अन्त उत्पत्ति स्थिति और विनाश सब असिद्ध हैं। ११ १–२

दुःख परीक्षा—कुछ विद्वान् दुःख को स्वतः उत्पन्न कुछ परतः उत्पन्न कोई स्वतः और परतः उत्पन्न और कोई अहेतुक उत्पन्न मानते हैं। वास्तव में दुःख की उत्पत्ति ही नहीं हो सकती—न स्वतः न परतः न दोनों से और न अकारण। केवल दुःखों की ही नहीं अपितु समस्त बाह्य पदार्थों की भी उत्पत्ति असम्भव है। १२ १ १

संस्कार परीक्षा—जिन विषयों की अनित्य प्रतीति होती है वे सब मिथ्या हैं—ऐसा भगवान् का उपदेश है; अतः समस्त संस्कार—क्योंकि उनकी अनित्य प्रतीति होती है—मिथ्या हैं। १३ १

परिवर्तन भी असम्भव है। यदि कोई पदार्थ स्वभावयुक्त अर्थात् स्वतन्त्र और नित्य सत्ता वाला नहीं है तो अन्यथाभाव या परिवर्तन किसका होगा? और यदि कोई पदार्थ स्वभावयुक्त या नित्य है तो उसका अन्यथाभाव या परिवर्तन कैसे होगा? यदि परमार्थ नहीं है तो व्यवहार में कौन प्रतीत होगा? और यदि परमार्थ है तो वह व्यवहार कैसे बनेगा? यदि तत्त्व नहीं है तो संसार की प्रतीति कैसे होगी? और यदि तत्त्व है तो वह संसार कैसे बनेगा? १३ ४

सत्कार्यवाद और असत्कार्यवाद दोनों मिथ्या हैं। यदि कार्य कारण में विद्यमान है तो उसकी पुनरुत्पत्ति अनावश्यक है, और यदि कार्य कारण में विद्यमान नहीं है तो उसकी उत्पत्ति कैसे होगी? यदि सत्कार्यवाद ठीक है तो दूध को ही दही रहना चाहिये, और यदि असत्कार्यवाद ठीक है तो बिना दूध के ही दही होना चाहिये। १५, ६

यदि कोई अशून्य अर्थात् नित्य पदार्थ हो तो उसके आधार पर उसके परिवर्तन की प्रतीति द्वारा शून्य अर्थात् अनित्य का प्रतिपादन शायद सम्भव हो सके, किन्तु जब कोई अशून्य नित्य पदार्थ ही नहीं है तो फिर शून्य या अनित्य का प्रतिपादन कैसे हो ? १३, ७

भगवान् बुद्ध ने शून्यता का उपदेश हमें बुद्धि की समस्त कोटियों, धारणाओं और दृष्टियों से ऊपर उठने के लिये दिया है, न कि उन्हीं में फँसे रहने के लिये। शून्यता का अर्थ है सम्पूर्ण दृष्टियों का त्याग। जो लोग शून्यता को भी 'सत्' कोटि द्वारा या 'असत्' कोटि द्वारा पकड़ कर उसके अस्तित्व या नास्तित्व का प्रतिपादन करना चाहते हैं उनको भगवान् बुद्ध ने असाध्य कहा है। १३, ८

स्वभाव परीक्षा—यदि भाव न हो तो अभाव भी नहीं हो सकता क्योंकि भाव के अन्यथाभाव को ही लोग अभाव कहते हैं। १५, ५

जो लोग भाव, अभाव, भावाभाव आदि कोटियों में फँसे रहते हैं वे भगवान् बुद्ध के उपदेश का तत्व नहीं जानते। १५, ६

भाव से शाश्वतवाद और अभाव से उच्छेदवाद प्रसक्त होते हैं, अत विद्वान् को 'अस्ति' और 'नास्ति' दोनों के ऊपर उठना चाहिये। १५, १०

वन्धनमोक्ष परीक्षा—वन्धन और मोक्ष, ससार और निर्वाण, दोनों सापेक्ष एव मिथ्या है। पुद्गल को पञ्चस्कन्धरूप मानने पर या पञ्चस्कन्धभिन्न मानने पर, दोनों ही अवस्थाओं में, पुद्गल का बन्धन या मोक्ष सिद्ध नहीं हो सकता। जो इस प्रकार सोचता है कि 'मैं पञ्चस्कन्धरूपी उपादान को पार करके निर्वाण प्राप्त करूँगा', वह स्वय अभी तक स्कन्धों के प्रवल जाल में फँसा हुआ है। न निर्वाण की प्राप्ति होती है और न ससार की हानि। जब ससार ही नहीं है तो निर्वाण कहाँ से होगा ? अत वन्धन और मोक्ष दोनों कल्पनामात्र हैं। १६, १-१०

कर्मफल परीक्षा—यदि कर्म की स्वतन्त्र सत्ता हो तो उसे नि सन्देह नित्य मानना पड़ेगा और नित्य होने से कर्म 'अकृत' हो जायगा क्योंकि नित्य वस्तु 'कृत' नहीं हो सकती। १७, २२

यदि कर्म को स्वतन्त्रसत्तारहित माना जाय तो उसकी उत्पत्ति नहीं हो सकती और उत्पत्ति के अभाव में विनाश भी नहीं हो सकता। १७, २१,

यदि कर्म 'अकृत' हो तो 'अकृताभ्यागम' नामक दोष आ जायगा अथ च

अकृत कर्मों के फल की भी प्राप्ति होने लगेगी और तब 'ब्रह्मचर्यवास' नामक इस की उपस्थिति होगी अर्थात् पुण्य से दुष्कृत करने के लिये असमयपूर्वक ब्रह्मचर्य का पालन करना व्यर्थ हो जायगा। १७. २३

तब उन व्यवहारों का उच्छेद हो जायगा और पुण्यपाप का विभाग भी सिद्ध नहीं होगा। १७. २४

अतः वास्तव में कर्म का क्लेशात्मक मानना ही उचित है और जब क्लेश की ही तात्त्विक सत्ता नहीं है तो कर्म की तात्त्विक सत्ता कैसे हो सकती है? १७. २६

और जब कर्म की तात्त्विक सत्ता नहीं है तो कर्ता की और कर्म के फल की और उस फल के भोक्ता की भी तात्त्विक सत्ता नहीं हो सकती। १७. ३०

फिर भी व्यवहारदृष्टि से कर्म आदि की सत्ता मान्य है। शून्यता का अर्थ उच्छेद नहीं है। संसार के शाश्वत न होने के कारण निर्वाण प्राप्ति संभव है। कृत कर्मों का विनाश नहीं होता। भगवान् बुद्ध ने व्यवहारदृष्टि से ऐसा उपदेश दिया है।

किन्तु परमार्थ दृष्टि से तो क्लेश कर्म देह, कर्ता फल आदि सब गन्धर्वनगर, मरीचिका और स्वप्न के समान मिथ्या हैं। १७. ३३

आत्मपरीक्षा—आन्तर अहंकार और बाह्य ममकार के क्षीण हो जाने पर उपादान (संसार में आसक्ति) का निरोध हो जाता है और उपादान के निरोध होने पर भव अर्थात् जन्म मरण का क्षय हो जाता है। १८. ४

कर्मक्लेश क्षीण होने पर ही मोक्ष होता है। कर्मक्लेश मिथ्याज्ञानजन्य हैं। मिथ्या प्रपञ्चजन्य है। शून्यता की अपरोक्षानुभूति होने पर प्रपञ्च का निरोध हो जाता है क्योंकि विशुद्ध निर्विकल्प अचिन्त्य प्रपञ्चशून्य शिव तत्त्व का ज्ञान ही शून्यता है। १८. ५

भगवान् बुद्ध ने अपने उपदेशामृत से विविध शिष्यों को उनकी बुद्धि के अनुरूप उपदेश दिये हैं। जो नैरात्म्यवाद के नाम से ही काँप उठते हैं उन लोगों को भगवान् ने पुण्यकर्म करने के लिये आत्मवाद (जीववाद) का उपदेश दिया ताकि जीव को शुभाशुभ कर्मों का कर्ता और भोक्ता मान कर वे शुभकर्मों में प्रवृत्त हों। मध्यम श्रेणी के शिष्यों को नैरात्म्यवाद (अर्थात् जीव की स्वतन्त्र सत्ता नहीं है) का उपदेश दिया ताकि वे लोग अहंकार ममकार का परित्याग कर सकें। उत्तम

श्रेणी के बोधिसत्वों को उन्होंने अपना वास्तविक उपदेश दिया कि जीव सदसद्विलक्षण है एव अपरोक्ष अद्वय प्रपञ्चशून्य बोधि ही तत्व है। १८, ६

जीव को सांवृतिक जान लेने पर पुद्गलनैरात्म्य की उपलब्धि होती है। अहकार नष्ट होने पर ममकार भी नष्ट हो जाता है। 'अहमिद' की निवृत्ति के बाद 'ममेद' की भी निवृत्ति हो जाती है। चित्त के निवृत्त हो जाने पर चित्तगोचर विषयों की भी निवृत्ति हो जाती है। तब धर्मनैरात्म्य की उपलब्धि होती है। 'अहमिद' और 'ममेद', चित्त और चित्तगोचर, जीव और जगत्, पुद्गल और धर्म—इन दोनों की निवृत्ति हो जाने पर यह नैसर्गिक लोकव्यवहार, यह सांकेतिक जगत्प्रपञ्च, वाणी और बुद्धि पर टिका हुआ यह ससार भी निवृत्त हो जाता है। तत्वानुभूति होने पर ससार और निर्वाण में कोई अन्तर नहीं रहता—दोनों अविद्या जन्य प्रतीत होते हैं। वास्तव में ससार भी निर्वाण के समान ही, अनुत्पन्न और अनिरुद्ध है। १८, ७

तत्व अपरप्रत्यय (अर्थात् वाणी और बुद्धि द्वारा अगम्य, अनिर्वचनीय और स्वत सिद्ध) शान्त, प्रपञ्चसे अस्पृष्ट, निर्विकल्प और अद्वय है। यही तत्व का लक्षण है। १८, ९

समस्त सासारिक धर्म तो प्रतीत्यसमुत्पन्न हैं और प्रतीत्यसमुत्पन्न होने के कारण वास्तव में अनुत्पन्न हैं। जो हेतु और प्रत्यय की अपेक्षा रख कर उत्पन्न होता है, वह वास्तव में न स्वत उत्पन्न होता है न परत। अत उसकी उत्पत्ति और विनाश असभव है। उसकी सत्ता सापेक्ष और सांवृतिक है। १८, १०

जगद्गुरु लोकनाथ भगवान् बुद्ध ने एक और नाना, नित्य और अनित्य आदि सम्पूर्ण द्वन्द्वों के ऊपर उठने के लिये कहा है—यही भगवान् बुद्ध का उपदेशामृत है।

काल परीक्षा – किसी पदार्थ की अपेक्षा से ही दिक् और काल सभव है। जब किसी पदार्थ की ही स्वतन्त्र सत्ता सिद्ध नहीं हो सकती, तो काल की स्वतन्त्र सत्ता कैसे सिद्ध होगी? १९, ६

सभवविभव परीक्षा—उत्पत्ति के विना विनाश और विनाश के विना उत्पत्ति सिद्ध नहीं है। कोई भी पदार्थ न तो स्वत, न परत, न उभयत और न अहेतुत उत्पन्न हो सकता है। तब उत्पत्ति कैसे सिद्ध होगी? और जब उत्पाद

हो नहीं तो किसका निरोध ! अतः भूत वर्तमान और भविष्य तीनों कालों में सन्तति असिद्ध है, तो फिर यह भावसन्तति कैसे सिद्ध होगी ! २१ १ ११ २१

तथागत परीक्षा—संसार और तथागत दोनों शून्य हैं क्योंकि दोनों अनिर्वचनीय हैं। संसार अनिर्वचनीय है क्योंकि सदसद्विलक्षण होने से उसका सत् या असत् रूप से निर्वचन नहीं हो सकता। तथागत अनिर्वचनीय हैं क्योंकि बुद्धि उनका ग्रहण नहीं कर सकती। संसार 'स्वभावशून्य' है क्योंकि उसका स्वभाव (अर्थात् स्वतन्त्र सत्ता) नहीं है। तथागत 'प्रपञ्चशून्य' हैं क्योंकि बुद्धि प्रपञ्च की पहुँच निर्विकल्प तत्त्व तक पहुँच नहीं। किन्तु यह सब व्यवहार दशा में ही है परमार्थ में नहीं। परमार्थ अद्वय है। वहाँ संसार और निर्वाण में कोई अन्तर नहीं। परमार्थतः संसार चतुष्कोटिविनिर्मुक्त होने से न शून्य है न अशून्य न उभय न अनुभय; केवल व्यवहारदशा में ही उसे 'स्वभावशून्य' कहा जाता है। तथागत भी चतुष्कोटिविनिर्मुक्त होने से न शून्य हैं न अशून्य न उभय न अनुभय; व्यवहार दशा में ही उन्हें 'प्रपञ्चशून्य' कहा जाता है। २२ ११

भगवान् बुद्ध ने चौदह प्रश्नों का उत्तर मौन द्वारा देकर यह बतलाया कि ये प्रश्न अव्याकरणीय या अव्याख्येय हैं। इनके पक्ष और विपक्ष दोनों ही, सत्य और मिथ्या दोनों सिद्ध किये जा सकते हैं। अतः बुद्धि इनके उत्तर में विरोध को जन्म देकर यह संकेत करती है कि निर्विकल्प ज्ञान ही इनका उत्तर मौन साक्षात्कार द्वारा है ज्ञेय। बुद्धि की सत्, असत्, उभय और अनुभय रूपी चारों कोटियों के प्रयोग का आश्रय कर ये चौदह प्रश्न—कि (१-४) क्या जगत् शाश्वत है ? अथवा अशाश्वत ? अथवा दोनों ? अथवा दोनों नहीं ?

(५-८) क्या जगत् अन्तवान् है ? अथवा अनन्त ? अथवा दोनों ? अथवा ऐसा नहीं ?

(९-१२) क्या तथागत देहपात के बाद विद्यमान रहते हैं ? अथवा नहीं ? अथवा दोनों ? अथवा दोनों नहीं ?

(१३-१४) क्या जीव और शरीर एक हैं ? अथवा भिन्न ? भी स्वयं शान्त हो जाते हैं। २२ १२-१४

जो प्रपञ्चरत प्राणी निष्प्रपञ्च और नित्य तथागत का भी प्रपञ्च में पड़ कर कल्पना करते हैं वे तथागत को नहीं जानते। तथागत और संसार में कोई अन्तर नहीं।

तथागत निःस्वभाव अर्थात् उत्पत्ति और विनाश रहित है और यह जगत् भी निःस्वभाव है अर्थात् उत्पत्ति और विनाशरहित है। २२, १६

आर्यसत्य परीक्षा—प्रतिपक्षी 'शून्य' का अर्थ 'नितान्त असत्' मान कर हम पर (शून्यवादी पर) आक्षेप करता है—यदि सब कुछ शून्य है तो न दुःख है, न दुःखसमुदय, न दुःखनिरोध और न दुःखनिरोधमार्ग, अतः चारों आर्यसत्यों का अभाव हो जायगा। २४, १

यदि पुद्गल (जीव) नहीं है तो संघ किनका होगा? आर्यसत्यों के अभाव में सद्धर्म का भी अभाव मानना पड़ेगा। २४, ४

यदि धर्म और संघ नहीं हैं, तो बुद्ध की क्या आवश्यकता? अतः शून्यवादी बुद्ध, धर्म और संघ—इन तीनों रत्नों का प्रतिवाद कर रहा है। २४, ५.

शून्यता के कारण धर्म और अधर्म, कर्म और फल, बन्धन और मोक्ष आदि सब असत्य हो जाते हैं और इस प्रकार सम्पूर्ण लोकव्यवहार का समूल उच्छेद हो जाता है। २४, ६

हम (आचार्य नागार्जुन) इसका उत्तर देते हैं—प्रतिपक्षी के पूर्वोक्त आक्षेप यह बतलाते हैं कि वह 'शून्यता' का शब्दार्थ तक नहीं समझता, उसका प्रयोजन और महत्व समझना तो दूर रहा। २४, ७

भगवान् बुद्ध ने दो सत्यों का आश्रय लेकर धर्मोपदेश दिया है—एक तो लोकसंवृति सत्य और दूसरा परमार्थ सत्य। जो इन दोनों सत्यों का विभाग नहीं जानते वे भगवान् बुद्ध के गम्भीर दर्शन का तात्पर्य कदापि नहीं समझ सकते। २४,८–९

बिना व्यवहार का सहारा लिये परमार्थ का उपदेश नहीं दिया जा सकता और बिना परमार्थ को जाने निर्वाण प्राप्ति असंभव है। २४, १०

अत्यन्त गंभीर शून्यता कोई हँसी खेल या मजाक नहीं है, यह काले साँप को खिलाना है, दुधारी तलवार है। बुद्धि की सारी कोटियों के ऊपर उठने का नाम शून्यता है। जो शून्यता को 'असत्' मानते हैं उन मूर्खों को शून्यता नष्ट कर देती है, जैसे असावधानी से पकड़ा गया विषैला सर्प पकड़नेवाले को नष्ट कर देता है या तन्त्रसाधना में भ्रष्ट होना साधक का नाश कर देता है या जैसे मिथ्याज्ञान विनाशकारी होता है। २४, ११

इस सद्धर्म की गंभीरता और मन्दबुद्धि पुरुषों की इसे ठीक ठीक समझ सकने की असमर्थता और इसके मिथ्याज्ञान की अनर्थोत्पादकता को देखकर भगवान् बुद्ध की बोधि प्राप्त होने के बाद सद्धर्म के उपदेश देने का उत्साह नहीं रह गया था। २४ १२

प्रतिपक्षी स्वयं ही अपनी मूर्खता के कारण हम पर मिथ्या आक्षेप कर रहा है। शून्यता में दोष का कोई प्रसंग नहीं आ सकता। २४ १३

शून्यता को ठीक समझ लेने पर ही समस्त लोकव्यवहार सिद्ध होता है; शून्यता को ठीक न समझने पर कुछ भी नहीं बन पाता। २४ १४

प्रतिपक्षी अपने दोषों को हम पर फेंक रहा है। घोड़े पर सवार होकर भी वह अपने घोड़े को ही भूल रहा है। २४ १५

यदि प्रतिपक्षी सांसारिक पदार्थों की स्वतन्त्र सत्ता स्वीकार करता है, तो उसके मत में पदार्थ बिना हेतु और प्रत्यय के ही विद्यमान होने चाहिये। २४ १६

और यदि पदार्थ नित्य सत्य हैं, तो फिर कार्य कारण, कर्ता करण क्रिया उत्पाद, निरोध फल इत्यादि की कोई आवश्यकता नहीं। फिर लोकव्यवहार की भी कोई आवश्यकता नहीं। २४ १७

जो प्रतीत्यसमुत्पाद है उसी को हम शून्यता कहते हैं। वही व्यावहारिक दृष्टि से लोकव्यवहार है, वही मध्यम मार्ग है। २४ १८

बिना हेतु-प्रत्यय के कोई पदार्थ उत्पन्न नहीं होता। अतः कोई पदार्थ अशून्य अर्थात् नित्य या अप्रतीत्यसमुत्पन्न नहीं है। २४ १९

यदि सब पदार्थ अशून्य या नित्य हैं तो फिर न दुःख है, न दुःखसमुदय, न दुःखनिरोध और न दुःखनिरोध मार्ग। २४ २

फिर कर्म और फल के अभाव में पुद्गल का भी अभाव होगा और पुद्गल के अभाव में संघ का अभाव होगा। २४ २५

चारों आर्यसत्यों के अभाव में सद्धर्म का भी अभाव होगा और धर्म तथा संघ के अभाव में बुद्ध का भी अभाव होगा। २४ १

इस पापपुण्य की व्यवस्था भी असिद्ध होगी क्योंकि नित्य अशून्य पदार्थ को क्या देना लेना, उसके लिये क्या कर्म और क्या अकर्म! नित्य अशून्य में परि-

वर्तन भी नहीं हो सकता क्योंकि स्वतन्त्र सत्ता में कोई विक्रिया नहीं हो सकती। २४, २३

, अत ससार को प्रतीत्यसमुत्पन्न न मान कर नित्य अशून्य मानने पर सम्पूर्ण लोकव्यवहार का समूल उच्छेद होता है। २४, ३६

क्योंकि फिर ससार अजात, अनिरुद्ध, कूटस्थ, नित्य, अपरिणामी और प्रपञ्च-रहित सिद्ध होता है। २४, ३८

अत जो प्रतीत्यसमुत्पादरूप शून्यता को समझता है वही दु:ख, समुदय, निरोध और मार्ग नामक चार आर्यसत्यों को जानता है। २४, ४०

निर्वाणपरीक्षा—यदि ससार शून्य (असत्) हो, तो न उत्पत्ति है और न विनाश। फिर किसके विनाश से किसका निर्वाण होगा? यदि ससार अशून्य (सत्) हो, तो भी न उत्पत्ति है और न विनाश। फिर किसके विनाश से किसका निर्वाण होगा? अत ससार को सदसद्विलक्षण और प्रतीत्यसमुत्पन्न मानना ही ठीक है। प्राप्ति और हानि, उत्पत्ति और विनाश, बन्धन और मोक्ष आदि द्वन्द्व-रहित ज्ञान का नाम ही निर्वाण है। २५, १–३

निर्वाण चतुष्कोटिविनिर्मुक्त है। वह न भाव है, न अभाव, न भावाभाव और न भावाभावविलक्षण। यदि निर्वाण को भाव माना जाय तो अन्य सांसारिक पदार्थों की तरह उसकी भी उत्पत्ति माननी पड़ेगी, और तब निर्वाण भी अन्य संस्कृत धर्मों के समान हो जायगा। और यदि निर्वाण को अभाव माना जाय तो उसकी प्राप्ति कैसी? और यदि निर्वाण भाव नहीं है, तो अभाव कैसे होगा? भगवान् ने भाव और अभाव दोनों का निषेध किया है, अत निर्वाण को न भाव मानना चाहिये और न अभाव। निर्वाण भावाभाव भी नहीं हो सकता, क्योंकि भाव और अभाव, प्रकाश और अन्धकार के समान, परस्पर विरुद्ध होने से एक साथ नहीं रह सकते। और यदि निर्वाण को भावाभावविलक्षण माना जाय तो सांसारिक पदार्थों के समान वह भी मिथ्या हो जायगा और तब निर्वाण की कल्पना ही असगत हो जायगी। २५, ५, ७, १०, १४, १६

वास्तव में ससार और निर्वाण में कोई अन्तर नहीं। व्यावहारिक हेतु-प्रत्यय-सापेक्षता की दृष्टि से जो ससाररूप से प्रतीत हो रहा है वही पारमार्थिक निरपेक्षता की दृष्टि से निर्वाण है। २५, ९

उत्तरपक्ष—जगत् के सम्पूर्ण धर्मों को मिथ्या कहने वाली शून्यता सत्य है, क्योंकि वाणी और बुद्धि का मिथ्यात्व शून्यता को मिथ्या नहीं कर सकता। शून्यता का अर्थ नितान्त असत् नहीं है, अपि तु प्रतीत्यसमुत्पाद है। अत: हमारी वादहानि नहीं है। २१-२४

यदि हम कहते कि 'हमारा वचन तो अशून्य है और शेष सब शून्य है, तो विषमता होती और प्रतिपक्षी के आक्षेप सत्य होते। हम तो वाणी और बुद्धि के सब धर्मों को मिथ्या कहते हैं, किन्तु व्यवहार दशा में इनकी सत्यता हमें अस्वीकृत नहीं है। विना व्यवहार के परमार्थ का उपदेश नहीं हो सकता। २८

यदि हम किसी वस्तु की विधिरूप से सिद्धि करने के लिये कोई प्रतिज्ञा करते, तो हमारे तर्क में दोष आना सभव हो सकता था, किन्तु हमने तो केवल प्रतिपक्षी की सारी प्रतिज्ञाओं का खण्डन करने के लिये ही कमर बाँधी है, अत: हमारी अपनी कोई प्रतिज्ञा न होने से हमारे तर्क में कोई दोष नहीं आ सकता। २९

यदि प्रत्यक्ष आदि प्रमाणों द्वारा किसी पदार्थ की उपलब्धि सभव हो, तो उसका विधि या निषेध रूप से निर्वचन करना उचित होगा, किन्तु जब किसी पदार्थ की उपलब्धि ही सभव नहीं तो विधि-निषेध कैसे? और जब विधि-निषेध सभव नहीं तो दोष आने का क्या काम? ३०

यदि प्रतिपक्षी पदार्थों की सिद्धि प्रमाणों द्वारा मानता है, तो पहले वह यह बतलाये कि प्रमाणों की सिद्धि कैसे होगी? ३१

यदि एक प्रमाण की सिद्धि अन्य प्रमाण द्वारा हो तो अनवस्था दोष आता है, और प्रमाणों की सिद्धि के बिना प्रतिपक्षी का वाद नष्ट होता है। ३२-३३

प्रमाण स्वत सिद्ध भी नहीं हैं। स्वत और परत: सिद्ध मानने में विरोध है। अहेतुक सिद्धि सभव नहीं। और न प्रमाण की सिद्धि प्रमेय द्वारा की जा सकती क्योंकि प्रमेय स्वय अपनी सिद्धि के लिये प्रमाण पर निर्भर है। अत यह प्रमाण-प्रमेय व्यवहार लौकिक है, पारमार्थिक नहीं। ५२

यदि पदार्थों की स्वतन्त्र सत्ता हो तो वे अप्रतीत्यसमुत्पन्न होंगे और नित्य होने से उनका परिणाम नहीं होगा और लोकव्यवहार नहीं चल सकेगा। अत: उन्हें सापेक्ष और प्रतीत्यसमुत्पन्न ही मानना चाहिये। प्रतीत्यसमुत्पाद का नाम ही शून्यता है। ६७.

अन्यथा पदार्थों के नित्य होने से धर्म, अधर्म आदि सब लोकव्यवहार नष्ट हो जायेंगे। ५९

प्रतिपक्षी शून्य को असत् मान कर उसका प्रतिषेध कर रहा है। अतः उसका यह कथन कि सत् का ही प्रतिषेध संभव है मूढ़ है। ६१

शून्यवादी विधि-निषेध भाव—अभाव आदि से ऊपर है। वह अपनी दृष्टि से किसी का प्रतिषेध नहीं करता और इस दृष्टि से कोई वस्तु प्रतिषेध्य है भी नहीं, और न उसके कोई अपनी दृष्टि ही है। अतः यह आक्षेप कि—शून्यवादी समस्त पदार्थों का प्रतिषेध करता है परकीय दृष्टि से ही संभव है। यह केवल प्रतिपक्षी का आक्षेप है। ६४

जिसने शून्यता को जान लिया उसके लिये समस्त व्यावहारिक पदार्थों की सांवृतिक सत्ता सिद्ध है और उसका लक्ष्य परमार्थ है—अतः उसके लिये सब अर्थ सिद्ध हैं। किन्तु जिसने शून्यता को नहीं जाना उसके लिये परमार्थ तो दूर है ही, व्यवहार तक सिद्ध नहीं हो सकता। ७१

हम उन भगवान् सम्बुद्ध अद्वितीय महाभाग बुद्ध को प्रणाम करते हैं जिन्होंने संवृति और परमार्थ का विभाग बतलाने वाली शून्यता का उपदेश किया जिसे प्रतीत्यसमुत्पाद और मध्यमा प्रतिपद् भी कहते हैं। ७२

(१)

रत्नावली

प्रथम परिच्छेद—मन वाणी और कर्म द्वारा सारे अशुभ कर्मों से निवृत्ति और शुभ कर्मों में प्रवृत्ति—ये दो रूप धर्म के हैं। २१

अहंकार और ममकार का विनाश—यह विचार कि न मैं हूँ न होऊँगा, न मेरा कुछ है न होगा, मूर्ख के लिये भयावह और पण्डित के लिये भयनाशक होता है। २६

वैनाशिक निर्वाण को शून्यमात्र मान कर यह स्वीकार करने को सहर्ष तैयार हैं कि निर्वाण में यह सब कुछ नहीं रहेगा, किन्तु जब हम कहते हैं कि यहाँ ही और अभी ही यह ज्ञान क्यों नहीं प्राप्त कर लेते कि यह सब कुछ नहीं है, तो यह उन्हें भयंकर लगता है। ४

वास्तव में निर्वाण न भाव है न अभाव। भाव, अभाव आदि बुद्धिकोटियों का क्षय ही निर्वाण है। ४२

जब भाव और अभाव, अस्ति और नास्ति आदि प्रपञ्च शान्त हो जाते हैं तब पुण्य और पाप, सुगति और दुर्गति आदि विकल्पों का भी क्षय हो जाता है इसी अविद्यानिवृत्ति को बुद्धिमान् मोक्ष कहते हैं। ४५

नास्तिक के लिये दुर्गति है और आस्तिक के लिये सुगति, किन्तु मोक्ष केवल अद्वयवादी के लिये ही है जो यथार्थ ज्ञान द्वारा अविद्या को नष्ट कर चुका है। ५७

बोधि प्राप्त होने पर न तो तर्क-शास्त्र के प्रतिज्ञा और हेतु रहते हैं, न आचार शास्त्र के पाप और पुण्य और न दर्शन शास्त्र के ज्ञाता और ज्ञेय। शून्यवादी 'अस्ति' और 'नास्ति' दोनों को पार कर जाते हैं। फिर उन्हें नास्तिक कैसे कहा जा सकता है? ६०

सांख्य, वैशेषिक, जैन और पुद्गलस्कन्धवादी हीनयान के अनुयायियों से पूछिये कि क्या वे इस संसार को सदसद्विलक्षण मानते हैं? संसार सदसद्विलक्षण सापेक्ष और स्वभावशून्य मानना तो शून्यवादियों को ही धर्म के दहेज में मिला है। यही भगवान् बुद्ध का गम्भीर उपदेशामृत है। ६१-६२

द्वितीय परिच्छेद—पक्ष होने पर प्रतिपक्ष होता है। वास्तव में न पक्ष है न प्रतिपक्ष। यह संसार सत्य और असत्य दोनों से विलक्षण है—जब तक इसकी प्रतीति है तब तक सत्य है और तत्वसाक्षात्कार होने पर असत्य है। ५

धर्म से कीर्ति और सुख मिलता है। न यहाँ भय रहता है न वहाँ। परलोक में निष्कलङ्क सुख मिलता है। अत सदा धर्म की शरण लेना चाहिये। २७

चतुर्थ परिच्छेद—जैसे एक महान् वैयाकरण बच्चों को मात्रा लगाना भी सिखाता है, वैसे ही भगवान् बुद्ध ने अपने शिष्यों को उन लोगों की क्षमता के अनुसार उपदेश दिया कुछ लोगों को पापनिवृत्ति का उपदेश दिया, कुछ को पुण्य-प्राप्ति का और कुछ लोगों को दोनों का। उत्कृष्ट शून्यवादियों को उन्होंने अपना वास्तविक उपदेश दिया जो भीरु पुरुषों के लिये भयङ्कर है, अत्यन्त गम्भीर है, सविकल्प बुद्धि के समस्त द्वैत प्रपञ्च से अस्पृष्ट है, बोधि का साक्षात्कार कराने वाला है और करुणामयी शून्यता से ओतप्रोत है। ९४-९६

आर्यदेव

(१)

चतुःशतक

धनी पुरुषों को प्रायः मानसिक दुःख और निर्धनों को प्रायः शारीरिक दुःख होता है। दोनों प्रकार के दुःखों से यह संसार प्रतिदिन पीड़ित हो रहा है। ११

जैसे जैसे समय व्यतीत होता है, वैसे वैसे ही दुःख भी बढ़ता जाता है। इस शरीर में तो सुख सदा दूर सा ही दिखाई देता है। १८

जैसे कोई नवयुवा लड़की गाल लगा कर प्रसन्न हो ठीक वैसे ही इस अपवित्र और दुर्गन्ध युक्त शरीर को लोग पुष्पों और इत्रों से सजाते हैं। ७१

लोग बड़े कष्ट से सुख के लिये कर्म करते हैं और क्षण भर में ही बिना कष्ट के ही सब किये हुये पर पानी फिर जाता है। आश्चर्य है कि ऐसा होने पर भी लोगों को वैराग्य नहीं होता। ११२

सत्पुरुष सांसारिक प्राणियों का संसार के पदार्थों के अस्तित्व के विषय में सन्देह तक नहीं होता। यह संसार तो सन्देह मात्र से जर्जर हो सकता है। १८

लोक व्यवहार में प्रवृत्ति मार्ग का और परमार्थ में निवृत्ति मार्ग का वर्णन है। १०१

भगवान् बुद्ध की कोई चेष्टा अकारण नहीं होती। उनके निःश्वास मात्र से [illegible] होता रहता है। ११९

भगवान् ने साधारण लोगों को पाप निवृत्ति और पुण्यप्राप्ति के लिये पुद्गल के अस्तित्व का उपदेश दिया। मध्यम श्रेणी के शिष्यों को अहंकार-ममकार के परित्याग के लिये पुद्गलनैरात्म्यवाद का उपदेश दिया। उत्तम शिष्यों को उन्होंने धर्मनैरात्म्य और पुद्गलनैरात्म्यरूपी शून्यता का उपदेश दिया। अतः पहले पाप का निराकरण, फिर अहंकार का निराकरण और बाद में समस्त सांसारिक पदार्थों का निराकरण समझना चाहिये। ११

शून्यता की उपलब्धि बहुत कठिन है। शून्यता की चर्चा प्रत्येक के सामने नहीं करना चाहिये क्योंकि अज्ञान में अमृत औषध भी विष हो जाती है। ११९

परमार्थ अनिर्वचनीय है, बिना व्यवहार दशा में आये उसका उपदेश सम्भव नहीं। जैसे किसी म्लेच्छ को समझाने के लिये उसकी भाषा का आश्रय लेना पड़ता है वैसे ही परमार्थ के उपदेश के लिये लोकव्यवहार का आश्रय लेना पड़ता है। ११४

जिसका आदि, मध्य और अन्त नहीं है, उस अव्यक्त को कौन देख सकता है? २१७

यदि जीव नित्य हो तो उसका बन्धन नहीं हो सकता और विना बन्धन के मोक्ष कैसा? २८४

सासारिक पदार्थ उत्पन्न होते प्रतीत होते हैं अत उनका अभाव नहीं माना जा सकता, और उनका विनाश भी प्रतीत होता है अत उनका भाव भी नहीं माना जा सकता। २५०

दर्शन-भ्रष्ट होने की अपेक्षा चारित्र-भ्रष्ट होना भी अच्छा है क्योंकि चरित्र से केवल स्वर्ग मिलता है और दर्शन से मोक्ष। २८६

नैरात्म्यवाद का अर्थ 'असत्' मानने की अपेक्षा अहकार की कल्पना से 'सत्' मानना अच्छा है क्योंकि अहकारी को तो दुर्गति ही मिलती है, किन्तु 'असत्'-वादी को कभी शिवतत्व मिल ही नहीं सकता। २८७

वास्तव में नैरात्म्य का अर्थ स्वभावशून्यता है। ससार को स्वभावशून्य जान लेने पर प्रपञ्चशून्य शिव तत्व की ओर घ्यान जाता है। नैरात्म्यवाद अद्वितीय, कल्याणमार्ग, कुदृष्टियों के लिये भयङ्कर और बुद्धों के साक्षात्कार का विषय है। २८८

सद्धर्म के नाम से ही 'असत्' काँप उठता है, वलवान् व्यक्ति अपने शत्रु के लिये भयङ्कर होता ही है। २८९

यद्यपि तथागत ने सद्धर्म का उपदेश वादविवाद में पड़ने के लिये नहीं दिया, तथापि यह सद्धर्म स्वभाव से ही प्रतिपक्षियों के वादविवाद को भस्म कर देता है जैसे अग्नि स्वभाव से ही ईंधन को जला देती है। २९०

धर्म का ग्रहण वौद्ध चित्त से, जैन आँख से और ब्राह्मण कान (श्रुति) से करते हैं, स्पष्ट है कि वौद्धधर्म ही अत्यन्त सूक्ष्म है। २९४

ससार अलातचक्र, स्वप्न, माया, जल में चन्द्र-प्रतिविम्व, प्रतिध्वनि और मृगतृष्णा के समान मिथ्या और धुँए तथा वादलों के समान अस्थिर है। ३२५

समस्त सांसारिक पदार्थ अविद्यास्पृष्ट एव कलुषित हैं, परमतत्व अविद्या से अस्पृष्ट तथा आदिविशुद्ध है। इन दोनों का वास्तविक योग असभव है। फिर भी तत्व ही, अविद्या के कारण, ससार के रूप में भासित होता है, किन्तु रूपादि स्कन्धों को तत्व का वास्तविक परिणाम मानना सर्वथा अनुचित है। ३३३

यदि विष को भी वैद्यकशास्त्र के अनुसार अल्प मात्रा में सावधानी से खाया जाय तो वह अमृत का काम देता है और यदि घृत तथा मिठाइयाँ भी अधिक मात्रा में असावधानी से खाई जाँय तो मूर्खों के लिये वही विष बन जाती हैं। ४५.

शुभ हेतुओं से अविद्यानिवृत्ति हो जाने पर चित्तरत्न निर्विकल्प, निरालम्ब, निरपेक्ष और स्वभावशुद्ध चमकता है। ४६

ससार के बन्धन अहकार और ममकार से होते हैं और अहकार-ममकार अविद्या से होते हैं और यह अविद्या भ्रान्तिरूप है। ६६

शुक्ति का ज्ञान होने पर जैसे शुक्ति-रजत की निवृत्ति हो जाती है, वैसे ही नैरात्म्यदर्शन होने पर अविद्या-निवृत्ति हो जाती है। ६७

यह चित्त-चिन्तामणि अविद्या के कीचड़ में सना हुआ प्रतीत होता है, विद्वान् को इस अविद्या-कर्दम को धो देना चाहिये, न कि इसे बढ़ाना। ७४

प्रज्ञा का साक्षात्कार कर लेने पर भी निर्लिप्त होकर लोककल्याणार्थ कर्म करने चाहिये, जैसे कीचड़ में उगा हुआ कमल कीचड़ में लिप्त नहीं होता। ११५

निर्मल प्रज्ञा द्वारा अविद्या जाल को काट फेंकने पर यहीं इसी जन्म में बुद्धत्व प्राप्त होता है, इसमें कोई सन्देह नहीं। ८५

चन्द्रकीर्ति

प्रसन्नपदा माध्यमिकवृत्ति

बुद्धि के 'अस्ति' 'नास्ति' आदि समस्त द्वन्द्वों को छोड़ देने वाले, सम्बोधि-सागर में जन्म लेने वाले, भगवान् बुद्ध के उपदेश के अनुसार सद्धर्म की गभीरता को कृपया बतलाने वाले, अपने अद्वितीय ज्ञान के तर्कशरों द्वारा समस्त ससार की जन्म-मृत्युरूपी शत्रुसेना को परास्त करके अपने देव और मनुष्य शिष्यों को तीनों लोकों की लक्ष्मी प्रदान करने वाले आचार्य नागार्जुन को साष्टाङ्ग प्रणाम करके मैं (चन्द्रकीर्ति) उनकी माध्यमिककारिका पर सत्प्रक्रिया और सन्न्याय से सुशोभित, प्रसादगुणयुक्त तथा (भावविवेक निर्मित 'तर्कज्वाला' नामक माध्यमिकवृत्ति से श्रेष्ठ) कुतर्क की अग्नि से अव्याकुल 'प्रसन्नपदा' नामक वृत्ति लिखता हूँ। जो समस्त क्लेश रूपी शत्रुओं पर शासन करे और सन्मार्ग का उपदेश देकर दुर्गति तथा जन्म-मरण चक्र से रक्षा करे उसीको, शासन और त्राण के कारण, वास्तव में शास्त्र कहना चाहिये। अन्य मतों में ऐसा शास्त्र नहीं है।

आचार्य नागार्जुन के माध्यमिक शास्त्र का अभिधेयार्थ है प्रतीत्यसमुत्पाद। यह प्रतीत्यसमुत्पाद—अनिरोध अनुत्पाद, अनुच्छेद, अशाश्वत अनेकार्थ अनानार्थ अनागम और अनिर्गम इन आठ निषेधात्मक विशेषणों से विशिष्ट है। सर्वप्रपञ्चोपशम शिव निर्वाण इस शास्त्र का प्रयोजन है। प्रतीत्यसमुत्पाद का अर्थ है सापेक्ष कारणतावाद। प्रतीत्य (प्रति + इ + ल्यप्) शब्द का अर्थ है—'इसको पाकर' 'इसके होने पर' 'इसकी अपेक्षा रख कर' और 'समुत्पाद' शब्द का अर्थ है उत्पत्ति, प्रादुर्भाव। अतः 'प्रतीत्यसमुत्पाद' शब्द का अर्थ हुआ—'इसके होने पर इसकी उत्पत्ति' अर्थात् 'कारण की अपेक्षा रख कर कार्य का प्रादुर्भाव। इसका मर्म संकेत है—इसके होने पर यह होता है जैसे ह्रस्व के होने पर दीर्घ होता है।

हीनयान के अनुयायी कहते हैं कि 'इति' का अर्थ है गमन या विनाश। जिनका विनाश होता है, जो विनाशशील हैं, वे हुये इत्य। प्रति शब्द पुनरुक्ति सूचक है जिसका अर्थ है बार बार। इस प्रकार तद्धितान्त 'इत्य' शब्द को सिद्ध करके 'प्रतीत्यसमुत्पाद' शब्द का अर्थ करते हैं—'बार बार विनाश शील वस्तुओं की उत्पत्ति' अर्थात् 'क्षणिक पदार्थों का निरन्तर प्रवाह' जिसे संक्षेप में 'क्षण-सन्तति' कहते हैं। इनके मत में 'प्रतीत्यसमुत्पाद' का अर्थ है 'क्षणिकवाद'। किन्तु यह मत ठीक नहीं है।

यद्यपि जो पदार्थ सापेक्ष हैं वे क्षणिक हैं ही तथापि प्रतीत्यसमुत्पाद का अर्थ क्षणिकवाद करने की अपेक्षा सापेक्षकारणतावाद करना ही उचित है क्योंकि भगवान् का आग्रह इसी पर है और सापेक्षकारणतावाद में क्षणिकवाद का स्वतः समावेश हो जाता है। सांसारिक पदार्थों की उत्पत्ति हेतु और प्रत्यय की अपेक्षा से ही होती है—यह भगवान् ने स्पष्ट कर दिया है। इसलिये अहेतुवाद, एकहेतुवाद और विषमहेतुवाद निरस्त हो जाते हैं, क्योंकि पदार्थ न तो बिना कारण उत्पन्न हो सकते हैं न स्वतः उत्पन्न हो सकते हैं, न परतः उत्पन्न हो सकते हैं और न स्वतः और परतः उत्पन्न हो सकते हैं। अतः जितने भी संस्कृत (उत्पन्न) पदार्थ हैं वे सब सांवृत हैं, वे संवृति या व्यवहार में ही सिद्ध होते हैं, वस्तुतः नहीं। जो सापेक्षतया उत्पन्न हैं, वे वस्तुतः उत्पन्न नहीं कहे जा सकते। अतः इनकी सत्ता सांवृत या व्यावहारिक है पारमार्थिक नहीं। यह प्रतीत्यसमुत्पाद का सांवृत रूप है। जो प्रतीत्यसमुत्पन्न है वह वस्तुतः अनुत्पन्न है। उसकी उत्पत्ति केवल व्यावहारिक

है। उसका अपना कोई 'स्वभाव' या 'स्वतन्त्र अस्तित्व' नहीं है। आर्यज्ञान या परमार्थ की दृष्टि से जब उत्पाद संभव नहीं, तो निरोध भी संभव नहीं, क्योंकि जिसकी उत्पत्ति ही नहीं उसका विनाश कैसे होगा ? अत 'अनिरोध', 'अनुत्पाद' आदि आठ निषेधात्मक विशेषण आचार्य नागार्जुन ने प्रतीत्यसमुत्पाद के जोड़े हैं और वे इस सारे माध्यमिक शास्त्र में यह सिद्ध करेंगे कि निरोध और उत्पाद आदि कैसे असंभव हैं। अत सांवृत प्रतीत्यसमुत्पाद का अर्थ है—भावों की 'स्वभाव शून्यता' अर्थात् समस्त सांसारिक पदार्थों का स्वतन्त्र-सत्ता-रहित होना। किन्तु प्रतीत्यसमुत्पाद का केवल सांवृतरूप ही नहीं है, उसका पारमार्थिक रूप भी है। परमार्थ की दृष्टि से प्रतीत्यसमुत्पाद ही परम तत्व है। प्रतीत्यसमुत्पाद का यथार्थ दर्शन होने पर आर्यों के लिये अभिधेय और ज्ञेय रूप समस्त जगत्-प्रपञ्च का सर्वथा उपशम हो जाता है। अत यही प्रतीत्यसमुत्पाद, पारमार्थिक दृष्टि से, प्रपञ्चोपशम तत्व कहा जाता है। ज्ञान, ज्ञेय और ज्ञाता की व्यावहारिक त्रिपुटी की निवृत्ति होने पर जन्म, जरा, मृत्यु आदि समस्त उपद्रव शान्त हो जाते हैं और परम कल्याण की प्राप्ति होती है। अत वस्तुत प्रतीत्यसमुत्पाद शिवरूप है। अत पारमार्थिक प्रतीत्यसमुत्पाद का अर्थ है—शिव तत्व की 'प्रपञ्चशून्यता'।

प्रासगिक माध्यमिक मत के आचार्य बुद्धपालित ने (अपनी माध्यमिक कारिका वृत्ति में) कहा है—'पदार्थ स्वत उत्पन्न नहीं हो सकते, क्योंकि जो 'स्वत' है वह तो पहले ही 'उत्पन्न' है, और इसलिये उसकी पुनरुत्पत्ति व्यर्थ है। फिर इसमें अतिप्रसंग दोष भी है'। स्वतन्त्र माध्यमिक मत के आचार्य भावविवेक (अपनी 'तर्कज्वाला' नामक माध्यमिक कारिकावृत्ति में) इसमें दोष बताते हैं—'बुद्धपालित का मत ठीक नहीं है क्योंकि उन्होंने हेतु और दृष्टान्त का उल्लेख नहीं किया, उनके मत में सांख्य द्वारा आक्षिप्त दूषणों का परिहार नहीं होता, और उसमें अतिप्रसंग दोष भी है।' भावविवेक के इन आक्षेपों को हम (चन्द्रकीर्ति) अनुचित समझते हैं। भावविवेक का यह कथन कि बुद्धपालित को हेतु और दृष्टान्त देने चाहिये थे, अनुचित है। प्रतिपक्षी (सत्कार्यवादी) से, जो स्वत उत्पत्ति मानता है, पूछा जाता है कि यदि कार्य कारण में पहले ही विद्यमान है तो फिर विद्यमान की पुनरुत्पत्ति का क्या प्रयोजन है ? हम तो विद्यमान पदार्थ की पुनरुत्पत्ति को व्यर्थ समझते हैं और इसमें अनवस्था दोष भी मानते हैं। यदि प्रतिपक्षी के मत में विरोध सिद्ध कर देने पर भी वह न माने, तो हेतु और दृष्टान्त

देने पर भी वह अपनी निःस्वभावता के कारण नहीं सकेगा । और ऐसे पदार्थ के साथ विचार करना भी व्यर्थ है । अतः बुद्धपालित द्वारा हेतु और दृष्टान्त न देने को दूषण बताना भावविवेक की अनुमान-प्रियता को ही सिद्ध करता है क्योंकि वे प्रमाणसमुच्चय रीति से मध्यम में भी अनुमान का प्रवेश कराना चाहते हैं । माध्यमिक का अपना कोई पक्ष नहीं है, अतः उसके लिये अपनी ओर से स्वतन्त्र अनुमान करना उचित नहीं है । दूसरे जो भावविवेक ने यह कहा कि बुद्धपालित सांख्य के आक्षेपों का उत्तर नहीं दे पाये, यह भी ठीक नहीं है । जब हमारा कोई 'हेतु' ही नहीं, तो सिद्धसाधन और विरुद्धार्थ दोष कहाँ से आयेंगे ? और क्यों हम उनके परिहार के लिये यत्न करेंगे ? अतः बुद्धपालित को उनके परिहार करने की आवश्यकता नहीं थी । तीसरे, जो भावविवेक ने बुद्धपालित के मत में अतिप्रसंग दोष बतलाया वह भी उचित नहीं है, क्योंकि जब बुद्धपालित की अपनी कोई 'प्रतिज्ञा' ही नहीं, तो अतिप्रसंग दोष क्यों आने लगा ?

आचार्य नागार्जुन के मत का ठीक ठीक अनुसरण करने वाले आचार्य बुद्धपालित के वचनों में दोष आने ही क्यों लगे ? प्रतिपक्षी को उनमें दोष निकालने का कोई अवसर नहीं । हमारे शब्द कोई और पाश वाले राजपुरुष (पुलिस के सिपाही) नहीं हैं कि हमें बाँध लें । शब्दों का काम अपनी शक्ति से अर्थ को उपस्थित करना है किन्तु इस कार्य में वे वक्ता की इच्छा का अनुसरण करते हैं । हम तो केवल प्रतिपक्षी की युक्तियों का खण्डन करते हैं । हमारे तर्क का एक मात्र कार्य प्रतिपक्षी की प्रतिज्ञा का प्रतिषेध करना है । इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि हम जिस मत का खण्डन करते हैं उससे विपरीत मत को हम स्वीकार करते हैं । हमारा अपना कोई मत नहीं हमारी अपनी कोई प्रतिज्ञा नहीं । हमारा कार्य तो केवल प्रतिपक्षी के मत का खण्डन ही है । जो केवल अपने तर्कशास्त्र के पाण्डित्य का प्रदर्शन करने के लिये माध्यमिक दर्शन स्वीकार करके अपने स्वतन्त्र मत का प्रतिपादन करता है, वह अपने अनेक दोष समूहों को ही प्रकट करता है । अनुमान का स्वतन्त्र प्रयोग करने वाला के लिये ही ये दोष होते हैं । हम स्वतन्त्र अनुमान का प्रयोग नहीं करते । हमारे अनुमान का एक मात्र कार्य परपक्षों का प्रतिषेध करना है । हमारा अपना कोई पक्ष नहीं । अतः माध्यमिक के लिये स्वपक्ष-सिद्धि का प्रश्न ही नहीं उठता । अनुमान का काम खण्डन करना है, मण्डन करना नहीं ।

परपक्षी का आक्षेप है कि यदि समस्त जगत्-प्रपञ्च मिथ्या है, तो फिर पाप कर्म नहीं है। पाप कर्मों के अभाव में दुर्गति भी नहीं है। पुण्य कर्म भी नहीं है। उनके अभाव में सुगति भी नहीं है। सुगति-दुर्गति के अभाव में संसार भी नहीं है। तब तो दुःख-निरोध और निर्वाण-प्राप्ति के लिये यह शास्त्रोपदेश और मार्ग-भावना आदि सब प्रयत्न व्यर्थ हो जायगें।

चन्द्रकीर्ति उत्तर देते हैं—हम, संवृति सत्य की अपेक्षा से, उन लोगों के मत का, जो इन सांसारिक पदार्थों को सत्य मानते हैं, खण्डन करने के लिये प्रतिपक्ष रूप में पदार्थों के मिथ्यात्व को उपस्थित करते हैं। इसका यह तात्पर्य नहीं कि हमारे मत में पदार्थ अभावात्मक हैं। वास्तव में सांसारिक पदार्थ न भावरूप हैं, न अभावरूप। भावाभावविलक्षण होने के कारण ही उनको मिथ्या कहा जाता है। कृतकार्य आर्यजन इन पदार्थों को न 'सत्' मानते हैं और न 'असत्'। जब परमार्थतः कोई 'पदार्थ' ही नहीं उपलब्ध होता, तो उसके विषय में सत् या असत् की कल्पना कैसी ? आर्यों के लिये जिन्होंने समस्त सांसारिक धर्मों का मिथ्यात्व जान लिया है, न कर्म हैं और न संसार। किन्तु इनकी सांवृत सत्ता तो हमें भी मान्य है ही।

परपक्षी फिर प्रश्न करता है—यह संवृति क्या बला है ? जरा बतलाइये तो सही।

हम (चन्द्रकीर्ति) उत्तर देते हैं—'इदं प्रत्ययता' ही संवृति है। 'इदं प्रत्ययता' का अर्थ है 'प्रतीत्यसमुत्पाद' अर्थात् 'सापेक्षकारणतावाद'। बुद्धि की चारों कोटियों—अस्ति, नास्ति, उभय और अनुभय—में से किसी को भी मानने पर 'सस्वभाववाद' आ जाता है, क्योंकि बुद्धि की कोटियों में फँसने पर भावों के 'स्वभाव' के विषय में किसी न किसी मत का प्रतिपादन किया जाता है। किन्तु यह अनुचित है। 'इदं प्रत्ययता' के मानने पर 'सस्वभाववाद' नहीं टिकता, क्योंकि इदं प्रत्ययतावादी के लिये सभी धर्म सापेक्ष और सांवृत होने के कारण 'स्वभाव-शून्य' हैं, उनकी स्वाभाविक सिद्धि नहीं हो सकती। अतएव कहा गया है—'तर्क की कोटियों में फँसे हुये प्राणी इस दुःखरूप संसार को या तो स्वतः या परतः या उभयतः या अहेतुतः उत्पन्न मानते हैं। हे भगवन् ! आप ही ऐसे हैं जो इसे प्रतीत्यसमुत्पन्न बतलाते हैं।' प्रतीत्यसमुत्पाद का धर्मसंकेत है—'इसके होनेपर

यह होता है, अर्थात् कारण की अपेक्षा से कार्य उत्पन्न होता है।' अविद्या होने पर संस्कार होते हैं संस्कार होने पर विज्ञान होता है, और इस तरह यह द्वादशांग प्रतीत्यसमुत्पादचक्र चला करता है।

प्रतिपक्षी फिर आक्षेप करते हैं— भाव अनुत्पन्न हैं यह निश्चय आपको कैसे हुआ ? प्रमाण से या बिना प्रमाण के ही ? यदि प्रमाण से हुआ तो प्रमाणों की संख्या, लक्षण विषय और उत्पत्ति (स्वतः परतः उभयतः या अहेतुतः) बतलायें। और यदि आपका निश्चय बिना प्रमाण के है तो वह आपके ही वचनानुसार अप्रामाणिक हुआ। जैसे आपका यह निश्चय है कि भाव अनुत्पन्न हैं और मिथ्या हैं, वैसे ही हमारा भी यह निश्चय है कि भाव उत्पन्न हैं और सत्य हैं। और यदि आपका कोई निश्चय ही नहीं है, तो स्वयं अनिश्चित होकर आप दूसरों को क्या निश्चय करा सकेंगे ? तब आप व्यर्थ ही यह शास्त्र लिखने का श्रम क्यों कर रहे हैं ?

हम उत्तर देते हैं—यदि हमारा कोई निश्चय हो तो यह पूछना उचित होता कि यह प्रमाणजन्य है या अप्रमाणजन्य; किन्तु हमारा तो कोई निश्चय ही नहीं है। इससे यह न समझिये कि हम स्व-पक्ष अनिश्चित बातें करते हैं। निश्चय और अनिश्चय दोनों सापेक्ष बुद्धि के खेल हैं और हम दोनों से ऊपर उठ गये हैं। अनिश्चय होने पर ही निश्चय संभव हो सकता है क्योंकि निश्चय अनिश्चय का प्रतिपक्ष है और उसकी अपेक्षा रखता है। जब हमारे कोई अनिश्चय ही नहीं है, तो निश्चय होने का प्रश्न ही कैसे उठेगा ? शशशृंग की ह्रस्वता या दीर्घता का प्रश्न कोई नहीं उठाता ? जब हम केवल प्रतिपक्ष के खण्डन के लिये ही तर्क का सहारा लेते हैं, और हमारा अपना कोई मत नहीं है (क्योंकि सभी मत सापेक्ष बुद्धिजन्य होने से मिथ्या हैं), तो हम क्यों और किस की सिद्धि के लिये प्रमाणों की चर्चा करें ? और क्या हम प्रमाणों की संख्या, लक्षण, विषय और उत्पत्ति बताने के पचड़े में पड़ें ?

प्रतिपक्षी फिर दोष बताता है—यदि आपका कोई निश्चय ही नहीं है, तो आपके शास्त्रारम्भ में यह निश्चितरूप वचन कैसे उपलब्ध होता है कि— 'कोई भी भाव कभी भी और कहीं भी न तो स्वतः उत्पन्न होते हैं न परतः न उभयतः और न अहेतुतः।' ?

हमारा उत्तर है—लोक दृष्टि से ही यह वाक्य निश्चित कहा जाता है, आर्यों की दृष्टि से नहीं।

प्रतिपक्षी कहता है—तो क्या आर्यों को किसी प्रकार की उपपत्ति नहीं होती?

हम उत्तर देते हैं—यह कौन कहता है कि आर्यों को उपपत्ति होती है अथवा नहीं होती? आर्यों का परमार्थ तो मौन है। वहाँ पर तर्क-प्रपञ्च कैसे सभव हो सकता है जिसके आधार पर यह कहा जा सके कि आर्यों को उपपत्ति होती है या नहीं?

परपक्षी कहता है—यदि आर्यों को उपपत्ति नहीं होती तो वे लोक को परमार्थ का उपदेश क्यों और कैसे दे सकेंगे?

हम कहते हैं कि आर्यजन उपपत्ति के चक्कर में नहीं पड़ते। वे तो लोक द्वारा मान्य जो प्रसिद्ध उपपत्ति है उसी के द्वारा, लोक को बोध कराने के लिये, व्यवहार दशा में उतर कर, लोकोपदेश का काम चला लेते हैं।

(स्वतन्त्र विज्ञानवादी दिङ्नाग कहते हैं कि) लौकिक प्रमाण-प्रमेय-व्यवहार को कुतार्किक नैयायिकों ने विपरीत लक्षण करके नष्ट भ्रष्ट कर दिया है, अत हम प्रमाणादि का ठीक ठीक लक्षण और विवेचन करते हैं। किन्तु हम (चन्द्रकीर्ति) कहते हैं कि आपका ऐसा कहना अनुचित है। यदि कुतार्किकों ने विपरीत लक्षण किये हैं तो इस कारण लोक को लक्ष्यभ्रष्ट होना चाहिये, किन्तु ऐसा नहीं होता, अत आप लोगों का (दिङ्नाग आदि बौद्ध नैयायिकों का) यह प्रयत्न व्यर्थ है।

वस्तुत तो न लक्ष्य है और न लक्षण। आचार्यों ने लक्ष्य और लक्षण को अन्योन्यापेक्ष बतला कर इनकी सिद्धि की है। संवृति दशा में ही प्रमाणप्रमेय व्यवहार की सिद्धि है। यह अवश्य स्वीकार करना पड़ेगा। अन्यथा संवृति और परमार्थ में कोई अन्तर नहीं रह जायगा। फिर संवृति को ही तत्व मानना पड़ेगा। आप लोग सामान्यलक्षण को तो सांवृत और स्वलक्षण को पारमार्थिक मानते हैं। किन्तु सामान्यलक्षण और स्वलक्षण दोनों ही सापेक्ष होने के कारण सांवृत हैं। एक को सांवृत और दूसरे को पारमार्थिक कहने पर यद्यपि आप ऊपरी तौर पर संवृति-परमार्थ विभाग को मान रहे हैं, किन्तु वास्तव में आप संवृति और परमार्थ के विभाग को समूल नष्ट कर रहे हैं, क्योंकि सांवृत पदार्थों को पारमार्थिक मानने

पर संवृति और परमार्थ का कोई भेद ही नहीं रहता। हम सारे प्रमाण प्रमेय व्यवहार को संवृत मान कर संवृति सत्य की प्रतिष्ठा करते हैं। हम इस पुरुष के समान लोकाचार से भ्रष्ट होने वाले आपके मत का ही निराकरण कर रहे हैं संवृति का नहीं। यद्यपि संवृति अविद्या पर आश्रित है और मिथ्याज्ञान के कारण ही संवृति की सत्ता सिद्ध होती है तथापि जब तक तत्त्व–साक्षात्कार नहीं हुआ तब तक संवृति की सत्ता मान्य है। तब तक संवृति मुमुक्षुओं को मोक्षोपयोगी कुशल कर्मों की प्रेरणा भी देती है। अतः लौकिक व्यवहार में लक्ष्य और लक्षण दोनों सिद्ध हैं, किन्तु परमार्थ में न लक्ष्य है और न लक्षण और इनके अभाव में प्रमाण भी असिद्ध हुये। अतः यही मानना उचित है कि लोकव्यवहार में प्रत्यक्ष आदि चार प्रमाणों से अर्थाधिगम की व्यवस्था होती है। प्रमाण और प्रमेय दोनों सापेक्ष हैं। प्रमाणों के होने पर प्रमेय अर्थ सिद्ध होते हैं और प्रमेय अर्थों के होने पर प्रमाण। भगवान् बुद्ध ने भी लौकिक व्यवहार में उतर कर ही धर्मोपदेश दिया है।

समस्त जगत्–प्रपंच संवृत है क्योंकि सापेक्ष या प्रतीत्यसमुत्पन्न है। इसकी कोई वास्तविक उत्पत्ति नहीं है। परमार्थता अव्यभिचार है। पदार्थ न स्वतः उत्पन्न होते हैं न परतः न उभयतः न अहेतुतः। पदार्थ स्वतः उत्पन्न नहीं होते, क्योंकि जो 'स्वतः' है वह तो 'विद्यमान' है, फिर उसकी पुनरुत्पत्ति व्यर्थ है। और इसमें अनवस्था दोष भी है, क्योंकि यदि विद्यमान की भी उत्पत्ति होने लगे तो फिर इस उत्पत्तिक्रिया का कोई अन्त नहीं। पदार्थ परतः भी उत्पन्न नहीं हो सकते क्योंकि ऐसा होने पर प्रत्येक पदार्थ किसी भी पदार्थ से उत्पन्न हो सकेगा। और जब 'स्वतः' ही नहीं, तो 'परतः' कहाँ से आयगा? पदार्थ उभयतः भी उत्पन्न नहीं हो सकते, क्योंकि फिर दोनों मतों के दोष इस मत में आ जायेंगे। और 'स्वतः' तथा 'परतः' दोनों का किसी पदार्थ को उत्पन्न करने के लिये मिलना भी असम्भव है। पदार्थ अहेतुतः भी उत्पन्न नहीं हो सकते क्योंकि फिर कार्य–कारण भाव ही नहीं रह जायगा। और फिर साधन–सम्पद् की सुपक्ष का प्रश्न भी व्यर्थ।

भगवान् बुद्ध ने लोक और जगत् की सत्ता का उपदेश लौकिक व्यवहार की दृष्टि से, लोगों का उत्साह बढ़ाने के लिये दिया है। वास्तव में तो संसार ही नहीं है। जब इसकी वास्तविक उत्पत्ति नहीं, तो वास्तविक निरोध भी नहीं हो

सकता, जैसे प्रदीपावस्था में रज्जुसर्प का क्षय नहीं होता। जब तक अज्ञान है तब तक रज्जुसर्प है। जब ज्ञान हो गया तब रज्जुसर्प भी नहीं। इसी प्रकार रज्जुसर्प के समान इस ससार का भी न वास्तविक उत्पाद है और न वास्तविक निरोध। बन्धन और मोक्ष दोनों अविद्या के कार्य हैं।

बुद्धि की सारी कोटियों का, तर्क के सारे प्रश्नों का, सविकल्प प्रपञ्च का, समस्त दृष्टियों का अतिक्रमण करना, उनके पंजे से छूटना ही शून्यता है। जो इस शून्यता में 'भाव' की कल्पना करते हैं, वे लोग असाध्य हैं। यदि कोई दूकानदार किसी ग्राहक से कहे कि—'मैं तुम्हें कुछ नहीं दूँगा' और वह मूर्ख ग्राहक उस दूकानदार से कहे कि—'तुम मुझे वह '**कुछ नहीं**' ही दे दो', तो उसे कैसे समझाया जाय?

किन्तु जैसे शून्यता को 'भाव' समझना मूर्खता है, वैसे ही शून्यता को 'अभाव' समझना उससे भी बड़ी मूर्खता है। हम लोग नास्तिक नहीं हैं। हम तो 'अस्ति' और 'नास्ति' दोनों वादों का निरास करके निर्वाण-नगर की ओर जाने वाले अद्वैत-मार्ग को प्रकाशित करते हैं। हम यह नहीं कहते कि कर्म, कर्ता, फल आदि नहीं है, हम तो केवल यह कहते हैं कि ये सब 'निःस्वभाव' हैं अर्थात् इनकी अपनी कोई सत्ता नहीं, इनकी सत्ता केवल व्यावहारिक है। इसलिये अद्वैतवादी माध्यमिकों के लिये मिथ्यादर्शन को स्थान नहीं है। यह बात स्पष्ट जान लेनी चाहिये कि माध्यमिक-दर्शन में शाश्वतवाद और उच्छेदवाद, 'अस्ति' और 'नास्ति', इन दोनों के लिये कोई स्थान नहीं। शून्यता को ही समस्तप्रपञ्चनिवृत्तिरूप होने से निर्वाण कहा जाता है।

फिर भी कुछ लोग यह मिथ्या लाञ्छन लगाते हैं कि माध्यमिक विशिष्ट नास्तिक हैं। यह सर्वथा असत्य है। माध्यमिक प्रतीत्यसमुत्पादवादी हैं। वे इस लोक और परलोक दोनों को 'निःस्वभाव' बतलाते हैं, 'असत्' नहीं। नास्तिक इस लोक के पदार्थों को स्वभावतः उपलब्ध मान कर फिर उनका अपलाप करते हैं। नास्तिक 'अभाववादी' हैं। किन्तु माध्यमिकों को जगत् की व्यावहारिक सत्ता मान्य है। अतः माध्यमिक नास्तिक नहीं हो सकते। यदि यह कहा जाय कि वस्तुतः तो माध्यमिक और नास्तिक दोनों के लिये संसार की असिद्धि तुल्य है, तो भी हम यह कहेंगे कि संवृति दशा में सिद्धि मान कर परमार्थ दशा में असिद्धि मानना और बात है, और सर्वथा असिद्धि मानना दूसरी बात। जगत् को भावाभावविलक्षण

मान कर मिथ्या कहने में और उसे केवल असत् कहने में दिन-रात का अन्तर है। मान लीजिये किसी व्यक्ति ने चोरी की। एक पुरुष, जिसने उस व्यक्ति को चोरी करते हुये देखा था, न्यायालय में गवाही देता है कि अमुक व्यक्ति ने चोरी की। एक दूसरा पुरुष भी, जिसने उस व्यक्ति को चोरी करते हुये नहीं देखा केवल उस चोर के शत्रुओं से प्रेरित होकर उसके विरुद्ध गवाही देता है। अब दोनों पुरुषों का कथन—कि अमुक व्यक्ति ने चोरी की है—समान है किन्तु फिर भी पहला व्यक्ति सच्चा है और दूसरा झूठा। यही अन्तर माध्यमिक और नास्तिक में समझना चाहिये।

सारे प्रपंच का उपशम शून्यता का प्रयोजन है। प्रतिपक्षी शून्यता का अर्थ नास्तित्व समझता है और वह अपने प्रलापमात्र को ही बढ़ा रहा है। शून्यता का प्रयोजन नहीं जानता। जो प्रतीत्यसमुत्पाद का अर्थ है वही शून्यता का अर्थ है। जो अभाव शब्द का अर्थ है वह शून्यता शब्द का अर्थ नहीं है। शून्यता का अर्थ अभाव समझ कर प्रतिपक्षी हम पर दोष लगाता है। बिचारा शून्यता शब्द का अर्थ तक नहीं जानता।

संवृति का अर्थ है चारों ओर से ढकना। अज्ञान तत्त्व को सब ओर से ढक देता है, अतः अज्ञान को ही संवृति कहते हैं। अथवा संवृति का अर्थ है परस्पर सम्भवन अर्थात् सापेक्षपरतन्त्रभाव या प्रतीत्यसमुत्पाद या स्वभावशून्यता। अथवा संवृति का अर्थ है संकेत या लोकव्यवहार। अभिधान अभिधेय ज्ञान-ज्ञेय आदि इसके रूप हैं। परमार्थ मौन है। वहाँ न वाणी की पहुँच है और न बुद्धि की। वह परमार्थ अपरप्रत्यय (अनिर्वचनीय), शान्त सर्वप्रपंचातीत है। न उसका उपदेश किया जा सकता है न उसका बुद्धि से ग्रहण किया जा सकता है। फिर भी, लोकव्यवहार में उतरे बिना परमार्थ का उपदेश सम्भव नहीं। और बिना उपदेश के उसका ज्ञान सम्भव नहीं। और बिना परमार्थ को जाने निर्वाण-प्राप्ति सम्भव नहीं। अतः निर्वाण-प्राप्ति का उपाय होने के कारण संवृति की आवश्यकता है, जैसे पानी लाने के लिये पात्र की।

शून्यता को 'भाव' रूप से या 'अभाव' रूप से पकड़ना महाभूल है क्योंकि ऐसे ग्रहण करने वाले को शून्यता नष्ट कर देती है। वह अन्यथाग्राही है। जिसने इस शून्यता का ज्ञान लिया है उसी के लिये लोकव्यवहार शुद्ध हुआ है। आना-जाना, जीना-मरना, यह परम्परा संसार है। दीप-शिखा के समान क्षणिक होने से कभी

इसे 'अस्ति' कहा जाता है। दीपक की लौ के समान अथवा बीज–अङ्कुर के समान कभी–कभी इसकी उत्पत्ति का भी वर्णन किया जाता है। यह सब प्रतीत्यसमुत्पाद है। यह सब अविद्या है। किन्तु इसी प्रतीत्यसमुत्पाद की पारमार्थिक भावना होने पर अविद्या–निवृत्ति होती है और फिर सस्कार आदि का निरोध हो जाता है। वही निर्वाण है। वास्तव में निर्वाण में न किसी का निरोध होता है, न विनाश—यह स्पष्ट जान लेना चाहिये, क्योंकि जब किसी का उत्पाद ही सम्भव नहीं, तो निरोध किसका होगा ? बन्धन और मोक्ष दोनों अविद्या के कार्य हैं। वस्तुत समस्त-कल्पनाक्षय ही निर्वाण है। वही शून्यता है।

मध्यमकावतार

६, ८ कोई भी पदार्थ स्वत उत्पन्न नहीं होता (क्योंकि उसकी पुनरुत्पत्ति व्यर्थ है), जब 'स्वत' नहीं हो सकता, तब 'परत' तो हो ही नहीं सकता, स्वत और परत भी नहीं हो सकता, और बिना कारण तो होने ही क्यों लगा ? यदि सत्कार्यवाद माना जाय, तो कार्य को उत्पत्ति के पूर्व ही कारण में स्थित मानना पड़ेगा, और यदि कार्य पहले ही 'स्थित' है, तो विद्यमान होने के कारण वह 'उत्पन्न' है, फिर उसकी पुनरुत्पत्ति से क्या लाभ ?

६, १४ यदि असत्कार्यवाद मानें, तो कार्य को कारण से भिन्न माना पड़ेगा। फिर प्रत्येक कार्य किसी भी कारण से उत्पन्न हो सकेगा। फिर तो अग्नि से घना अन्धकार भी उत्पन्न हो सकेगा, क्योंकि 'कारण' और 'अकारण' दोनों में ही 'परत्व' तो तुल्य है।

६, १९ यदि भाव 'सत्' है, तो वह पहले ही 'जात' है, फिर उसे 'जायमान' कैसे कह सकते हैं ? और यदि 'जायमान' है, तो 'जन्मोन्मुख' कैसे हो सकता है क्योंकि 'जायमान' तो 'अर्धजात' होता है ? इसी प्रकार यदि भाव 'सत्' है, तो उसका विनाश कैसे हो सकता है ? निरोध के अभाव में उसे 'निरुध्यमान' कैसे कहा जायगा ? और यदि वह 'निरुध्यमान' है, तो 'नाशोन्मुख' कैसे हो सकता है क्योंकि 'निरुध्यमान' तो 'अर्धनिरुद्ध' होता है ? उत्पत्ति और विनाशशील क्षणों की सन्तति मानने पर, क्षणस्थायी क्षण में ही उत्पत्ति और विनाश एक साथ मानने पड़ेंगे, किन्तु उत्पाद और निरोध समान कैसे माने जा सकते हैं ? और फिर बिना कर्ता के क्षण–परम्परा की उत्पत्ति भी कैसे सभव हो सकती है ?

समस्त जगत्-प्रपञ्च के बीजभूत आलयविज्ञान में, अविद्याशक्ति के कारण, ये सा प्रवृत्तिविज्ञान उठते रहते हैं।

६, ५१ विज्ञानवादी के लिये जैसे बाह्य विषय की स्वतन्त्र सत्ता नहीं है, वैसे ही उसे स्वप्नादि अवस्थाओं में मनोविज्ञान की भी स्वतन्त्र सत्ता नहीं माननी चाहिये। वस्तुत चक्षुरिन्द्रिय, चक्षुरिन्द्रिय का विषय रूप और उससे उत्पन्न चक्षुर्विज्ञान—ये तीनों ही मिथ्या हैं।

६, ५७ जो पदार्थ 'जात' है, 'विद्यमान' है, उसके विषय में यह कहना कि यह पदार्थ कारण-शक्ति से उत्पन्न हुआ है, ठीक नहीं, क्योंकि वह पदार्थ तो पहले से ही विद्यमान है, उसे शक्ति से क्या प्रयोजन ? और यदि पदार्थ 'अजात' है, तो उसके लिये शक्ति का कोई प्रश्न ही नहीं। विना विशेष्य के विशेषण नहीं होता, अन्यथा वन्ध्यापुत्र की सत्ता का भी प्रसग आ जायगा।

६, ५८ यदि 'अजात' पदार्थ को भविष्य में उत्पत्ति अभीष्ट है, तो भी विना शक्ति के तो उत्पत्ति हो नहीं सकती और 'अजात' में शक्ति है नहीं। अत यही श्रेष्ठ है सापेक्ष कार्य-कारण-शृखला चलती रहती है। इसकी अपनी सत्ता नहीं। जो प्रतीत्यसमुत्पन्न है, उसकी वास्तविक उत्पत्ति सिद्ध नहीं होती—यह श्रेष्ठ पुरुषों का कथन है।

६, ७८ समस्त सासारिक पदार्थ सदसद्विलक्षण, प्रतीत्यसमुत्पन्न, सापेक्ष, परतन्त्र और सावृत हैं। सवृति और परमार्थ के विभाग को मानना अत्यावश्यक है, अन्यथा सवृति के सिद्ध न होने से यह ससार ही सिद्ध नहीं हो पायगा, फिर इसकी व्यावहारिक सत्ता भी सिद्ध नहीं हो सकेगी। यदि ससार परतन्त्र अर्थात् प्रतीत्यसमुत्पन्न न माना जाय तो भी सवृति सिद्ध नहीं होगी। परपक्षी इस ससार को वस्तुत सिद्ध करना चाहता है। वह इसे परमार्थ समझ बैठा है। वह इसकी वास्तविक सत्ता सिद्ध करना चाहता है। उसका इस ससार के प्रति इतना प्रगाढ प्रेम है कि वह इस ससार को वस्तुत सत्य मानकर इससे चिपक रहा है। किन्तु वह इसके उलटे परिणाम को नहीं जानता। ससार की वास्तविक सत्ता जो कभी हो ही नहीं सकती—सिद्ध करना तो दूर रहा, वह इसकी व्यावहारिक सत्ता भी खो बैठता है। ससार को व्यवहार न मानने से सारी लोकव्यवस्था—पाप-पुण्य, ज्ञान अज्ञान, धर्म-अधर्म, वन्धन-मोक्ष आदि—नष्ट हो जाती है।

६, ७८ जो लोग परमसूक्ष्म आचार्य नागार्जुन के मार्ग को नहीं जानते, उनके लिये कल्याण-प्राप्ति का कोई उपाय नहीं है, क्योंकि वे संवृति और परमार्थ सत्य से भ्रष्ट हो गये हैं और इसलिये उन्हें कभी मोक्ष प्राप्त नहीं हो सकता।

६, ८० व्यवहार-सत्य उपाय है और परमार्थ-सत्य उपेय। जो इनका विभाग नहीं जानता वह अपनी कुबुद्धि के कारण मिथ्या विकल्पों के फंदे में फँसकर कुमार्ग पर जा रहा है।

शान्तिदेव

बोधिचर्यावतार

१, ४ पुरुषार्थ सिद्ध करने वाली यह अत्यन्त दुर्लभ क्षण-सम्पत् दैवयोग से प्राप्त हो गई है। यदि अब भी हित-चिन्तन नहीं करते, तो फिर यह समागम कहाँ?

१, ८ यदि संसार के सैकड़ों दुःखों को तैर जाना चाहते हो, यदि दुःखार्त प्राणियों के व्यसन को दूर करना चाहते हो, यदि बहुत से उत्तम सुख भोगना चाहते हो तो इस बोधिचित्त को कभी मत छोड़ो।

१, १० किसी अपवित्र स्थान में पड़े हुये, मैल में छिपे हुये किसी बहुमूल्य रत्न को शुद्ध करके, शाण (सान) पर चढ़ाकर, अच्छी तरह काट पीट कर जैसे उससे एक उज्ज्वल बहुमूल्य बुद्ध-प्रतिमा बनाई जाय वैसे ही इस अपवित्र शरीर में पड़े हुये कर्म और अविद्या के मल में छिपे हुये इस बोधिचित्त को अच्छी तरह पकड़ कर इसे विमल उज्ज्वल और बहुमूल्य बनाओ।

२, ४२ यमदूतों द्वारा पकड़े जाने पर कहाँ बन्धु है और कहाँ मित्र? पुण्य ही उस समय एक मात्र रक्षक है। खेद है कि मैंने उसका उपार्जन नहीं किया।

२, ४८ मैं अभी ही जगत्पति महाबली जगत् की रक्षा में तत्पर, सारे भयों को हरने वाले भगवान् बुद्ध की शरण में जाता हूँ।

४, ४७ क्लेश न तो विषयों में है, न इन्द्रियों में न बीच में न कहीं और, फिर भी आश्चर्य है कि वे सारे जगत् को मथ रहे हैं। वास्तव में यह सब माया है। हे मेरे हृदय! डरो मत, शुद्ध प्रज्ञा के लिये उद्योगशील हो जाओ; क्यों व्यर्थ में स्वयं को नरकगामी बना रहे हो?

५, १ शिक्षा की रक्षा के लिये चित्त की रक्षा आवश्यक है क्योंकि इस चञ्चल चित्त को पकड़े विना, शिक्षा की रक्षा नहीं हो सकती।

५, ३ यदि चित्तरूपी मदमस्त हाथी को स्मृतिरूपी शृङ्खला से बांध लिया, तो सारा भय अस्त हो गया और सारा कल्याण पा लिया।

५, १३-१४ सारी भूमि को ढकने के लिये चमड़ा कहाँ से आवेगा? जूते पहिने से ही सारी भूमि ढक जाती है, इसी तरह बाह्य भावों का कहां तक निवारण किया जाय, अपने चित्त को वश में करने से ही सारा जगत् वशीभूत हो जाता है।

५, ६२ इस शरीररूपी चमड़े के ढांचे को अपनी बुद्धि से अलग करो, प्रज्ञा रूपी शस्त्र लेकर इस अस्थिपंजर से मांस को हटा दो।

५, ६३ फिर हड्डियों को भी अलग अलग करके देखो, फिर उनके भीतर की मज्जा देखो, और फिर स्वयं विचार करो कि इन सब में क्या कुछ सार है?

५, ६७ यद्यपि तुम इस प्रकार बड़े यत्नों से इस शरीर की रक्षा करते हो, तथापि जब निर्दय मृत्यु तुमसे यह शरीर छीन कर गिद्धों को खिला देगा, तब तुम क्या कर लोगे?

५, १०९ शिक्षा को केवल वाणी से पढ़ लेने से कुछ नहीं होता, उस पर आचरण करना आवश्यक है। क्या रोगी दवाइयों का नुसखा पढ़कर ही ठीक हो सकता है?

६, ५७ एक व्यक्ति स्वप्न में सौ वर्ष तक सुख भोग कर जागता है और दूसरा व्यक्ति स्वप्न में एक पल तक ही सुख भोग कर जाग जाता है।

६, ५८ जाग जाने पर दोनों का सुख निवृत्त हो जाता है। फिर उन दोनों में क्या अन्तर? मृत्यु आ जाने पर चिरजीवी और अल्पजीवी का भी यही हाल है।

६, ५९ इस संसार में अनेक लाभ प्राप्त करके और चिरकाल तक सुख भोग कर भी, एक लूटे गये व्यक्ति के समान, नंगा और खाली हाथ ही यहाँ से जाना पड़ेगा।

६, ९२ सांसारिक पुरुष लौकिक यश पाने के लिये परमार्थ तक को छोड़ देते हैं और अपनी आत्मा तक का खून कर देते हैं। क्या वे अपने प्रशंसापत्रों और प्रमाणपत्रों के अक्षरों को शहद लगाकर चाटेंगे? मरने के बाद उन्हें इन सबसे क्या सुख मिलेगा?

७, १ दृढ़ता पूर्वक आत्मिक बल प्राप्त करो क्योंकि आत्मिक बल पाने पर

९, ५ योगी संसार को व्यावहारिक मानते हैं और साधारण जन उसे पारमार्थिक समझते हैं। इसीलिये योगी और साधारण जन की दृष्टि में अन्तर है।

९, १० जब तक हेतु-प्रत्यय-सामग्री है, तब तक ही माया है। अविद्या का यह दीर्घ सन्तान (प्रवाह) चलता रहता है। अतः जीव और जगत् को वस्तुतः सत्य नहीं माना जा सकता।

९, ३३ शून्यता-वासना से भाव-वासना क्षीण हो जाती है, 'यह सब कुछ नहीं है', इस प्रकार की भावना से फिर अभाव-वासना भी नष्ट हो जाती है।

९, ३५ जब भाव और अभाव दोनों ही बुद्धि के आगे नहीं टिकते, तो अन्य गति के अभाव में, बुद्धि की चारों कोटियाँ, निरालम्ब होकर, क्षीण हो जाता है।

९, ४५ जो लोग बुद्धि की कोटियों के जाल में फँस कर चित्त को निरालम्ब नहीं बना सकते उनके लिये न बुद्ध का उपदेश है, न भिक्षुता है, और न निर्वाण है।

९, ५५-५६ क्लेशावरण और ज्ञेयावरण-रूपी द्विविध अज्ञानान्धकार के नाश का नाम ही शून्यता है। जीव को सत्य मानने से क्लेशावरण और बाह्य विषयों को सत्य मानने से ज्ञेयावरण होता है। पुद्गलनैरात्म्य से क्लेशावरण का और धर्मनैरात्म्य से ज्ञेयावरण का क्षय होता है। द्विविध नैरात्म्यज्ञान को ही शून्यता कहते हैं। शून्यता सारे दुःखों का शमन करने वाली है। आश्चर्य है कि फिर भी अज्ञानियों को इससे भय होता है।

६, ८ बुद्धिमान पुरुष पहले बाह्य धर्मों को कल्पित जान कर यह बोध करता है कि—'चित्त के अतिरिक्त अन्य कुछ नहीं है', फिर वह चित्त को भी कल्पनामात्र समझने लगता है। धर्म और चित्त, विषय और विषयी, जगत् और जीव—दोनों को सावृत जानकर वह धर्मधातु में स्थित हो जाता है—उस धर्मधातु में जहाँ धर्म और जीवरूपी प्रपञ्च की पहुँच नहीं है।

६, ९ जिस प्रकार तीव्र औषध विष के प्रभाव को दूर करके स्वास्थ्य प्रदान करती है, उसी प्रकार निर्विकल्प ज्ञान में सदा के लिये स्थित होने वाले योगी के सविकल्प बुद्धि के सारे ग्राहों को तथा सारे दोषसमुदाय को वह निर्विकल्प ज्ञान उखाड़ फेंकता है और उसे परमानन्द प्रदान करता है।

७, २–३ निर्विकल्प ज्ञान की समाधि में, चतुर्थ सुविशुद्ध ध्यान में, स्थित होकर योगी नित्य श्रेष्ठ, दिव्य, अद्वितीय और उदार ब्राह्मविहार में रमण करता है।

८, १४ बोधिसत्त्व प्राणियों का बोधिविपाक करता हुआ उनके हित में जितना तल्लीन रहता है उतने तल्लीन न तो माता-पिता अपने पुत्रों के हित में रहते हैं और न बन्धुगण अपने बन्धुओं के।

९, ७–८ बुद्धत्व समस्त क्लेशों से, समस्त दुश्चरितों से और जन्म-मरण-भय से बचने का एक मात्र साधन है।

९, २२ बुद्धता आदि-अन्त-विवर्जित, सब आवरणों के मल से रहित, शुद्धि-अशुद्धि आदि सारे द्वन्द्वों से ऊपर और सदा एकरस रहनेवाली तथता है।

९, २३ सद्धर्म के मार्ग पर चल कर, धर्म और पुद्गलनैरात्म्य प्राप्त करके, शून्यता के विशुद्ध हो जाने पर, बुद्ध जन अपनी विशुद्ध आत्मा का साक्षात् करके जीवात्मा से महात्मा बन जाते हैं।

९, २४ अत बुद्धत्व को सर्वप्रपञ्चातीत होने से न भाव कहा जाता है और न अभाव। इसीलिये बुद्धत्व या तथता के विषय में अव्याकृतनय अर्थात् अनिर्वचनीयतावाद ही मान्य है।

९, ५५ जैसे महासमुद्र में नदियों पर नदियाँ गिरती रहती हैं, तथापि वह न तो बढ़ता है, न घटता है और न जल से तृप्त ही होता है; उसी प्रकार धर्मधातु में विशुद्ध मुक्त बुद्ध निरन्तर विलीन होते रहते हैं, किन्तु महान् आश्चर्य है कि धर्मधातु न तो बढ़ता है और न तृप्त ही होता है।

१ १४ बोधिपक्ष धर्म (स्मृत्युपस्थान ऋद्धिपाद, बोध्यङ्ग मार्गाष्टांगमार्ग आदि ३७ धर्म) प्रकाश के समान हैं और द्वैत-प्रपंच को जला देते हैं, अतः चतुर्थ भूमि को 'अर्चिष्मती' कहा जाता है।

१ १५ सत्त्वों के परिपाक और विमल चित्त की रक्षा द्वारा बुद्धिमान् पुरुष दुःख को जीत लेते हैं, अतः पंचम भूमि को 'सुदुर्जया' (जहाँ दुःख जीत लिया जाय) कहते हैं।

१ १६ प्रज्ञापारमिता के आश्रय के कारण संसार से निवृत्त होकर धर्म तत्त्व की ओर अभिमुख होने से षष्ठ भूमि 'अभिमुखी' कही जाती है।

१ १७ परमार्थ मार्ग पर अकेले दूर तक चले जाने के कारण सप्तम भूमि को 'दूरंगमा' कहते हैं। द्वैत-प्रपंच से अविचलित होने के कारण अष्टम भूमि 'अचला' कहलाती है।

१ १८ निर्विकल्प प्रज्ञा द्वारा मति के विमल हो जाने के कारण नवम भूमि को 'साधुमती' कहते हैं। जैसे आकाश में मेघ छा जाते हैं और फिर बरसते हैं, इसी प्रकार समस्त धर्मों में अद्वैत तत्त्व व्याप्त हो जाता है और बोधिसत्त्व का बुद्ध बनने के कारण, धर्ममेघों से 'सार्वज्ञ्याभिषेक' होता है, अतः दशम भूमि को 'धर्ममेघा' कहते हैं।

१ ८१ हे दस आश्चर्यों से युक्त, लोकोत्तर, महामुनि बुद्ध! आप ज्ञाता, ज्ञेय और ज्ञान की त्रिपुटी के ऊपर उठ कर निर्विकल्प विशुद्ध विज्ञानमात्र होकर सुप्रतिष्ठित बन गये हैं। आपको नमस्कार है।

वसुबन्धु

(१)

अभिधर्मकोश

१ १ जिन्होंने सर्वथा सब प्रकार के अन्धकार को नष्ट कर दिया है, जिन्होंने जगत् का जन्म-मृत्यु-सागररूपी कीचड़ से उद्धार किया है, जो परमार्थ-शास्ता हैं, उन भगवान् बुद्ध को नमस्कार करके मैं अभिधर्मकोश नामक शास्त्र लिखता हूँ।

१ २ अपने सब भावों सहित विमल प्रज्ञा ही अभिधर्म कहलाती है। उस विमल प्रज्ञा की प्राप्ति के लिये जो श्रुत-ज्ञान है या जो भी शास्त्र है उस ज्ञान और

शास्त्र का इसमें यथार्थ प्रवेश होने के कारण, अथवा यह इसका आश्रय है, इस कारण, इसको 'अभिधर्मकोश' कहा गया है।

१, ४ धर्म दो प्रकार के है—सास्रव और अनास्रव। समस्त सस्कृत (सस्कारों से उत्पन्न) धर्मो को और मार्गसत्य को छोड़ कर अन्य सत्यों को (अर्थात् दुःख, समुदय, निरोध सत्यों को) सास्रव धर्म कहते हैं, क्योंकि इनमें आस्रव (मल) लगे रहते हैं।

१, ५–६ मार्गसत्य और तीन असस्कृत धर्मो को (अर्थात् आकाश, प्रतिसख्यानिरोध और अप्रतिसख्यानिरोध को) अनास्रव धर्म कहते हैं। अनावरण का नाम आकाश है। सास्रव धर्मों के पृथक्-पृथक् वियोग को प्रतिसख्यानिरोध कहते हैं। धर्मों का जो उत्पत्ति के बाद ही होने वाला अवश्यम्भावी स्वरूप-वियोग या विनाश है (क्षणभङ्गस्वरूप) उसको अप्रतिसख्यानिरोध कहते हैं।

१, ७ रूप, वेदना, सज्ञा, सस्कार और विज्ञान—इन पाँच उपादान स्कन्धों के सस्कृत धर्म कहते हैं, इन्हीं को ससार-मार्ग (अध्वा), कथावस्तु, सनिःसार (जिनके पार जाना सम्भव है) और सवस्तुक भी कहा जाता है।

१, ८ इन सास्रव उपादान-स्कन्धों को 'सरण' (दुःखदायी) भी कहते हैं। इन्हीं को दुःख, समुदय, लोक, दृष्टिस्थान (तर्क-विकल्पों का स्थान) और भव भी कहा जाता है।

२, ६१–६२ प्रत्यय (कारण-सामग्री) चार हैं—हेतु, समनन्तर, आलम्बन और अधिपति। निर्वर्तक या उत्पादक कारण को हेतु कहते हैं। ये पाँच हैं—सहभू, सभाग, सम्प्रयुक्तक, सर्वत्रग और विपाक। इन पाँचों को सामान्य-रूप से 'हेतु' कहा जाता है। पूर्व क्षण में उत्पन्न चित्तचैत्तों को 'समनन्तर' कहते हैं। कार्य-कारण-सन्तान में पूर्व क्षण (कारण-क्षण) का नाम समनन्तर है। समस्त सस्कृत और असस्कृत धर्मों को (विषयों को जिनके आश्रय से विज्ञान उत्पन्न होता है 'आलम्बन' प्रत्यय कहते हैं। कारणहेतु को—'इसके होने पर यह होता है, इस प्रतीत्यसमुत्पाद नियम को—'अधिपति' प्रत्यय कहा जाता है।

३, १८–१९ कोई 'आत्मा' नामक नित्य जीव नहीं है। केवल क्षणिक विज्ञानों का प्रवाह चलता रहता है। क्षण-क्षण में उत्पन्न और नष्ट होने वाला यह स्कन्ध-पञ्चक, कर्म और क्लेशों से मिल कर, जन्म लेता है। क्षणिक सन्तान के कारण,

प्रदीप के समान सन्तान की प्रवृत्ति होती है। जैसे प्रदीप की लौ एक प्रतीत होती है किन्तु वास्तव में वह क्षण-क्षण में उत्पन्न और नष्ट होने वाली शिखाओं की शृङ्खला है उसी प्रकार 'आत्मा' एक प्रतीत होता है, किन्तु वास्तव में वह क्षणिक स्कन्धों का सन्तानमात्र है। यह क्षणिक स्कन्धसन्तान ही, कर्म-क्लेश के प्रत्यय संस्कारों के कारण इस लोक में जन्म लेता है। और यही स्कन्ध-सन्तान कर्म और क्लेशों के कारण प्रवाहित होता रहता है और फिर इस लोक से (मर कर) परलोक चला जाता है। इस प्रकार जन्म-मरण या संसरण का, इस लोक से परलोक और परलोक से इस लोक में आवागमन का यह अनादि भव-चक्र चलता रहता है।

३, १ इसी भव-चक्र को प्रतीत्यसमुत्पाद-चक्र कहते हैं। इसके बारह अङ्ग या निदान हैं (अविद्या से लेकर जरा-मरण तक) और यह भूत, भविष्यत् और वर्तमान से सम्बन्धित है। अविद्या और संस्कार नामक पहले के दो अङ्ग अतीत से सम्बन्ध रखते हैं। जाति और जरा-मरण नामक पिछले दो अङ्ग अनागत से सम्बन्ध रखते हैं। बीच के शेष आठ अङ्ग (विज्ञान से लेकर भव तक) प्रत्युत्पन्न से सम्बन्ध रखते हैं।

३, २१ २७. पूर्वजन्मों की क्लेशदशा का नाम 'अविद्या' है। पूर्वजन्म की कर्म-दशा का नाम 'संस्कार' है। गर्भावस्था के प्रतिसन्धि-क्षण में पञ्चस्कन्ध का नाम 'विज्ञान' पड़ता है। गर्भ में आने के बाद और इन्द्रियों की उत्पत्ति के पहले पञ्चस्कन्ध को नामरूप कहते हैं। पञ्च-ज्ञानेन्द्रियों और मनको षडायतन कहते हैं। इन्द्रिय-विषय विज्ञान इन तीनों के परस्पर सङ्गम से स्पर्श उत्पन्न होता है। सुख-दुःखादि के कारण को जानने की शक्ति से पहले सुख, दुःख और उदासीनता की अनुभूति को 'वेदना' कहते हैं। सांसारिक सुखों के उपभोग के लिये जो राग उत्पन्न होता है उसे 'तृष्णा' कहते हैं। भोगों में आसक्त होकर उनकी प्राप्ति के लिये दौड़ और ढूँढने का और प्राप्त भोगों से चिपकने का नाम 'उपादान' है। भोगों की प्राप्ति के लिये जो कर्म किये जाते हैं, जिनके कारण आगामी जन्म होता, उन कर्मों को 'भव' कहते हैं। मृत्यु से लेकर पुनर्जन्म तक की प्रतिसन्धि को 'जाति' कहते हैं। जाति से लेकर वेदना तक की अवस्था को 'जरा-मरण' कहते हैं। अविद्या, तृष्णा और उपादान—ये तीन 'क्लेश' हैं। संस्कार और भव—ये दो 'कर्म' हैं। शेष सात 'वस्तु' (क्लेशों और कर्मों के आश्रयभूत) भी हैं और फल

(क्लेशों के और कर्मों के विपाकभूत) भी हैं। प्रत्युत्पन्न से सम्बन्धित बीच के आठ अङ्गों के अनुमान के कारण, अविद्या और सस्कार इन पूर्व अङ्गों को 'हेतु' और जाति तथा जरा-मरण इन चरम अङ्गों को 'फल' कहते हैं। क्लेश से क्लेश (जैसे तृष्णा से उपादान), क्लेश से क्रिया (जैसे उपादान से भव), क्रिया से वस्तु (जैसे सस्कार से विज्ञान), वस्तु से वस्तु (जैसे विज्ञान से नामरूप) और फिर वस्तु से क्लेश (जैसे वेदना से तृष्णा) उत्पन्न होते रहते हैं—यह भवचक्र के अङ्गों का नियम है।

४, १ यह लोकवैचित्र्य कर्म से उत्पन्न है। मानस कर्म को 'चेतना' कहते हैं। वाक्कर्म और कायकर्म दोनों मानसकर्म से उत्पन्न होते हैं।

५, २५-२६ बाह्य और मानस दोनों धर्मों का अस्तित्व मानने वालों को 'सर्वास्तिवादी' कहा जाता है। ये चार प्रकार के हैं—भावान्यथावादी, लक्षणान्यथावादी, अवस्थान्यथावादी और अन्यथान्यथावादी। इन चारों में तृतीय मत—अवस्थान्यथावाद-श्रेष्ठ है, क्योंकि यह कारित्र (कर्म) से व्यवथित है।

भदन्त धर्मत्रात—भावान्यथावादी हैं। उनके अनुसार गुण बदलते हैं, द्रव्य नहीं, जैसे दूध के दही बन जाने पर भी द्रव्य नहीं बदलता। भदन्त घोषक—लक्षणान्यथावादी हैं। जब कोई अतीत हो जाता है, तो वह 'अतीतलक्षण' कहा जाता है, यद्यपि वह प्रत्युत्पन्न और अनागत लक्षणों से वियुक्त नहीं कहा जा सकता है, जैसे कोई पुरुष यदि एक स्त्री में अनुरक्त हो, तो वह अन्य स्त्रियों में विरक्त नहीं कहा जाता। भदन्त वसुमित्र-अवस्थान्यथावादी हैं। उनके अनुसार धर्मों में अवस्था के कारण भेद है, द्रव्य के कारण नहीं। धर्म अवस्थानुसार अतीत, अनागत और प्रत्युत्पन्न कहे जाते हैं, जैसे मिट्टी की गोली को एक के अङ्क पर रखने से एक, दस के अङ्क पर रखने से दस और सौ के अङ्क पर रखने से सौ कहा जाता है। यदि धर्म कारित्र में स्थित है तो वह वर्तमान है, यदि कारित्र से च्युत है तो अतीत है, और यदि कारित्र को प्राप्त नहीं हुआ है, तो अनागत है। भदन्त बुद्धदेव—अन्यथान्यथावादी हैं, जैसे एक स्त्री, सम्बन्ध के कारण, पुत्री, भगिनी, पत्नी, माता आदि कही जाती है।

८ ४०.प्राय काश्मीर वैभाषिक मत के अनुसार मैंने (वसुबन्धु ने) अभिधर्म का विवेचन किया है। इसमें जो कुछ त्रुटियाँ हों, वे सब मेरे दोष के कारण हैं। सद्धर्म के विषय में मुनिजन प्रमाण हैं।

में 'चैत्त' धर्मों का भी समावेश है। 'मात्र' शब्द वाह्यार्थों के प्रतिषेध के लिये है। यहाँ प्रतिपक्षी शका करता है—

२ यदि वाह्य अर्थों के विना ही विज्ञान की उत्पत्ति सभव हो, तो देशनियम, कालनियम, सन्तानाऽनियम और कृत्यक्रिया अयुक्त होंगे।

यदि रूपादि अर्थों (चक्षुरादि इन्द्रियों के अर्थों) के विना ही रूपादि विज्ञान उत्पन्न होते हों, तो फिर वे देशविशेष में ही क्यों उत्पन्न होते हैं, सर्वत्र क्यों नहीं होते ? और कालविशेष में ही क्यों होते हैं, सर्वदा क्यों नहीं होते ? सभी उपस्थित व्यक्तियों (विज्ञान-सन्तानों) को क्यों दिखाई देते हैं, किसी व्यक्तिविशेष को ही क्यों नहीं दिखाई देते ? और उनमें अर्थक्रियासामर्थ्य कहाँ से आयगा ? स्वप्न के भोजन और पानी से तो भूख-प्यास नहीं बुझ सकती। अत वाह्य अर्थों की सत्ता माननी ही पडेगी।

३-४ प्रतिपक्षी की शका निर्मूल है, क्योंकि देशनियम, और कालनियम तो स्वप्न में भी सिद्ध है, और नरक में जाने वाले सभी प्रेत दुर्गन्धयुक्त मवाद की नदी आदि बीभत्स दृश्य देखते हैं, अत सन्तानानियम भी सिद्ध है। कृत्यक्रिया (अर्थक्रियासामर्थ्य) स्वप्न और नरक दोनों में सिद्ध है—स्वप्न में विना वास्तविक सभोग के भी स्वप्नदोष हो जाता है और नरक में प्रेत नरक-पालों को देखते हैं और उनसे भयभीत और पीडित होते हैं।

स्वप्न में वाह्य अर्थों के विना भी, कहीं-कहीं और कभी-कभी ही नगर, उद्यान, स्त्री, पुरुष आदि वस्तुयें दिखाई देती हैं, सर्वत्र और सर्वदा नहीं, अत देशनियम और कालनियम स्वप्न में भी होते हैं। जो जो प्रेतात्मायें अपने एक से बुरे कर्मों के कारण नरक में जाती हैं, वे सभी—केवल एक प्रेतात्मा ही नहीं—मवाद की नदी आदि देखती हैं। किन्तु नरक में वाह्य अर्थ नहीं हैं, अत अर्थों के विना भी सन्तानानियम सिद्ध हो जाता है। कृत्यक्रिया स्वप्न में स्वप्नदोष से और नरक में नरक-पालों के दर्शन और तज्जन्य भय तथा वाधा से सिद्ध है।

६-७ यदि प्रतिपक्षी नरक में नारकीय पुरुषों के कुकर्मों की वासना के कारण नरक-पालों व मवाद की नदी आदि पदार्थों की उत्पत्ति मानता है, तो फिर उन्हें विज्ञान-परिणाम ही क्यों नहीं मान लेता ? कर्म-वासना तो रहती है विज्ञान में, फिर उसका फल नरक में कहाँ से होगा ? आश्चर्य है कि प्रतिपक्षी जहाँ कर्म-वासना है, वहाँ ही उसका फल भी क्यों नहीं मान लेता ?

नरक पाल आदि व्यक्ति सत्व तो हो नहीं सकते क्योंकि वे नरक के दुःख को स्वयं नहीं भोगते, वे तो नारकीय जीवों को ही दुःख का भोग कराते हैं अतः प्रतिपक्षी भी यह मानता है कि नारकीय जीवों के कर्मों के कारण ही नरक-पाल आदि प्रतीत होते हैं। किन्तु कर्म-वासना रहती है विज्ञानसन्तान में फिर उसका फल विज्ञान-बाह्य कैसे हो सकता है? अतः इसको विज्ञान-परिणाम ही मानना चाहिये। यदि ऐसा न मानने में प्रतिपक्षी आगम को कारण मानता है तो यह उसकी भूल है क्योंकि—

८ भगवान् बुद्ध ने रूपादि आयतनों के अस्तित्व का उपदेश विनेयों की अभिप्राय के कारण दिया है जैसे उन्होंने अभिप्रायवश पुद्गल के अस्तित्व का भी उपदेश दिया है।

विज्ञान सन्तान अविच्छिन्न रूप से चलता है इस अभिप्राय से उन्होंने 'सत्त्व है' यह उपदेश लोगों को शुभकर्म करने के लिये दिया है। वास्तव में उनका उपदेश है कि यहाँ कोई सत्त्व या आत्मा नहीं है, प्रतीत्यसमुत्पन्न स्कन्धों की सन्तति अविच्छिन्न चलती रहती है।

९ यह जानकर विनेयों को पुद्गल-नैरात्म्य का ज्ञान हो जाता है। फिर भगवान् ने विज्ञप्तिमात्र का उपदेश धर्म-नैरात्म्य के ज्ञान के लिये दिया। किन्तु यह द्विविध नैरात्म्य-ज्ञान कल्पित आत्मा की दृष्टि से ही है, (वास्तविक शुद्धात्मा की दृष्टि से नहीं।)

'स्कन्धों की अविच्छिन्न सन्तति चलती रहती है' यह जानकर पुद्गलनैरात्म्य की और विज्ञप्तिमात्र ही रूपादिप्रतिभासवत् प्रतीत होता है, वास्तव में कोई रूपादि विषय नहीं है' यह जानकर धर्मनैरात्म्य की अनुभूति होती है। यहाँ प्रतिपक्षी को शंका होती है कि यदि वास्तव में सर्वथा कोई भी धर्म नहीं है तो विज्ञप्तिमात्र भी नहीं होना चाहिये फिर इसकी सिद्धि कैसे हो सकती है? इसका उत्तर है कि—धर्मनैरात्म्य का यह अर्थ नहीं है कि सर्वथा कोई भी धर्म नहीं है, इसका अर्थ यह है कि सविकल्प बुद्धि द्वारा कल्पित जितने भी धर्म हैं, वे नहीं हैं। साधारणजन बुद्धि की प्रक्रियों में ग्राह्य और ग्राहक, विषय और विषयी, ज्ञाता और ज्ञेय इस द्वैत की कल्पना कर लेते हैं और इस सविकल्प प्रपञ्च को ही सत्य मान लेते हैं। धर्मनैरात्म्य इसके इस प्रपञ्च का निराकरण करता है, विशुद्ध निर्विकल्प

विज्ञप्तिमात्र का नहीं। कल्पित जीवात्मा का निराकरण होता है, बुद्धों के निर्विकल्प साक्षात्कार के विषयभूत अनिर्वचनीय विशुद्ध विज्ञानमात्रस्वरूपी आत्मा का नहीं, क्योंकि वह स्वतःसिद्ध और स्वप्रकाश विज्ञप्तिमात्र ही तो इस सब प्रपंच का अधिष्ठान है। विज्ञप्तिमात्र का निराकरण करना असम्भव है, क्योंकि इसका निराकरण भी विज्ञप्ति के द्वारा ही हो सकता है, अतः जो निराकर्ता है वही उसका स्वरूप है। इसलिये विज्ञप्तिमात्र का निराकरण वदतोव्याघात है। नैरात्म्यवाद का अर्थ विज्ञान व्यतिरिक्त समस्त धर्मों का निराकरण है, विज्ञानमात्र का नहीं। यह नैरात्म्यवाद विज्ञप्तिमात्र का स्वप्रकाश और स्वतःसिद्ध सत्ता के आधार पर टिक रहा है, विज्ञप्तिमात्र के अस्तित्व के अपवाद पर नहीं। बुद्धि की प्रत्येक धारणा—खण्डन और मण्डन, निषेध और विधान, निराकरण और स्वीकरण, असिद्धि और सिद्धि आदि सब कुछ—विज्ञप्तिमात्र के आधार पर ही सम्भव है, उसके बिना नहीं।

१६ रूपादि का चक्षुरादिविषयत्व असिद्ध होने से विज्ञप्तिमात्र सिद्ध है। यहाँ प्रतिपक्षी शंका करता है—प्रमाण से ही किसी वस्तु के अस्तित्व या नास्तित्व का निर्धारण किया जाता है। सब प्रमाणों में प्रत्यक्ष प्रमाण सबसे बढ़कर है। यदि बाह्य अर्थ न हों, तो फिर यह ज्ञान कि—'अमुक पदार्थ प्रत्यक्ष है', कैसे हो सकेगा? जैसे, स्वप्न में यह प्रत्यक्ष ज्ञान नहीं होता, अतः स्वप्नानुभूत पदार्थों को सत्य नहीं माना जाता क्योंकि स्वप्नानुभूत पदार्थ मनोविज्ञान से ही परिच्छिन्न रहते हैं और चक्षुर्विज्ञान का प्रसार वहाँ नहीं होता। आपका यह कथन कि 'तथाकथित बाह्य पदार्थ भी स्वप्नानुभूत पदार्थों के समान असत् हैं क्योंकि प्रत्यक्ष-ज्ञान दोनों का होता है', सर्वथा असत्य है क्योंकि स्वप्नानुभूत पदार्थों का प्रत्यक्ष-ज्ञान होता ही नहीं। और स्मृति भी बाह्य पदार्थों की सत्ता सिद्ध करती है, क्योंकि यदि पदार्थ न हों तो उनकी अनुभूति नहीं होगी और अननुभूत पदार्थों का मनोविज्ञान द्वारा स्मरण भी नहीं हो सकता।

१७ प्रतिपक्षी की शंका ठीक नहीं। अर्थों के बिना ही, अर्थवत् प्रतीत होने वाली, चक्षुर्विज्ञान आदि विज्ञप्ति उत्पन्न होती है। उस विज्ञप्ति से ही, तद्वत् प्रतीत होने वाली मनोविज्ञप्ति, स्मृतिसंस्कार के कारण, उत्पन्न होती है, अतः स्मृति के कारण बाह्य अर्थों की सत्ता सिद्ध नहीं हो सकती। प्रतिपक्षी का यह कथन कि यदि जागरितावस्था में भी विज्ञप्ति, स्वप्नावस्था के समान बिना अर्थों के ही होती

१९ विषयी और विषय की वासना को साथ लेकर कर्म-वासना ही पूर्व विपाक के क्षीण हो जाने पर अन्य विपाक को उत्पन्न करती रहती है।

२० जिस-जिस विकल्प से जिस-जिस वस्तु की कल्पना की जाती है, वह सब 'परिकल्पित' है, अत उसका 'स्वभाव' अर्थात् स्वतन्त्र अस्तित्व नहीं हो सकता।

२१ हेतु-प्रत्यय-सामग्री-जन्य अर्थात् प्रतीत्यसमुत्पन्न विकल्प को 'परतन्त्र स्वभाव' कहते हैं। परतन्त्र स्वभाव जिस-जिस रूप में प्रतीत होता है, उस-उस रूप से (ग्राह्य-ग्राहकादि द्वैत प्रपञ्च से) सदा और सर्वथा अस्पृष्ट रहनेवाला 'परिनिष्पन्न स्वभाव' है।

२२ इसी लिये परिनिष्पन्न को परतन्त्र से न तो अन्य माना जा सकता है और न अनन्य, क्योंकि जब परिनिष्पन्न ही, अविद्या के कारण, परतन्त्र रूप में प्रतीत होता है तो परतन्त्र परिनिष्पन्न से अन्य नहीं हुआ, और परिनिष्पन्न के परतन्त्ररूपी द्वैत प्रपञ्च से नितान्त अस्पृष्ट रहने के कारण दोनों को अनन्य भी नहीं कहा जासकता। अत परतन्त्र प्रतीत्यसमुत्पन्न और अनित्य होने से सद्-सद्विलक्षण और मिथ्या है। यदि परिनिष्पन्नरूपी अधिष्ठान न माना जाय, तो परतन्त्र की प्रतीति भी नहीं हो सकती।

२३ इन तीनों स्वभावों की तीन प्रकार की नि:स्वभावता को लक्ष्य करके समस्त धर्मों की नि:स्वभावता का प्रतिपादन किया जाता है।

२४ पहला 'परिकल्पित' स्वभाव तो लक्षण से ही 'नि:स्वभाव' (स्वतन्त्र-सत्तारहित—नितान्त काल्पनिक) है। दूसरा 'परतन्त्र' स्वभाव 'स्वय भाव न होने के कारण' (स्वतन्त्र अस्तित्व न रखने के कारण) अर्थात् 'प्रतीत्यसमुत्पन्न' होने के कारण 'नि:स्वभाव' (स्वतन्त्र सत्तारहित) है। तीसरा 'परिनिष्पन्न' स्वभाव परमार्थत 'नि:स्वभाव' (भाव, अभाव आदि प्रपञ्चों से रहित) है।

२५ यह परिनिष्पन्न ही सब धर्मों का परमार्थ है। इसी को तथता भी कहते हैं क्योंकि यह सदा सर्वदा एकरस और नित्य है। इसी को विज्ञप्तिमात्रता कहते हैं।

२६ जब तक, मनोविज्ञान (जीव) विज्ञप्तिमात्र में स्थित नहीं हो जाता, तब तक ग्राह्य-ग्राहकरूपी द्वैत पीछा नहीं छोड़ता।

२७ वास्तव में यह कथन भी कि—'यह परमार्थ ही विज्ञप्तिमात्र है' बुद्धि की धारणा है, तर्क की कोटि है, विकल्प का ग्राह है। योगी इससे ऊपर उठ कर,

और स्कन्ध, धातु तथा आयतन धर्म हैं। परिणाम का अर्थ है अन्यथात्व। कारण-क्षण-निरोध का समकालीन एव कारणक्षण से विलक्षण जो कार्य का आत्मलाभ है उसको परिणाम कहते हैं। आलयविज्ञान से, आत्मविकल्पवासना और रूपादि विकल्पवासना के पुष्ट होने पर, आत्मा का और धर्मों का आभास उत्पन्न होता है। वास्तव में कोई आत्मा या धर्म नहीं हैं। ये विज्ञान परिणाम ही है। किन्तु अनादि अविद्यावासना के कारण इनको विज्ञानबाह्य मानकर, इनकी स्वतन्त्र सत्ता का उपचार कर लिया जाता है, जैसे वाहीक में गोत्व का। अत विज्ञान के समान विज्ञेय भी सत्य है—यह एकान्तवाद त्याज्य है। उपचार निराधार नहीं हो सकता, अत इसका अधिष्ठान विज्ञान को मानना ही पडेगा। इसलिये यह एकान्तवाद कि विज्ञान भी विज्ञेय के समान सावृत है, युक्तियुक्त नहीं है। इस प्रकार इन दोनों एकान्तवादों को छोड़ देना चाहिये, यह आचार्य का वचन है।

बाह्य अर्थों के बिना ही विज्ञान सचिताकार उत्पन्न होता है। परमाणु इसके आलम्बन नहीं हो सकते। यदि परमाणुओं को ही, परस्परापेक्षा से, विज्ञान-विषय माना जाय, तो घड़ा, दीवार आदि आकारभेद विज्ञान में नहीं होना चाहिये क्योंकि परमाणुओं का वैसा आकार नहीं है। अन्यनिर्भास विज्ञान का अन्याकार विषय भी नहीं माना जासकता। और, परमाणु स्वय परमार्थत सिद्ध नहीं हैं, क्योंकि उनमें भी आदि-मध्य-अन्त की कल्पना सभव होती है। अत बाह्यार्थ के अभाव में भी विज्ञान ही अर्थाकार रूप में उत्पन्न होता है, स्वप्नविज्ञान के समान।

समस्त साक्लेशिक धर्मों के बीजों का स्थान होने के कारण इसका नाम आलय विज्ञान है। आलय का अर्थ है स्थान। अथवा, सब धर्म इसमें कार्यरूप से निहित रहते हैं, इसलिये इसे आलय कहा जाता है। ज्ञानरूप होने से इसे विज्ञान कहा जाता है। सब लोक, गति, योनि, जाति के शुभाशुभ कर्मों का विपाकस्थल होने से इसे विपाक भी कहते हैं। सब धर्मबीजों का आश्रय होने से इसे सर्वबीजक कहा जाता है। आलय सदा स्पर्श, मनस्कार, अदुःखासुखवेदना, सज्ञा और चेतना—इन पाँच सर्वत्रग धर्मों से अन्वित रहता है। यह एक और नित्य और सर्वव्यापी नहीं है। यह क्षणिक है और स्रोत-प्रवाह के समान बहता रहता है। इसे सन्ततिनित्य कह सकते हैं। जैसे नदी का प्रवाह तृण, काष्ठ, गोमय आदि को बहाता हुआ चलता रहता है, वैसे ही आलय भी शुभाशुभ कर्मवासनाओं के

जब तक इस अद्वय विज्ञप्तिमात्र में योगी का चित्त प्रतिष्ठित नहीं होता, तब तक ग्राह्यग्राहकविकल्प का प्रहाण नहीं होता। जो अभिमानी, सुनकर ही, यह कहने लगे कि 'मैं विशुद्ध विज्ञप्तिमात्र में स्थित हूँ' उसका निराकरण करने के लिये आचार्य ने कहा है कि 'यह विज्ञप्तिमात्र है' ऐसा कथन भी उपलंभ है। ग्राह्याभाव होने पर ग्राहकाभाव भी हो जाता है। ग्राह्यग्राहक विकल्प के छूटने पर निर्विकल्प, लोकोत्तर ज्ञान उत्पन्न होता है और स्वचित्तधर्मता में चित्त स्थित हो जाता है। कहा भी है—'बुद्धि के विकल्पों से ऊपर उठ कर जब योग-भावना से धर्मधातु का साक्षात्कार होता है, तब सब आवरणों का क्षय ·। कर विभुत्व प्राप्त होता है।'

यह विज्ञप्तिमात्र ग्राह्यग्राहकविकल्पातीत होने से अचित्त है। लोकोपचार के अभाव से अनुपलभ है। निर्विकल्प होने से लोकोत्तर ज्ञान है। क्लेशज्ञेयावरण प्रहाण से आश्रयरूपी आलयविज्ञान व्यावृत्त हो जाता है। मलरहित होने से अनास्रव है। आर्यधर्महेतु होने से धातु है। तर्कातीत होने से और प्रत्यात्मवेद्य होने से अचिन्त्य है। विशुद्धालम्बन होने से, अनास्रव धर्ममय होने से और कल्याणकारी होने से कुशल है। अक्षय और नित्य होने से ध्रुव है। नित्य होने से ही सुखरूप है। जो अनित्य है, वह दुःखरूप है। यह नित्य है, अतः सुख रूप है। क्लेशावरणप्रहाण से विमुक्तिकाय है। क्लेशज्ञेयावरणप्रहाण से आलय परावृत्तिलक्षण धर्म है। महामुनि का धर्मकाय कहा जाता है। संसार के परित्याग से संक्लेश से अस्पृष्ट होने से, सर्वधर्मविभुत्वप्राप्ति से धर्मकाय है। परममौनेय के योग से बुद्ध भगवान् महामुनि हैं।

पञ्चम परिच्छेद

स्वतन्त्रविज्ञानवाद

दिङ्नाग

(१) प्रमाण–समुच्चय

प्रमाणभूत जगद्धितैषी, शास्ता तथा सुगत को प्रणाम करके प्रमाणों की सिद्धि के लिये अपनी बिखरी हुई कृतियों को एकत्रित कर रहा हूं।

प्रमाण दो प्रकार के हैं—प्रत्यक्ष और अनुमान। प्रत्यक्ष निर्विकल्प और नाम जाति आदि से असंपृक्त होता है। अविनाभावनियम या व्याप्ति के ज्ञान से अनुमान होता है। लिंग या हेतु का अनुमेय में सत्त्व होना चाहिये सपक्ष में सत्त्व होना चाहिये और विपक्ष में असत्त्व होना चाहिये। स्वतः धर्म को दूसरों को बताना परार्थानुमान है।

यह सब अनुमानानुमेय भाव सामान्यलक्षण होने के कारण व्यावहारिक है—बुद्धि–निर्मित धर्मधर्मिभाव के बाहर इसके अस्तित्व या नास्तित्व का प्रश्न नहीं उठता।

(२) आलम्बन–परीक्षा

१ यद्यपि परमाणु इन्द्रिय–विज्ञप्ति का कारण है, तथापि इन्द्रियवत् परमाणु विज्ञप्ति का विषय नहीं हो सकता क्योंकि विज्ञप्ति किसी बाह्य अर्थ का आभास नहीं है।

२ रूपादिविज्ञप्ति ही अर्थाकार बन कर बाह्यपदार्थवत् प्रतीत होती है। वास्तव में कोई बाह्य अर्थ नहीं है। विषयविज्ञप्ति ही विज्ञान का आलम्बन है और उसका प्रत्यय है।

३ विषयविज्ञप्ति रूपी अर्थाभास विज्ञान के आलम्बन के साथ अविनाभाव-नियम से रहने के कारण और क्रम से शक्ति अर्पित करने के कारण उसका प्रत्यय बन जाता है। विज्ञान की सहकारिणी शक्ति ही इन्द्रिय है।

धर्मकीर्ति

(१) न्यायबिन्दु

सम्यक् ज्ञान से ही सब पुरुषार्थों की सिद्धि होती है, अत उसका विवेचन किया जाता है। सम्यक् ज्ञान दो प्रकार का है—प्रत्यक्ष और अनुमान। प्रत्यक्ष कल्पनापोढ और अभ्रान्त है। बुद्धिज व अभिलापिनी प्रतीति को कल्पना कहते हैं। प्रत्यक्ष का विषय स्वलक्षण है। जिस अर्थ के समीप या दूर होने पर ज्ञान के प्रतिभास में भेद हो, वह स्वलक्षण है। वही परमार्थ सत् है। वस्तु का लक्षण अर्थक्रियासामर्थ्य है। स्वलक्षण से भिन्न सब सामान्यलक्षण है। वह अनुमान का विषय है। अनुमान दो प्रकार का है—स्वार्थ और परार्थ। त्रिरूप लिंग द्वारा अनुमेयज्ञान अनुमान है। त्रिरूप है—लिंग का अनुमेय में सत्व, सपक्ष में सत्व और विपक्ष में असत्व। इस ज्ञान को दूसरों को समझाना परार्थानुमान है।

(२) प्रमाणवार्तिक

१, १ कल्पनातीत, गभीर और उदार मूर्तिवाले, सब ओर प्रकाशमान, परम कल्याणकारी भगवान् बुद्ध को नमस्कार है।

१, ८८ स्वलक्षण नामक पारमार्थिक अर्थों में सयोग-वियोग नहीं होते। उनके विषय में एक और अनेक की कल्पना बुद्धि का उपप्लव मात्र है।

१, ९२ शब्द सकेतित पदार्थ को बतलाते हैं। व्यवहार के लिये उसे पदार्थ कहा जाता है। वास्तव में वह स्वलक्षण नहीं है, क्योंकि स्वलक्षण तक सकेत की पहुच नहीं।

१, १३६ शब्द और बुद्धि की पहुच 'वस्तु' तक नहीं हो सकती। वस्तु एक है। वहाँ मति-प्रपञ्च नहीं चलता।

१, १६७ जो अर्थक्रिया में समर्थ है, वही परमार्थ सत् है।

१, २२४ सत्काय या आत्मदृष्टि से सत्व दोष होते हैं। यह अविद्या है। अविद्यामोह से रागद्वेषादि उत्पन्न होते हैं।

१, २४१ कर्ताओं का स्मरण न रहने से ही वेद को अपौरुषेय कहने वाले भी हैं। इस व्यापक अज्ञानान्धकार को धिक्कार है।

१, ३१७ जिसके वचन प्रामाणिक हों, उसके उपदेशों को आगम कहते हैं। अपौरुषेयता मानने की क्या आवश्यकता ?

२ ३२ उपायसहित को हेय और उपादेय तत्त्व को कहने वही प्रमाण है, सर्वज्ञ नहीं।

१ ३३ चाहे दूरदर्शी हो या न हो, इष्ट तत्त्वदर्शी होना चाहिये। यदि दूरदर्शी को ही प्रमाण मान्य करें, तो आइये गिद्धों की उपासना करें।

२ १ ४ जो अनित्य नहीं है, वह किसी का हेतु-प्रत्यय नहीं हो सकता, क्योंकि विद्वान् उसी को नित्य कहते हैं जो कभी विकृत न हो। अतः अनित्य मानने पर ही सांसारिक धर्म सिद्ध होंगे।

१ ३. जो अर्थक्रियासमर्थ है वही परमार्थ सत् है। अन्य सब संवृतिसत् है। वे स्वलक्षण और सामान्यलक्षण कहे जाते हैं।

१ २ ९ विद्वान् लोग कहते हैं कि पदार्थों का स्वरूप ही ऐसा है कि जिसका जितना चिन्तन किया जाय उतना ही उसका विदारण होता जाता है।

१ ३२ हेतुमात्र के लिए प्रमाण नहीं हो सकती। धर्मोत्तर बुद्धि की उत्पत्ति विज्ञान के अभ्यास से होती है।

१ २१३ ग्राह्य-ग्राहकाकार के बाहर लक्षण नहीं हो सकता। अतः लक्षण-शून्य होने से धर्मों को निःस्वभाव कहा गया है।

३ ३११ ग्राह्य या ग्राहक में से किसी एक के न रहने पर दूसरा भी नहीं सिद्ध हो सकता, क्योंकि दोनों सापेक्ष हैं। तत्त्व अद्वय है।

३, २१९ हाथी की तरह आँखें मूँद कर, तत्त्व की उपेक्षा करके, केवल लोक-व्यवहार के कारण बाह्य पदार्थों का वर्णन किया जाता है।

१ २८१ योगियों का भावनामय ज्ञान कल्पनारहित होकर स्पष्ट प्रतीत होता है।

३, ३३४ मिथ्यादर्शन वाले पुरुषों को अद्वय विज्ञान भी ग्राह्य-ग्राहक-संवित्ति के कारण भेदवान्-सा प्रतीत होता है।

३, ३३५ जैसे, मंत्रादि के कारण जिनकी आँखें बँध गई हैं उन पुरुषों को [illegible] के मिट्टी के टुकड़े भी भिन्न दिखाई देते हैं।

४ ५३ ५४ यह किसने कहा है कि प्रत्येक बात में शास्त्र को ही शरण लो? कौन [illegible] कहता है कि धूम से अग्नि का अनुमान मत करो!

४ २८१ मेरे इस ग्रन्थ में अल्प बुद्धि वालों की तो गति ही नहीं है, किन्तु बड़े बड़े विद्वान् भी इसका अर्थ नहीं समझ पायेंगे। मेरा ग्रन्थ संसार में

अपने समान प्रतिग्राहक न पाकर, समुद्र के जल की तरह, अपने कलेवर में ही वृद्ध हो जायगा।

शान्तरक्षित

तत्वसंग्रह

१–६ उपदेशकों में श्रेष्ठ, परम शास्ता, सर्वज्ञ भगवान् बुद्ध को प्रणाम करके मैं इस 'तत्वसंग्रह' की रचना करता हूँ—उन भगवान् को जो किसी प्रकार की स्वतन्त्र श्रुति को नहीं मानते, अनल्प और असंख्य कल्पों तक परमकरुणा ही जिनकी आत्मा है, और जिन्होंने लोककल्याण करने के लिये प्रतीत्यसमुत्पाद का उपदेश दिया है—उस प्रतीत्यसमुत्पाद का जो प्रकृति, ईश्वर, प्रकृति और ईश्वर, आत्मा आदि के व्यापार से रहित है, जो चल (गतिशील-क्षणिक) है, जिसमें कर्म और उसके फल की सम्यक् व्यवस्था है, जो द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य और समवाय आदि उपाधियों से रहित है, जो केवल व्यावहारिक दृष्टि से ही शब्दगोचर है (वस्तुत वाणी और बुद्धि से अगम्य है), स्पष्ट लक्षण वाले प्रत्यक्ष और अनुमान नामक दोनों प्रमाणों से निश्चित है, जिसमें अन्य किसी वस्तु का तनिक भी मिश्रण नहीं है, जो कहीं नहीं जाता, जिसका कोई आदि-अन्त नहीं है, जो प्रतिबिम्ब आदि के समान है, जो समस्त प्रपञ्च-समूह से मुक्त है, और जिसे अन्य लोग नहीं जानते।

प्रकृति-परीक्षा ७ सारी शक्तियों से युक्त प्रकृति से ही ये सब कार्य-प्रपञ्च प्रसारित होते हैं, वास्तव में ये सब प्रकृति-रूप ही हैं। यह सांख्य मत है, जो सत्कार्यवाद को मानता है।

१७ किन्तु यदि दही आदि उत्पत्ति-पूर्व ही दूध आदि में स्थित हैं, तो वे पहले से ही 'विद्यमान' हैं, अत कार्य और कारण में कोई भेद न होने से, उनकी पुनरुत्पत्ति वृथा है। फिर तो दूध को ही दही कहना चाहिये।

१९–२० यदि यह कहा जाय कि कारण में 'अभिव्यक्तिसामर्थ्य' नामक एक विशेषता है जिसके कारण सत्कार्यवाद दूषित नहीं होता (कार्य, कारण में अनभिव्यक्त रूप से रहता है और उत्पत्ति होने पर उसकी अभिव्यक्ति होती है, अत उत्पत्ति और अभिव्यक्ति एक ही बात है), तो हम पूछते हैं—क्या यह विशेषता कारण में पहले से ही थी या बाद में हुई, यदि पहले से ही थी, तो कारण और

तिरोभाव में कोई अन्तर नहीं और हमारा आक्षेप वैसे का वैसा ही स्थित है—उसका निराकरण नहीं हुआ; और यदि वह तिरोभाव पहले नहीं थी, तो असत् थी, और सांख्य के अनुसार 'असत्' की उत्पत्ति संभव नहीं।

४१ यदि यह कहा जाय कि अनभिव्यक्त कार्य की कारण द्वारा अभिव्यक्ति होती है, तो हम पूछते हैं कि इस अभिव्यक्ति का क्या अर्थ है ? अभिव्यक्ति का अर्थ अतिशयोत्पत्ति नहीं हो सकता क्योंकि कार्यकारणतादात्म्य मानने से ऐसा अतिशय असंभव होगा और इस अतिशयोत्पत्ति के लिये अन्य अतिशयोत्पत्ति की अपेक्षा होगी और इस प्रकार अनवस्था दोष आयगा।

४२ हमारे असत्कार्यवाद के खण्डन से यह न समझना चाहिये कि हम असत्कार्यवादी हैं। हम दोनों वादों को नहीं मानते। वस्तुतः उत्पत्ति का अर्थ है 'वस्तु मात्र' अर्थात् वस्तुओं का अनन्तर क्षणवर्ती स्वभाव। यह स्वभाव न 'सत्' कहा जा सकता है और न 'असत्'। यह केवल बुद्धि का विकल्प है जो वस्तुतः मिथ्या है।

४३ दूसरा यदि इस कार्य-जगत् को त्रिगुणात्मक और अभिन्नरूप मान भी लिया जाय तो भी यह सिद्ध नहीं हो पाता कि इसकी अभिव्यक्ति एक, नित्य और एक सामान्य गुण वाली प्रकृति से हुई है।

४४. प्रकृति को कारण न मानने पर भी यह सारा कार्यकारण आदि लोक-वैचित्र्य शक्ति-भेद के कारण प्रतिपादित किया जा सकता है।

ईश्वर-परीक्षा : ४५ कुछ अन्य लोग ईश्वर को इस जगत् की उत्पत्ति का कारण मानते हैं, क्योंकि उनके अनुसार अचेतन प्रकृति अपने आप जगत् की उत्पत्ति नहीं कर सकती

४६ किन्तु नित्य एक, सर्वज्ञ और नित्य ज्ञान का आश्रय ईश्वर सिद्ध नहीं हो पाता क्योंकि वहाँ व्याप्ति साध्यविकल होने से दूषित है।

यदि यह सामान्य कथन अभीष्ट हो कि—इस जगत् की उत्पत्ति केवल जड़ पदार्थ से नहीं हो सकती, इसके लिये चेतन की अपेक्षा है—तो यह हमें भी मान्य है, क्योंकि हम लोकवैचित्र्य को कर्मज मानते हैं और कर्म चेतना द्वारा ही संभव है।

४७ किन्तु हम ईश्वर को कारण नहीं मानते क्योंकि स्वयं ईश्वर की सत्ता ही सिद्ध नहीं है। अतः ईश्वर को जगत्-कारण मानने से न तो वह जगत्

ग्पुष्पवत् हो जायगा और या सब पदार्थों की युगपत् उत्पत्ति माननी पड़ेगी।

ब्रह्म परीक्षा • १४४ यदि ब्रह्म तत्व को स्वत अद्वय और अविभाग मान कर, यह माना जाय कि अविद्या के विक्षोभ के कारण लोग इस अद्वय ब्रह्म को सप्रपञ्च जगत् के रूप में देखते हैं, तो यह ठीक नहीं।

१४७ क्योंकि यह ब्रह्म की अविभागता प्रत्यक्ष से सिद्ध नहीं होती और न अनुमान से सिद्ध हो सकती है, क्योंकि नित्य से उत्पत्ति कभी सभव न होने से, यहाँ अनुमान के लिये कोई हेतु नहीं है।

१४९-१५० ज्ञयपदार्थों के क्रम से ज्ञान भी क्रमश होता है, अन्यथा प्रत्येक ज्ञान को एक साथ सर्वज्ञ मानना पडेगा। क्षणिक विज्ञान में ही अर्थक्रिया सामर्थ्य होता है और यह क्षणिक विज्ञान क्रमश होता है। अत ब्रह्म वन्ध्यापुत्र के समान असत् है।

पुरुष परीक्षा ः १५३ दुष्ट सिद्धान्त को मानने वाले कुछ अन्य व्यक्ति ईश्वर के समान धर्मवाले पुरुष को जगत्-कारण मानते हैं।

१५४ सारे ससार का प्रलय हो जाने पर भी, इस पुरुष की ज्ञान-शक्ति लुप्त नहीं होती। जैसे मकड़ा, अपने शरीर से ही तन्तु निकाल कर, जाला बुनता है, वैसे ही यह पुरुष भी, अपने शरीर से ही, समस्त जगत् को उत्पन्न करता है।

१५५ इस पुरुष का खण्डन भी, पूर्वोक्त ईश्वर-खण्डन के समान, समझ लेना चाहिये। यह पुरुष किस लिये यह सृष्टि-व्यापार करता है?

१५६ यदि यह अन्यप्रयुक्त है, तो स्वतन्त्र नहीं हो सकता। यदि दयावश सृष्टि रचता है, तो इसे जगत् को अत्यन्त सुखी बनाना चाहिये।

१५७ किन्तु यह जगत् तो आधि, व्याधि, दारिद्र्य, शोक आदि विविध दुःखों से पीडित है, ऐसे ससार को रचने में पुरुष को कौन सी दया प्रतीत होती है?

१५८ और फिर सृष्टि के पूर्व तो कोई प्राणी हैं नहीं जिन पर अनुकम्पा की जाय। उनके अभाव में अनुकम्पा का अभाव हुआ, जिस अनुकम्पा के आधार पर इस पुरुष को सृष्टिकर्ता माना जाता है।

१६१ यदि क्रीडा या लीला के लिये यह सृष्टि करता हो, तो यह अपनी क्रीडा का स्वामी नहीं हो सकता, क्योंकि फिर इसे, एक खेलने वाले बालक के समान, क्रीडा के विविध साधनों पर निर्भर रहना पडेगा।

और व्यावृत्ति-अनुगमात्मक (भेदाभेदस्वरूप) मानते हैं, तथा चैतन्य को बुद्धि का लक्षण मानते हैं।

२४१. किन्तु चैतन्य को एक और नित्य मानने पर तद्रूप बुद्धि को भी एक और नित्य मानना पड़ेगा।

२५३ यदि बुद्धि सदा नित्य और सब पदार्थों को जानने वाली है, तो फिर हम सब बुद्धिमान् व्यक्ति सर्वज्ञ क्यों नहीं हैं?

२७२ यदि कर्तृत्व और भोक्तृत्व, प्रयत्न आदि और सुख दुःख आदि अवस्थाओं पर निर्भर नहीं हैं, तो इन अवस्था वाले आत्मा को कर्ता और भोक्ता नहीं कहा जा सकता। और यदि निर्भर हैं, तो अवस्थाओं और आत्मा में कोई अन्तर नहीं होगा।

२७३ अत हम आत्मा के नित्यत्व का खण्डन करते हैं, क्योंकि आत्मा के स्वरूप में विकार होने के कारण उसका विनाश होता रहता है।

२७४ सर्प के कभी सीधे और कभी गोल होने की तरह आत्मा को स्वरूपतः अविकारी और गुणत विकारी मानने से भी काम नहीं चलेगा, क्योंकि सर्प क्षणिक होने से सीधी या गोल अवस्था को प्राप्त होता है। जो नित्य है, उसमें विकार सभव नहीं।

२७५ वास्तव में आत्मा अहंकार के अतिरिक्त कुछ नहीं है और यह अहकार, अनादि अविद्याजन्य आत्म-दृष्टि-वासना के कारण, निरालम्ब ही चलता रहता है। यह बन्धनावस्था में ही चलता है, मोक्षावस्था में नहीं।

(ग) साख्यमत का खण्डन : २८५ अन्य लोग बुद्धि से भिन्न चैतन्य को आत्मा का निज स्वरूप मानते हैं।

२८६ प्रकृति द्वारा उपस्थित कर्म-फल का आत्मा भोग करता है। आत्मा में कर्तृत्व नहीं है, कर्तृत्व प्रकृति में ही है।

२८८ किन्तु नित्य और एकरूप चैतन्य में विविध पदार्थों का भोक्तृत्व कैसे संभव हो सकता है?

२९१ यदि आत्मा शुभाशुभ कर्मों का कर्ता नहीं है, तो वह उनके फलों का भोक्ता कैसे हो सकता है?

२९२ यह कथन भी ठीक नहीं कि प्रकृति-पुरुष में अंध-पगु सम्बन्ध है

और पुरुष की अभिलाषा के अनुकूल पदार्थों को प्रकृति उसके भोग के लिये उपस्थित करती है।

१९४ यदि आत्मा में कर्मोपभोग के समय विकार न हो तो उसका मोक्षगुण सिद्ध नहीं हो सकता और प्रकृति उसका कोई उपकार नहीं कर सकती।

१९५ और यदि आत्मा में विकार होता हो तो उसका नित्यत्व नष्ट हो जायगा। विकार का अर्थ है अन्यथाभाव और नित्य स्वभाव का अन्यथा भाव हो नहीं सकता।

१९७–१९८. यदि यह कहा जाय कि स्वयं आत्मा भोग नहीं करता क्योंकि वह अपने स्वरूप को कभी नहीं छोड़ता किन्तु बुद्धि में स्थित अपने प्रतिबिम्ब को ही अपना स्वरूप समझ कर, वह भोग करता सा प्रतीत होता है तो यह भी ठीक नहीं, क्योंकि यदि प्रतिबिम्ब के साथ आत्मा का तादात्म्य है तो आत्मा भी प्रतिबिम्ब के समान अनित्य है और यदि तादात्म्य नहीं है, तो आत्मा भोक्ता नहीं हो सकता।

१ ५. यदि चैतन्य को ही आत्मा कहा जाय तो इसमें हमें कोई विवाद नहीं है। हम तो केवल यही कहते हैं कि उसका नित्यत्व सिद्ध नहीं हो सकता, क्योंकि फिर सब इन्द्रियाँ व्यर्थ हो जाँयगी।

१ और फिर सांख्य के इस कथन से कि 'प्रकृति विविध व्यापार कर सकती है, किन्तु उसका उपभोग करना नहीं जानती' यह बात और क्या अद्भुत बात हो सकती है।

(घ) जैनमत का खण्डन : १११ मीमांसकों के समान जैन भी आत्मा को चिद्रूप तथा द्रव्य और पर्याय के भेद से, एक और अनेक नित्य और अनित्य अविकृत और विकृत मानते हैं।

११७–११८. किन्तु यदि द्रव्य और पर्याय वास्तव में अभिन्न हैं तो द्रव्य को पर्यायों के समान, अनेक अनित्य, विकृत मानना पड़ेगा, और पर्यायों को द्रव्य के समान एक नित्य और अविकृत मानना पड़ेगा।

१२१ यदि द्रव्य और पर्याय वास्तव में भिन्न हैं, तो दोनों साथ साथ आत्मा में नहीं रह सकते। अतः या तो अनित्यत्व ही मानिये या नित्यत्व।

(ङ) उपनिषद्वादियों के मत का खण्डन १२८ यह पाया मौलिक

जगत् नित्य ज्ञान का विवर्त मात्र है और आत्मा नित्य ज्ञान स्वरूप है—ऐसा कुछ लोग मानते हैं।

३२९ बुद्धि-ग्राह्य विषयों की वास्तविक सत्ता नहीं है, अत यह सब दृश्यमान जगत् विज्ञान का परिणाम है।

३३० इन दार्शनिकों के मत में बहुत थोड़ा दोष है, और वह यही है कि ये लोग विज्ञान को नित्य मानते हैं। विज्ञान नित्य नहीं हो सकता क्यों कि रूप, शब्द आदि के विज्ञान में स्पष्ट ही भेद और अनित्यत्व प्रतीत होता है।

३३३ यदि ज्ञान नित्य और एकरस हो, तो सम्यक् और मिथ्या ज्ञान का भेद सिद्ध नहीं होगा, और फिर बन्ध तथा मोक्ष भी सिद्ध नहीं होंगे।

३३५ नित्य और एकरस होने से तत्वज्ञान भी उत्पन्न नहीं होगा, और तब यह सब योगाभ्यास व्यर्थ हो जायगा।

(च) वात्सीपुत्रीय बौद्धमत का खण्डन ३३६ अपने आपको बौद्ध मानने वाले कुछ लोग भी पुद्गल के बहाने आत्मा को मानते हैं और उसे पंच-स्कन्धों से न तो भिन्न मानते हैं और न अभिन्न।

३३८ इन लोगों को समझ लेना चाहिये कि पुद्गल की सत्ता पारमार्थिक नहीं है। सदसदनिर्वचनीय होने के कारण पुद्गल आकाश-कमल के समान हैं।

३३९ वस्तु या तो 'सत्' होगी या 'असत्'। जो सदसद्विलक्षण है, वही अवाच्य है और वही मिथ्या है।

३४७ सत्ता का लक्षण है अर्थक्रियासामर्थ्य और यह क्षणिक पदार्थों में ही है। अत अवाच्य में वस्तुता नहीं हो सकती।

३४८ यदि यह कहो कि स्वयं भगवान् बुद्ध ने पुद्गल के अस्तित्व का प्रतिपादन किया है और इसलिये पुद्गल को न मानने पर आगम-विरोध होता है, तो यह ठीक नहीं, क्यों कि महात्माओं ने (आचार्य वसुबन्धु आदि ने) यह स्पष्ट सिद्ध कर दिया है कि दयावान् भगवान् ने नास्तिक्य का निराकरण करने के लिये पुद्गल का उपदेश दिया है, किन्तु वास्तविक उपदेश पुद्गल नैरात्म्य और धर्म नैरात्म्य है।

स्थिरभाव परीक्षाः ३५७ समस्त संस्कृत पदार्थ अनित्य होने के कारण अपने विनाश की अपेक्षा नहीं रखते—उत्पत्ति के बाद उनका नाश होता ही रहता

है। कोई उनका नाशक हेतु नहीं है, क्योंकि किसी में वह सामर्थ्य नहीं। उनका तो स्वतः ही स्वाभाविक विनाश होता है।

१७५. क्षणस्थायी मात्र को ही विनाश कहते हैं।

१७७ अतः समस्त संस्कृत पदार्थ स्वाभाविक विनाश के कारण नित्य नहीं हो सकते।

१७९ विनाश नामक कोई ऐसी वस्तु नहीं है जिसमें 'वस्तु की उत्पत्ति के अनन्तर होने का गुण' रहता हो; वस्तुओं का क्षणिकत्वस्वभाव ही विनाश कहलाता है और वह वस्तुओं के साथ ही उत्पन्न होता है।

१८० उत्पत्ति के अनन्तर ही नष्ट होने का जो वस्तुओं का स्वरूप है, वही 'क्षण' कहा जाता है, और जिसका वह स्वरूप है, उस वस्तु को 'क्षणिक' कहा जाता है।

१८१. वास्तव में 'क्षण' और 'क्षणिक' में कोई अन्तर नहीं है, क्यों कि कोई ऐसी 'वस्तु' नहीं है जो क्षणिक हो—केवल क्षणसन्तति ही चलती रहती है, फिर भी व्यवहार में 'क्षण' और 'क्षणिक वस्तु'—ये शब्द प्रयोग किये जाते हैं, क्योंकि शब्दों का प्रयोग वक्ता की इच्छा पर निर्भर होता है।

१९१-४ १ उत्पत्ति का अर्थ अर्थक्रियासामर्थ्य है और वह सामर्थ्य क्षणिक वस्तुओं में ही होता है, नित्य में नहीं। यदि पदार्थों को नित्य माना जाय तो जगत् की उत्पत्ति का प्रश्न नहीं उठता, क्योंकि स्थिर पदार्थों में क्रमशः अर्थक्रिया की शक्ति सिद्ध नहीं होती। यदि नित्य पदार्थ के क्रम वाले सहकारी माने जाँय, जिनकी अपेक्षा से नित्य पदार्थ क्रमशः इस कार्य-प्रपञ्च को जन्म दे सकें, तो प्रश्न यह है कि क्या ये सहकारी नित्य वस्तु के अर्थक्रियासामर्थ्य के कारण ही अनन्य नित्यवस्तु से होने वाली अन्य पदार्थों की उत्पत्ति में सहायक होने के कारण सहकारी कहे जाते हैं? यदि इन सहकारियों को नित्य वस्तु के अर्थक्रियासामर्थ्य का कारण माना जाय तो ये स्वयं ही नित्य वस्तु के भी कारण बनेंगे और वह नित्य वस्तु इनके द्वारा ही उत्पन्न होनी चाहिये क्योंकि अर्थक्रियासामर्थ्य इसी में है, और नित्य वस्तु, सदा विद्यमान रहने से, उत्पन्न हो नहीं सकती। अतः यदि ये अतिशय रूप सहकारी उस वस्तु को भी उत्पन्न करते हैं, तो वह वस्तु नित्य नहीं रहती (उत्पन्न होने के कारण अनित्य है), और यदि ये सहकारी उस वस्तु से भिन्न हैं, तो वह वस्तु अन्य पदार्थों की उत्पत्ति का कारण नहीं मानी जा

सकती। फिर अतिशय की सत्ता से पदार्थों की उत्पत्ति और अतिशय के अभाव में अनुत्पत्ति होने से इस अतिशय को ही कारण मानना पड़ेगा, न कि उस नित्य वस्तु को जिसमें यह अतिशय माना जाता है। यदि इस अतिशय के सम्वन्ध के कारण उस नित्य वस्तु को भी कारण माना जाय, तो इनमें सम्वन्ध कौन सा है' तादात्म्य सम्वन्ध तो हो नहीं सकता, अन्यथा पूर्वोक्त दोष आँयगे। अथवा फिर सब कार्यों को एक साथ उत्पन्न होना चाहिये। और यदि ये भिन्न हैं तो, इस अतिशय को नित्य वस्तु से सम्वन्धित करने के लिये एक दूसरा अतिशय चाहिये और इस दूसरे के लिये तीसरा और इस प्रकार अनवस्था दोष आता है। अत इनका कोई सम्वन्ध सिद्ध नहीं हो सकता और सम्वन्ध के अभाव में नित्य वस्तु से कोई कार्य उत्पन्न नहीं हो सकता।

कर्मफल सम्वन्ध परीक्षा ४७९ यदि कर्मों का कर्ता और उनके फलों का भोक्ता एक नित्य आत्मा नहीं हो, तो कृतप्रणाश और अकृताभ्यागम दोष दुर्निवार हैं, अर्थात जिसने कर्म किये थे, वह उनका फल नहीं भोगता और जिसने वे कर्म नहीं किये, वह उनका फल भोगता है।

५०२-५०३ ये शङ्कायें निर्मूल हैं। क्षण सन्तति में कारणक्षण नष्ट होने के पहले ही कार्यक्षण को अपनी शक्ति दे देता है, जैसे बीज, नष्ट होने के पहले ही, अपनी शक्ति अङ्कुर को दे देता है। इसी प्रकार आध्यात्मिक क्षणसन्तति में भी यही होता रहता है। प्रत्येक क्षण में एक सी शक्ति नहीं होती। जिस कारण से जो कार्य उत्पन्न होता है, उसे उत्पन्न करने की शक्ति उस कारण में ही होती है। अत जिस किसी कारण में जिस किसी कार्य को उत्पन्न करने की शक्ति होती है, वह कारण उस शक्ति द्वारा साक्षात् या परम्परा से उस कार्य को उत्पन्न करता है। इसी कारण कर्मों और उनके फलों का सम्बन्ध स्थापित किया जाता है।

५०४ क्षणसन्तति के 'ऐक्य' के कारण 'कर्ता' और 'कर्तृत्व' का व्यवहार होता है। यह सब कल्पना है, वस्तुस्थिति नहीं।

५१२ प्रथम क्षण में उत्पन्न होने वाले और अभी तक अविनष्ट शक्तिमान कारण से द्वितीय क्षण में ही कार्य उत्पन्न होता है।

५१३-५१४ यदि कार्योत्पाद तृतीय क्षण में माना जाय, तो विनष्ट कारण से कार्य की उत्पत्ति माननी पड़ेगी, क्योंकि कारण तो प्रथम क्षण में उत्पन्न हो कर

द्वितीय क्षण में नष्ट हो जाता है। और यदि कार्योत्पाद प्रथम क्षण में माना जाय तो कारण और कार्य दोनों की उत्पत्ति एक साथ माननी पड़ेगी।

५१ –२२१ जो अनन्तरनियम अर्थात् कारणक्षण के अनन्तर ही कार्य-क्षण की उत्पत्ति है वही 'अपेक्षा' कहलाती है। और कारण की सत्ता मात्र ही उसका व्यापार (क्रिया अर्थात् कार्योत्पाद सामर्थ्य) है क्योंकि कारण की सत्तामात्र से ही कार्य की उत्पत्ति होती है।

५४१ जिन लोगों की बुद्धि अभी तक मिथ्या भ्रान्ति के अन्धकार में फँस रही है, वे लोग विज्ञानसन्तान के 'ऐक्य' की मिथ्या कल्पना के कारण अहंकार के अभिमान में पड़ कर क्षणिक विज्ञानों के प्रवाह का साक्षात्कार नहीं कर सकते।

५४८ किन्तु जिन अभिज्ञजनों को तत्त्व-साक्षात्कार हो गया है, वे प्रतिक्षण विध्वंसी विज्ञानों के सन्तान-नियम को जान कर शुभ कर्म किया करते हैं।

५४४ अविद्या-संस्कार आदि कारण-कार्य-संबन्धरूपी प्रतीत्यसमुत्पाद-भाव ही बन्ध है; और उसका विरोध हो कर विशुद्ध विज्ञान-सन्तति का प्रवाहित होना ही मोक्ष है।

द्रव्यपरीक्षा—५५१ हम पहले ही सारी वस्तुओं के क्षणिकत्व का प्रतिपादन करके नित्य परमाणुओं का खण्डन कर चुके हैं।

५५९ अतः परमाणुओं के संयोग से निर्मित किसी अवयवी पदार्थ की सत्ता भी प्रमाणहीन होने से सिद्ध नहीं हो सकती।

नित्य केवल द्रव्य रूपी आत्मा का खण्डन भी पहले किया जा चुका है।

गुणपरीक्षा—६१४ द्रव्यों के प्रतिषेध से उन पर आश्रित गुण कर्म आदि भी निरस्त हो जाते हैं।

कर्मपरीक्षा—६६२ भावों के क्षणिक होने के कारण उत्क्षेपण, अपक्षेपण आकुंचन प्रसारण और गमन नामक पाँच प्रकार के कर्म भी असम्भव हैं, क्यों कि जहाँ वे उत्पन्न होते हैं वहीं से विनष्ट हो जाते हैं।

[illegible] गमन का भ्रान्ति भी कल्पित है क्योंकि प्रदीप-शिखाओं के समान यह उत्पन्न, किन्तु भिन्न और क्षणविध्वंसी, क्षणों की धारा है। यह उन्तोलन की कल्पना मिथ्या है, क्यों कि क्षणों को गमन का अवकाश ही नहीं है।

सामान्य परीक्षा—[illegible] द्रव्य गुण और कर्म के प्रतिषेध से सामान्य को भी निषिद्ध समझना चाहिये क्योंकि सामान्य इन्हीं तीन पदार्थों पर आश्रित है।

७२८ भारवहन, दुग्ध-दोहन आदि के उपयुक्त पदार्थों के विषय में 'गो' आदि संकेतित शब्दों का व्यवहार किया जाता है, अत 'गोत्व' रूपी सामान्य कल्पना मात्र ही है।

७३४ सत् तो स्वलक्षण है। यह परमार्थ क्षण है। शब्दों और बुद्धि के विकल्पों की पहुच स्वलक्षण तक नहीं है।

विशेष परीक्षाः—८१३ नित्य द्रव्यों में रहने वाले जिन 'विशेषों' की कल्पना की गई है, वे भी, नित्य द्रव्यों के अभाव में, असिद्ध ही हैं। वे केवल क्षण हैं।

समवायपरीक्षाः—८३५ यदि सब पदार्थों में एक ही समवाय हो, तो घट-कपालों के विषय में भी पटादिरूप ज्ञान होना चाहिये।

८५७–८५८ समवाय के नित्य होने से समवायी पदार्थों को भी नित्य होना चाहिये किन्तु ऐसा नहीं होता। संयुक्त पदार्थों के अभाव में जैसे सयोग नहीं रहता और संयोग के अभाव में संयुक्त पदार्थ नहीं रहते, वैसे ही समवाय के अभाव में समवायी और समवायी पदार्थों के अभाव में समवाय भी नहीं रहना, चाहिये। समवाय और सयोग दोनों सम्बन्ध ही हैं अतः एक को नित्य और पदार्थ तथा दूसरे को अनित्य और गुण मानना ठीक नहीं।

शब्दार्थपरीक्षा.—८७० पदार्थों का स्वभाव ही ऐसा है कि वह शब्दों की पकड़ में नहीं आते। अत जो जो शब्द जिस जिस विषय की ओर संकेत करते हैं, वह विषय वास्तव में विद्यमान नहीं है वास्तविक विषय तो स्वलक्षण हैं, और स्वलक्षण तक शब्दों की गति नहीं।

१००४ अपोह दो प्रकार का है—पर्युदास और निषेध। पर्युदास भी दो प्रकार का है—बुद्ध्यात्म और अर्थात्म।

१०११ इनमें से पहला अपोह (पर्युदास) शब्दों द्वारा प्रतिपाद्य है, क्योंकि शब्दजन्य बुद्धि बाह्य अर्थ को ग्रहण करती है।

१०१२ शब्दजन्य बुद्धि अपने ही प्रतिबिम्ब को अर्थ समझ कर ग्रहण करती है। इस प्रकार यह कारण-कार्यरूपी वाच्य-वाचक भाव उत्पन्न होता है।

१०१३ यह पर्युदास अपोह का साक्षात् आकार है। निषेध रूपी अपोह की प्रतीति साक्षात् न होकर सामर्थ्यवश होती है।

१०४७ इन निषेधरूपी अपोहों का वाह्य रूप कल्पित है, वास्तविक नहीं, क्योंकि वस्तुत भेद और अभेद वस्तु में ही रहते हैं।

बहिरर्थपरीक्षाः—१९९९ चाहे ज्ञान निराकार हो, चाहे साकार, चाहे अन्याकार, किन्तु वह कभी भी बाह्य अर्थ को नहीं जानता।

२००० जब विज्ञान उत्पन्न होता है, तब वह जडरूप से भिन्न होकर ही उत्पन्न होता है। उसकी यह अजडरूपता ही स्वसंवेदन कहलाती है।

२००२ ज्ञान के चैतन्य रूप होने से उसका स्वसंवेदन युक्त है। अतः बाह्य अर्थ का संवेदन कैसे हो सकता है?

२०८२ विज्ञानत्व और प्रकाशत्व एक ही है, क्योंकि विज्ञान स्वप्रकाश है। 'ग्राह्य' विषय कभी स्वप्रकाश नहीं हो सकता। अतः व्याप्ति ठीक है। तथाकथित बाह्य पदार्थ वास्तव में विज्ञान का ही ग्राह्यभाग है।

२०८३ हम शक्ति के अनन्तर ग्राह्यांश का ज्ञान होने पर विषय की स्थिति को तात्विक नहीं मानते, अतः हम 'विज्ञान ही तत्व है' इसका प्रमाण से समर्थन करते हैं।

२०८४ बुद्धिमान् आचार्य (वसुबन्धु) ने विज्ञप्तिमात्रतासिद्धि स्पष्ट रूप से की है। हम भी परमार्थ के चिन्तन में उसी मार्ग पर चल रहे हैं।

श्रुतिपरीक्षा—२३७४ वेद स्वयं ही अपना अर्थ प्रकट नहीं करता। जैसे अन्धा चलने के लिये लकड़ी की अपेक्षा रखता है, वैसे ही वेद भी पुरुषों की व्याख्या की अपेक्षा रखता है।

२४०० यदि वेदों को प्रमाण मानने की आप लोगों की तीव्र उत्कण्ठा है, तो उन्हें निर्दोष कर्ता द्वारा रचित सिद्ध करने का प्रयत्न कीजिये।

२४०२ प्रज्ञा, कृपा आदि से युक्त पुरुषों के युक्तियुक्त आप्तवचन यथार्थ ज्ञान के हेतु होते हैं।

२४३९ अनुमान वस्तु पर आश्रित होता है, अतः केवल शब्द से या शब्द-जन्य ज्ञान से यथार्थ अनुमान का बाध नहीं हो सकता।

२४४६ मिथ्यानुराग के कारण उत्पन्न वेदाभ्यास से जड बने हुये लोगों को यदि मिथ्यात्व के हेतु का पता न चले तो कोई आश्चर्य नहीं।

३२२३ यदि वेद-प्रामाण्य सिद्ध करना चाहते हैं, तो अतीन्द्रिय पदार्थों को देखने वाला, समस्त अज्ञानान्धकार को निरस्त कर देने वाला, वेदों के अर्थ और विभाग का ज्ञाता कोई वेद-रचयिता स्वीकार करना पड़ेगा।

अतीन्द्रियदर्शिपुरुषपरीक्षा—३२०९ ब्राह्मण कहते हैं कि कहाँ तो ब्रह्मा, विष्णु और महेश नामक तीन सर्वोत्तम देव और कहाँ बुद्ध आदि मरणशील

धर्मकीर्ति, प्रकृतिप्रभास्वर चित्त के विषय में, देव से निर्मित प्रज्ञावाला पुरुष कभी अन्यथाज्ञान नहीं कर सकता।

३५४०. यही वह सारी सम्पत्ति प्रदान करनेवाला परम तत्त्व है जिसका सत्यवादी भगवान् बुद्ध ने उपदेश दिया है। इस तत्त्व को विष्णु आदि ने नहीं समझा है।

३५६९ सदा लोककल्याण करने में तत्पर, दयामूर्ति भगवान् बुद्ध ने, समस्त प्राणियों के निःस्वार्थ बन्धु होने के कारण, सभी लोगों को इस परमपद का उपदेश दिया है।

३५७३. भगवान् को विवाह—गौना आदि सम्बन्ध तो करना नहीं था, कि वे अपने सम्बन्धियों को ही उपदेश देते, वे तो सभी लोगों के कल्याण की दृष्टि से उपदेश देते थे। आप लोगों की 'गीता' में भी तो ठीक ही कहा है कि—

३५७४ 'विद्या और विनय से सम्पन्न ब्राह्मण में, गाय में, हाथी में, कुत्ते में और चाण्डाल में—सब में पण्डितों को समदृष्टि रखना चाहिये।'

३५७५ बहुत समय बीत गया है, स्त्रियाँ स्वभाव से ही चपल होती हैं, अतः जाति का अहंकार शोभा नहीं देता। जाति का सैकड़ों बार निराकरण हो चुका है।

३५८२ आप लोगों के गुरुओं ने यह समझ कर ही कि ब्राह्मण लोग वेदजड हैं और युक्तियों की परीक्षा नहीं कर सकते, ब्राह्मणों को ही वेदादि का उपदेश दिया है।

३५८६–३५८८ किन्तु भगवान् बुद्ध, अपने उपदेशों को युक्तियुक्त समझ कर और स्वयं उन उपदेशों को सप्रमाण लोगों के सम्मुख सिद्ध करने की तथा अन्धविश्वासी अबौद्धरूपी मस्त हाथियों का प्रमाण-मद उतार देने की शक्ति समझकर, निर्भय हो कर इस प्रकार सिंह-नाद करते हैं—'हे भिक्षुओं! जिस प्रकार लोग सोने को अग्नि में तपा कर और अच्छी तरह ठोक पीट कर तथा कसौटी में कस कर खरा मानते हैं, उसी प्रकार आप लोग मेरे वचनों को ज्ञानाग्नि में तपाकर, उनकी सांगोपांग परीक्षा कर के तथा उसे बुद्धि की कसौटी में कस कर स्वीकार करना, केवल मेरे प्रति आदर और श्रद्धा के कारण ही उन्हें सत्य मत मान लेना।'